


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## बिहार चुनाव

कुल सीट- 243


बहुमत- 122

| | |
|---|---|
| एनडीए | 203 |
| महागठबंधन | 34 |
| अन्य+ | 06 |

### ये दिग्गज जीते

| | |
|---|---|
| राघोपुर | मोकामा |
| तेजस्वी यादव  जीते | अनंत कुमार  जीते |
| तारापुर | अलीनगर |
| सम्राट चौधरी  जीते | मैथिली ठाकुर  जीतीं |
| लखीसराय | रघुनाथपुर |
| विजय कुमार सिन्हा  जीते | ओसामा साहब  जीते |

### ये दिग्गज हारे

| | |
|---|---|
| महुआ | छपरा |
| तेज प्रताप यादव  हारे | खेसारीलाल यादव  हारे |
| चनपटिया | दरभंगा |
| मनीष कश्यप  हारे | पुष्पम प्रिया  हारीं |
| कुम्हरार | दीघा |
| केसी सिन्हा  हारे | दिव्या गौतम  हारीं |

मप्र-महाराष्ट्र के बाद अब बिहार....डेढ़ करोड़ महिलाओं को 10 हजार मानधन देना बना बड़ा गेमचेंजर...वे बनी खेवनहार....पहुंचा दिया 200 पार....तेजस्वी के 30 हजार के वादे पर भारी पड़े ये 10 हजार

### 5 कारण, जिनसे जीता एनडीए

1 भाजपा व जेडीयू ने परिवारवाद, जंगलराज व करप्शन का मुद्दा उठाया, वह असर कर गया है

2 सामाजिक न्याय के तहत डेढ़ करोड़ महिलाओं को बांटे गए 10 हजार मानधन ने बदला माहौल

3 पीएम मोदी का प्रभाव व उपस्थिति ने जीत का वातावरण बना दिया, उन्होंने महिलाओं से कहा कि आपके दो भाई- मैं व नीतिश

4 वोटरों ने नीतीश के नेतृत्व व सुशासन पर भरोसा जताया। उनकी बेदाग छवि बनी एक बड़ा फैक्टर। सत्ता विरोधी छवि नहीं बन सकी

5 चिराग पासवान ने भी झोंकी ताकत, बंपर मतदान भी जीत का बड़ा कारण रहा

राहुल व तेजस्वी का वोट चोरी का मुद्दा फेल...एनडीए का जंगलराज का मुद्दा छा गया... इस बार जाति राजनाति नहीं चली, विकास व सुशासन पर वोट पड़े एमवाई (मुस्लिम-यादव) की जगह भाजपा का चला एमवाई (महिला-युवा) फैक्टर, एनडीए को 2020 के मुकाबले 70 से ज्यादा सीटों का फायदा

## 2010 के बाद एनडीए की सबसे बड़ी विजय...देश बोला- ई त गजब हो गईल

# एनडीए ने 'गर्दा उड़ा दिया'

203 / 243

- भाजपा अब सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी
- जनता दल यूनाइटेड दूसरा सबसे बड़ा दल
- तेजस्वी का राजद व राहुल की कांग्रेस पानी मांग गई, तेजस्वी को तो खुद ही जीत के लाले पड़ गए
- राहुल की वोटर अधिकार यात्रा व तेजस्वी की बिहार अधिकार यात्रा फ्लॉप
- प्रशांत किशोर की 'जनसुराज' पार्टी का डिब्बा गोल, खाता ही नहीं खुला

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

बिहार चुनाव को लेकर आए एग्जिट पोल लगभग सही साबित हुए। नतीजों में तेजस्वी व राहुल के महागठबंधन की जबरदस्त दुर्दशा हुई। वहीं, भाजपा व जेडीयू ने जबरदस्त जीत दर्ज की। एक तरह से यह एनडीए की ऐतिहासिक जीत थी तो महागठबंधन की ऐतिहासिक हार। मतदाताओं ने ऐसी नमो सुनामी चलाई कि राहुल-तेजस्वी और यहां तक जनसुराज के प्रशांत किशोर तक को कोई ठौर नहीं मिला। इस जीत में साफ फर्क नजर आया कि एनडीए ने वोटर्स के लिए काम किया और महागठबंधन ने वोट के लिए।

नतीजों पर वोट चोरी के मुद्दे ने उल्टा ही असर डाल दिया। जबकि, एनडीए के विकास और सुशासन के नारे ने राज्य में जाति की राजनीति की धज्जियां उड़ा दीं। यह पहली बार ही हुआ कि वोटर्स ने जाति नहीं, विकास देखा। सुशासन देखा। एनडीए की जीत में महिलाओं ने एक नया मुहावरा रच दिया। डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए मानधन के डाले गए और सारा का सारा खेल एकतरफा हो गया। वादा तो तेजस्वी ने भी 30-30 हजार रुपए डालने का किया था पर मतदाताओं ने उनके वादे पर यकीन नहीं किया। उनसे पूछा गया कि इतना पैसा लाएंगे कहां से? वे हर घर से एक सदस्य को नौकरी देंगे कहां से? यानी, मप्र और फिर महाराष्ट्र के बाद महिलाओं ने बिहार में एनडीए को जबरदस्त जीत का तोहफा दिया। फिर, लालू परिवार और राजद को जंगलराज व करप्शन का मुद्दा भी भारी पड़ गया। वे इस मुद्दे की काट नहीं ढूंढ पाए जबकि भाजपा व नीतीश ने इसे तार्किक परिणिति पर पहुंचा दिया।





पटना भाजपा कार्यालय के बाहर जीत का जश्न

## पीएम मोदी ने कहा कि ये प्रचंड जीत, ये अटूट विश्वास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एनडीए की बड़ी जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। पीएम मोदी ने कहा कि ये प्रचंड जीत, ये अटूट विश्वास बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। हम एनडीए के लोग, हम तो जनता जनार्दन के सेवक हैं। हम अपनी मेहनत से जनता का दिल खुश करते रहते हैं, और हम तो जनता जनार्दन का दिल चुरा कर बैठे हुए हैं, इसलिए आज बिहार ने बता दिया है-फिर एक बाद एनडीए सरकार। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार का भी जिक्र किया और जोर देकर कहा कि उन्होंने अच्छा शासन दिया।



### 5 कारण, जिनसे हारा महागठबंधन

1. राहुल का वोट चोरी का न एटम बम चला न हाइड्रोजन बम, चुनाव आयोग की छवि खराब करना बना बड़ी फांस
2. नामांकन की आखिरी तारीख तक महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की स्थिति साफ नहीं थी, वह बिखरा रहा
3. राहुल नहीं चाहते थे कि तेजस्वी सीएम फेस बनें क्योंकि एनडीए के जंगलराज के मुद्दे को इससे ज्यादा हवा मिली
4. राहुल ने तेजस्वी से हाथ मिलाने का खमियाजा भुगता या तेजस्वी ने कांग्रेस से दोस्ती की कीमत चुकाई, या ये दोनों फैक्टर प्रभावी रहे
5. तेजस्वी ने हर घर से एक को नौकरी व महिलाओं को 30 हजार देने का वादा किया, पर वोटरों को यह विश्वसनीय नहीं लगा



परिणाम को लेकर राहुल गांधी की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई

## बिहार और आगे बढ़ेगा : नीतीश

सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा कि बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद। गठबंधन के सभी साथियों चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को भी धन्यवाद एवं आभार। आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा और बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।



16 अक्टूबर से शुरू कर दिया था बिहार में चुनाव प्रचार

## 84% रहा सीएम डॉ. यादव का स्ट्राइक रेट, 25 में से 21 सीटें जीतीं



इंदौर के गोपाल मंदिर में सीएम ने माथा टेका और कार्यकर्ताओं को खिलाए लड्डू

### कुल 28 सभाएं लीं और रोड शो किए | 9 नवंबर को ली थी अंतिम सभा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बिहार को लेकर जो उम्मीद की थी, उसमें वे पूरी तरह से खरे उतरे। उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव में यादव बाहुल्य सीटों में यदुवंशियों को जोड़ने की जवाबदारी सौंपी गई थी। यह अपेक्षा पूरी करने में वे काफी हद तक सफल रहे। डॉ. यादव ने बिहार चुनाव में 25 विधानसभा सीटों पर प्रचार किया था। इन सीटों पर उनका स्ट्राइक रेट 84 फीसदी रहा। 25 में से 21 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार जीतने में सफल रहे। उन्होंने 16 अक्टूबर से प्रचार शुरू किया था और आखिरी सभा उन्होंने 9 नवंबर को ली थी। डॉ. यादव ने लगभग आधे बिहार में 28 सभाएं और रोड शो किए। जिन सीटों पर उन्होंने प्रचार किया, उनमें से अधिकांश में भाजपा और उसके सहयोगी दल ने जीत दर्ज की।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लहर: डॉ. यादव


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनडीए की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस ने राजद को डुबाने का काम किया है। देश ने प्रधानमंत्री मोदी की विकासपरक राजनीति वर्ष 2014 से देखी है। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के बाद बिहार के परिणाम यह बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए की लहर चल रही है। कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की कुव्यवस्था से जनता का मन टूट चुका है।

## कौन बनेगा सीएम?

### बिहार के नतीजे ने बताया 'देश का मूड'

## 'विकसित बिहार' में विश्वास रखने वालों की जीत : शाह

एनडीए की प्रचंड जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये विकसित बिहार में विश्वास रखने वालों की जीत है। ये पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस है। शाह ने कहा कि ज्ञान, परिश्रम और लोकतंत्र की रक्षक 'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है। बिहारवासियों का एक-एक वोट भारत की सुरक्षा और संसाधनों से खेलने वाले घुसपैठियों और उनके हितैषियों के खिलाफ मोदी सरकार की नीति में विश्वास का प्रतीक है। वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बचाने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है।



### बिहार भाजपा प्रभारी के बयान ने बढ़ाई अटकलें

## क्या नीतीश कुमार नहीं बनेंगे मुख्यमंत्री?

एनडीए की तरफ से कौन मुख्यमंत्री बनेगा? बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े से जब सवाल किया गया कि एनडीए की तरफ से बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल के जवाब में तावड़े ने कहा कि समय पर सब पता चल जाएगा। तावड़े के इस बयान ने अटकलें और कयासों को बल दे दिया है कि क्या नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। और भाजपा अपना कोई नेता सीएम फेस के लिए आगे करेगा। तावड़े ने कहा कि हमने बिहार का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा है। सीएम कौन होगा इसका फैसला पांचों पक्ष मिलकर तय करेंगे।



### महागठबंधन के सहयोगी दलों की ऐसी दुर्गति

## जिन्हें डिप्टी सीएम बनना था उनका खाता भी नहीं खुला

मुकेश सहनी ने साल 2018 में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) का गठन किया था। यह पार्टी निषाद-मल्लाह समुदाय के हितों की पैरोकार होने का दावा करती है। बिहार में इस समुदाय की कुल आबादी महज 2.6 प्रतिशत ही है। मुकेश सहनी महागठबंधन के डिप्टी सीएम पद के चेहरे थे, लेकिन उनकी पार्टी के खराब प्रदर्शन ने उनकी राजनीतिक संभावनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। वीआईपी को मिली सीटों में से पांच पर तो उसे महागठबंधन की सहयोगी पार्टियों सीपीआई, सीपीआईएमएल, कांग्रेस और राजद के उम्मीदवारों की ही चुनौती का सामना करना पड़ा।



## बिहार ने इस चुनाव में 'परिवर्तन' नहीं, बल्कि 'स्थिरता' को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार

### सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही

# लालू कहा कहते थे- राज करब त ठोक के करब...ये नतीजा बताता है कि बिहार अब ऐसी सामंती सोच से बाहर आ चुका है



राजेश रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, पटना

### एनडीए ने अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बनाया

एक्सपर्ट व्यू

बिहार चुनाव के नतीजों ने इस आकलन को सही साबित कर दिया कि महागठबंधन का कमजोर प्रदर्शन किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं है। सही मायनों में कहें तो यह महीनों से बन रहे उन राजनीतिक संकेतों का निष्कर्ष था, जिनसे उनकी हार साफ झलक रही थी। चुनाव अभियान के दौरान महागठबंधन न केवल रणनीतिक एकजुटता बनाने में विफल रहा, बल्कि जनता के बीच एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में भी खुद को प्रस्तुत नहीं कर पाया। महागठबंधन की रणनीतिक बिखराव, नेतृत्व की अस्पष्टता, जमीन पर कमजोर संगठन और जनता से टकराव में पड़ती चुनावी भाषा ने उसके अभियान को लगातार कमजोर किया। दूसरी ओर एनडीए ने मुद्दों की स्पष्टता, नेतृत्व की विश्वसनीयता और संगठित चुनावी ढांचे के सहारे एक अपेक्षाकृत सहज जीत दर्ज की। बिहार ने इस चुनाव में परिवर्तन नहीं, बल्कि स्थिरता को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार है।

सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही। कांग्रेस और राजद के बीच तालमेल शुरुआत से ही डगमगाता दिखा। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद तेजस्वी यादव का अलग यात्रा निकालना इस दरार को और स्पष्ट करता है। टिकट बंटवारे से लेकर संयुक्त सभाओं तक, हर स्तर पर समन्वय की कमी खुलकर सामने आई। तेजस्वी यादव का खुद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का दबाव और कांग्रेस की मजबूरी में इसे स्वीकार करना रणनीतिक तालमेल से अधिक भीतर की उलझनों को उजागर करता है। स्थिति तब और जटिल हुई जब वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने खुद को डिप्टी सीएम फेस बताने की कोशिश की, जिससे गठबंधन की एकजुटता पर और सवाल खड़े हुए।

### नीतीश की विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक 'स्थिर स्तंभ' बनी

एनडीए की चुनावी मशीनरी बेहद संगठित, केंद्रित और आक्रामक दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक, शीर्ष नेतृत्व ने जंगलराज, आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ और स्थिर शासन जैसे मुद्दों को फिर से धारदार बनाया। शाह की बिहार में निरंतर मौजूदगी, सीट-वार समीकरणों की प्रत्यक्ष निगरानी और असंतुष्ट नेताओं से व्यक्तिगत संवाद, इन सभी ने एनडीए को बढ़त दिलाई। एनडीए ने न केवल अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, बल्कि जमीनी स्तर के संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बना दिया। महागठबंधन की कथा मतदाताओं से जुड़ नहीं पाई।



देश के
सबसे बड़े जनजातीय बहुल
राज्य होने का
हमें गर्व है

राज्य स्तरीय
जनजातीय
गौरव दिवस समारोह

जनजातीय महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सम्मान स्वरूप प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं विकासखंड मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायतों में आयोजन





प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
मुख्य अतिथि
(वर्चुअल माध्यम से)

मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



15 नवम्बर 2025
प्रातः 10:00 बजे- आलीराजपुर
अपराह्न 1:00 बजे - जबलपुर

डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश

सशक्त होता
जनजातीय समाज

आर्थिक सशक्तिकरण

- जनजाति विकास के लिए ₹ 47,296 करोड़ का बजट प्रावधान
- पेसा कानून से जल, जंगल, जमीन पर अधिकार मजबूत
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक ₹ 3000 से बढ़कर ₹ 4000 प्रति बोरा
- 1,069 वनोपज समितियों से जुड़े 41 लाख संग्राहक
- वन अधिकार अधिनियम में 2.89 लाख व्यक्तिगत और 28,754 सामुदायिक दावे स्वीकृत

धरती आबा एवं पीएम जनमन – बेहतर होता जीवन

- ₹ 500 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण
- 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स संचालित
- 18,000 से अधिक पीवीटीजी घरों का विद्युतीकरण
- 126 वन-धन केंद्र स्थापित, 83 नए स्वीकृत
- एक हेक्टेयर तक के भूमिधारकों को 5HP तक के पंप पर निःशुल्क बिजली

शिक्षा और अवसर

- 40 लाख से अधिक छात्रों को ₹ 1,566 करोड़ की छात्रवृत्ति
- ₹ 12,000 वार्षिक राष्ट्रीय माध्यमिक मेधा छात्रवृत्ति
- 210 नए जनजातीय छात्रावास और 3 एकलव्य पॉलीटेक्निक कॉलेज स्वीकृत
- 'आकांक्षा' योजना से NEET, JEE, CLAT की कोचिंग सुविधा
- राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश पर ₹ 50,000 प्रोत्साहन राशि
- विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति
- सिविल सेवा परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि

रोज़गार और आत्मनिर्भरता

- 18,000 से अधिक जनजातीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण
- भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोज़गार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना से 9,000 युवाओं को ₹ 418 करोड़ की स्व-रोज़गार ऋण सहायता
- रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में 115 प्रशिक्षणार्थियों का प्रवेश

स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सिकल सेल मिशन से 1.17 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग
- बैगा, सहरिया, भारिया बहनों को ₹ 1,500 प्रतिमाह आहार अनुदान

विरासत से विकास तक

- रानी दुर्गावती एवं राजा भभूत सिंह की स्मृति में कैबिनेट बैठकें
- जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल फ्लाय-ओवर रानी दुर्गावती के नाम पर
- पचमढ़ी अभयारण्य राजा भभूत सिंह के नाम पर
- छिंदवाड़ा में श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर में राजा शंकर शाह तथा रघुनाथ शाह संग्रहालय का लोकार्पण
- सीधी-सिंगरौली में बनेगा बैगा विकास प्राधिकरण
- भगोरिया महोत्सव को मिला राजकीय उत्सव का दर्जा
- शहडोल, धार, खंडवा एवं मंडला में ट्राइबल मार्ट की स्थापना

D-11141/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




बिहार में एनडीए की जीत के बाद दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन पर पुष्प वर्षा की गई।

**बिहार चुनाव में जीत का जश्न दिल्ली में...** पीएम शाम को पहुंचे भाजपा कार्यालय कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया, इस दौरान सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराया

## जनता ने जंगलराज वालों का एमवाई फॉर्मूला ध्वस्त किया

## बिहार की जीत ने नया सकारात्मक एमवाई फॉर्मूला दिया है और वो है महिला और युवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम को बिहार में एनडीए की जीत पर कहा कि बिहार में कुछ दलों ने एमवाय तुष्टिकरण का फॉर्मूला बनाया था, लेकिन आज की जीत ने एक नया सकारात्मक एमवाय फॉर्मूला दिया है और वो है महिला और युवा।



प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को मिठाई खिलाते हुए सांसद वीडी शर्मा।

*ढोल की थाप पर नाचे कार्यकर्ता*

### मप्र में जश्न, प्रदेश भर में आतिशबाजी

भोपाल। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर मध्यप्रदेश भाजपा में जश्न का माहौल है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता ने पहुंचकर जीत का जश्न मनाया। प्रदेशभर में आतिशबाजी हुई और मिठाइयां बांटी जा रही हैं।

## सीएम ने मोरतलाई में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का किया लोकार्पण

# मप्र जनजातियों का 'अपना घर' जनजातियां हमारी मुकुट मणियां

अबुआ दिशुम-अबुआ राज यानी हमारी धरती, हमारा राज

सीएम ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस वह शंखनाद है, जिसने नई पीढ़ी को वीर जननायकों के बलिदान, शौर्य और साहस से परिचित कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र जनजातियों का अपना घर है, जिसे ट्राइबल स्टेट भी कहा जाता है। यह उपमा ही हमारे अस्तित्व का सबसे बड़ा अभिनंदन है। जनजातियां, हमारी मुकुट मणियां हैं, यह प्रत्येक मध्यप्रदेशवासी के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है। अबुआ दिशुम-अबुआ राज यानी हमारी धरती, हमारा राज। हमारी धरती और संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसी पहचान का उत्सव हम सब बड़वानी में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को बड़वानी जिले की पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोरतलाई में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस वह शंखनाद है, जिसने नई पीढ़ी को वीर जननायकों के बलिदान, शौर्य और साहस से परिचित कराया है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर) की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती भव्य स्वरूप में मनाई जा रही है।

**पानसेमल में बनेगा रेस्ट हाउस और हाई सेकंडरी स्कूल एसडीओपी कार्यालय भी खुलेगा**

*पूरे प्रदेश में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती भव्य स्वरूप में मनाई जा रही*



सीएम डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

### 133 करोड़ की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम मोरतलाई में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की भव्य आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया। साथ ही बड़वानी जिले के लिए 133 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 6 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 5 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर पानसेमल और बारला में उदवहन सिंचाई परियोजना के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि अब क्षेत्र के सभी 51 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।*

### बड़वानी आते ही मन जनजातीय रंग में रंग गया

-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे जनजातीय भाई-बहनों ने सदैव अपनी माटी और अपनी संस्कृति के लिए जी-जान एक किया है। राजा भभूत सिंह से लेकर रानी अवंतिबाई तक अनेक जनजातीय नायकों की कहानी हमें आश्चर्य से भर देती है। उन्होंने कहा कि बड़वानी आते ही मन जनजातीय रंग में रंग गया है। मैं वीरों की भूमि बड़वानी की माटी से तिलक करता हूं, क्योंकि इस मिट्टी के कण-कण में रण है। यहां की मिट्टी ने भीमा नायक, खाज्या नायक और वीर बिरजू नायक जैसे अमर बलिदानियों को जन्म दिया। इन वीरों ने अपने पराक्रम से अंग्रेजों को छठी का दूध याद दिला दिया।



ग्राम मोरतलाई में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव

## पत्नी और 3 बच्चों की हत्या कर दी जान

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में पति ने पहले पत्नी और तीन बच्चों की हत्या की, फिर खुद भी जान दे दी। पत्नी और बच्चों की लाशें बिस्तर पर थीं, जबकि पति का शव फंदे पर लटक रहा था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सुबह जब पांचों सोकर नहीं उठे, तो घरवाले उन्हें जगाने पहुंचे। खिड़की से झांककर देखा तो पत्नी और बच्चों की लाश बेड़ पर पड़ी थीं। फिर दरवाजा तोड़कर परिवार वाले अंदर गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पति के शव को फंदे से उतारा। पांचों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पति ने पत्नी और बच्चों को गला घोंटकर मारा है।



### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा

## कार की स्पीड थी 150 किमी खाई में जा गिरी, 5 की मौत

**शादी से लौट रहे थे, ड्राइवर को लग गई थी झपकी**



खाई में गिरी हुई तेज रफ्तार कार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

रतलाम में एक कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें 15 साल का बच्चा और 60 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

दुर्घटना रतलाम जिले के रावटी थाना अंतर्गत भीमपुरा गांव के पास माही नदी ब्रिज के पहले हुआ। सुबह करीब साढ़े 7 बजे महिंद्रा एक्सयूवी (एमएच03ईएल1388) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रैलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। पुलिस के मुताबिक हादसा ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुआ। कार सवार चार लोग मुंबई जबकि एक गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है। वे दिल्ली से मुंबई जा रहे थे। सभी शवों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में रखा गया है।

### चेन्नई के पास भारतीय वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश

## बाल-बाल बचे पायलट, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश जारी

**पायलट ने खुद को सुरक्षित बाहर निकाला**

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के तंबरम में शुक्रवार दोपहर भारतीय वायुसेना का पिलेटस पीसी-7 एमके-2 ट्रेनर विमान एक ट्रेनिंग मिशन के दौरान हादसे का शिकार हो गया।


करीब 2 बजे हुए इस क्रैश में पायलट ने बहादुरी दिखाते हुए खुद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। वायुसेना ने घटना के तुरंत बाद कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश जारी कर जांच शुरू कर दी है। विमान ने दोपहर करीब 1:45 बजे तंबरम एयर स्टेशन से नियमित ट्रेनिंग सोर्टी के लिए उड़ान भरी थी। पायलट बेसिक फ्लाइंग प्रशिक्षण पूरा कर रहे थे जब अचानक विमान में संभावित तकनीकी खराबी आ गई।



हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त पीसी-7 एमके-2 ट्रेनर विमान

### अभिनेत्री कामिनी कौशल का निधन

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल 98 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गईं। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल 40 के दशक की सबसे कामयाब एक्ट्रेसेस में शामिल थीं। बॉक्स ऑफिस इंडिया की लिस्ट में 1947 और 1948 में वो टॉप एक्ट्रेस रही हैं। 2022 में आउटलुक इंडिया की 75 बेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस शामिल किया गया था।




Indian handicrafts हस्तशिल्प continuing tradition
Development Commissioner (Handicrafts) Ministry of Textiles, Govt. of India
2025 International Year of Cooperatives

**गाँधी शिल्प बाजार**

दिनांक- 10 नवम्बर से 19 नवम्बर 2025 तक
समय - दोप. 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान- एमएलबी (MLB) स्कूल ग्राउण्ड, जबलपुर (म.प्र.)

संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा

आपके शहर में विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्क्स, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ आप एक बार पधारकर शिल्पियों का उत्साहवर्धन अवश्य करें।



70 स्टॉल्स

प्रायोजक : कार्यालय विकास आयुक्त (ह.) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली www.handicrafts.nic.in

आयोजक : मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल


### दिल्ली बम धमाका मामला

## पुलवामा में रातों-रात आतंकी उमर नबी का मकान धराशायी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए धमाके के मामले में आतंकी डॉ. उमर नबी के पुलवामा स्थित घर को सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया है। यह कार्रवाई 13-14 नवंबर की दरमियानी रात पुलवामा के कोईल इलाके में की गई, जहां घर को विस्फोटक सामग्री का उपयोग करके गिराया गया। धमाके में इस्तेमाल की गई आई20 कार, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक रखा गया था, जिसे उमर नबी ही चला रहा था। जांच एजेंसियों ने उमर की पहचान घटनास्थल से मिले डीएनए नमूने उसकी मां के डीएनए से मैच होने के बाद पक्की की। जांच में सामने आया है कि पाकिस्तानी हैंडलर आतंकी डॉ. उमर को पल-पल की अपडेट दे रहा था। मुजम्मिल की गिरफ्तारी के बाद हैंडलर ने डॉ. उमर को कहा कि तुम यहां से जल्दी निकलो। पाकिस्तानी हैंडलर ने उमर को मेवात समेत आस-पास के इलाके में छिपने के ठिकाने बताए। इस दौरान पाकिस्तानी हैंडलर ने ही डॉ. उमर की मदद के लिए अन्य लोगों को भी काम पर लगाया। आतंकी डॉ. उमर के साथ जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद (जीयूएच) से जुड़े तीन आतंकी 2022 में तुर्किये गए थे।




15 हजार 896 करोड़ रुपए का निवेश और 64 हजार से अधिक के रोजगार, 22 नई इकाइयों का लोकार्पण, 4 प्रमुख परियोजनाओं का भूमिपूजन किया

### इंदौर में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों ने निवेश के प्रति जताई रुचि

# शीघ्र लागू होगी स्पेस टेक पॉलिसी-2025 मप्र भरेगा नई उड़ान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



कॉन्क्लेव में निवेशकों को संबोधित करते सीएम डॉ. यादव।

- इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर स्थापित होंगी इकाइयां
- एआई-संचालित ड्रोन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी



कॉन्क्लेव में सीएम डॉ. यादव और मंत्री सिलावट की उपस्थिति में मध्यप्रदेश में निवेश के लिए महत्वपूर्ण एमओयू हुए।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में एक नई उड़ान भरने जा रहा है। हम बहुत जल्द स्पेस टेक पॉलिसी-2025 लागू करने जा रहे हैं, जिससे राज्य में सैटेलाइट डेटा, रिमोट सेंसिंग और स्पेस स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ यादव गुरूवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में शामिल निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इन्दौर में मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में कुल 68 कार्य हुए जिनमें उद्घाटन, भूमि-पूजन, आवंटन-पत्र वितरण, एग्रीमेंट, एमोयू, नीति एवं पोर्टल लॉन्च सहित उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग हुई। इनसे प्रदेश में कुल 15 हजार 896 करोड़ का निवेश आएगा साथ ही 64 हजार 85 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह आयोजन प्रदेश की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### इकाइयों का लोकार्पण, परियोजनाओं का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राज्य के औद्योगिक और तकनीकी विकास को नई गति प्रदान करते हुए 22 नई औद्योगिक, तकनीकी एवं नवाचार-आधारित इकाइयों का लोकार्पण किया। इनमें 257.46 करोड़ रुपए का निवेश होगा और लगभग 2125 नए रोजगार सृजित होंगे। ये अत्याधुनिक इकाइयां मुख्य रूप से इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के आईटी पार्क में स्थापित की जाएंगी जिनमें ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, स्टार्ट-अप्स के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर, ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तथा अन्य हाई-टेक कंपनियाँ शामिल हैं। डॉ यादव ने कॉन्क्लेव में वर्चुअली 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया, जिनसे 1346.75 करोड़ रुपए का निवेश और लगभग 21,150 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। ये परियोजनाएं इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर में प्रमुख आईटी पार्क, ड्रोन टेक्नोलॉजी और ईएसडीएम क्षेत्र से जुड़ी हैं।

### 9 कंपनियों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र प्रदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में निवेश और उद्योग संवर्धन के लिए 9 कंपनियों को भूमि आवंटन के लिए आशय पत्र जारी किए। इन इकाइयों से प्रदेश में 10.61 करोड़ रुपए का निवेश और लगभग 740 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। इन आशय पत्रों से विभिन्न टेक्नोलॉजी, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की कंपनियों को निवेश के लिए आवश्यक भूमि और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे मध्यप्रदेश में उद्यमिता और औद्योगिक विकास को और मजबूती मिलेगी। टॉस, इजीसॉफ्ट कंपनी, ओम्निस बिल्डकेयर एलएलपी, फ्लैट ट्रेडब्रोकिंग सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, असिस्ट क्लिक प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिमोंक, मैमथ एग्जॉस्ट्स इंडिया, एमपी ऑनलाइन, रिद्धि एंटरप्राइज को भूमि आवंटन पत्र जारी किए गए हैं।

## भोपाल में 2000 एकड़ में नॉलेज एंड एआई सिटी विकसित होगी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य की राजधानी के लिए एक युगान्तकारी घोषणा करते हुए कहा कि भोपाल में 2000 एकड़ भूमि पर नॉलेज एण्ड एआई सिटी विकसित की जाएगी। यह सिटी आधुनिक हाईटेक मॉडल पर आधारित होगी, जहां विश्वस्तरीय संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, एआई फैक्ट्री, टेक-स्टार्ट-अप्स और टेक्नोलॉजी आधारित स्मार्ट इंडस्ट्रीज एकीकृत रूप से स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री इंदौर में आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में इसकी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य जल्द ही स्पेस टेक पॉलिसी-2025 लागू करने जा रहा है, जिससे सैटेलाइट डेटा, रिमोट सेंसिंग और स्पेस-स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन मिलेगा। इसी के साथ 25 एकड़ में साइंस सिटी परियोजना के लिए भूमि आवंटित की जा रही है, जो आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों और युवाओं के लिये विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनेगी।

### 'कमाल का भोपाल' अभियान की दृष्टि को रेखांकित किया

*राजधानी में एआई सिटी की यह घोषणा सरकार को सौंपी गई 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट का हिस्सा है उन विचारों के अनुरूप है जिन्हें पिछले एक वर्ष से 'कमाल का भोपाल' अभियान के माध्यम से लगातार रेखांकित किया गया। अभियान के फाउंडर मनोज मीक ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रस्तुत यह विजन राजधानी के भविष्य को नई दिशा देता है। 'कमाल का भोपाल' अभियान की ओर से हम मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। यह घोषणा भोपाल को भारतीय टेक्नोलॉजी मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाएगी।*

## नए निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक क्लस्टरों की स्थापना पर हुई बातचीत



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा की। इससे मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं, औद्योगिक क्लस्टरों, तकनीकी केंद्रों और नवाचार आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। वन-टू-वन में आईटी, ड्रोन, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, रक्षा, ईवी मैन्युफैक्चरिंग, फिल्म टेक्नोलॉजी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में निवेश, भूमि आवंटन, नीति प्रोत्साहन और प्रशिक्षण सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के मेजर जनरल गौतम महाजन, ब्रिगेडियर एम.एस. रंधावा, ब्रिगेडियर दीपक पुरी, कर्नल मनोजित सिन्हा, लेफ्टिनेंट कर्नल अरिजीत चंद्र सेन से मुलाक़ात की। इस दौरान राज्य सरकार और भारतीय सेना के मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बीच साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह समझौता रक्षा एवं नागरिक तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ कर मध्यप्रदेश को तकनीकी नवाचार में अग्रणी बनाएगा।

### कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 7 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर

कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में 7 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू से प्रदेश में लगभग 800 करोड़ रुपए का निवेश होगा तथा 10 हजार 500 से अधिक नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। ये एमओयू सिलिकॉन वेफर विनिर्माण संयंत्र, आईटी पार्क विकास, टेक्नोलॉजी रिसर्च, गेमिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं नवाचार जैसे उभरते क्षेत्रों से जुड़े हैं। इस पहल में सोमवेदा एंटरप्राइज, डीएवीवी आईटी पार्क, एएनएसआर, गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडस आंत्रप्रेन्योर्स राजस्थान, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग महू, कोडयोगी फाउंडेशन जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। डॉ. यादव की उपस्थिति में 85.51 करोड़ निवेश के महत्वपूर्ण एग्रीमेंट् पर हस्ताक्षर हुए। इसमें आईआईएसईआर भोपाल के सहयोग से एआई-संचालित ड्रोन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना शामिल है, जिसमें उन्नत प्रयोगशालाएं और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सहायता प्रदान की जाएगी। एल एंड टी एड्यूटेक के साथ मिलकर प्रदेश में स्किल ट्रेनिंग हेतु मास्टर सर्विस एग्रीमेंट किया जाएगा, इससे नए तकनीकी क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत एलएनसीटी कॉलेज, ओरिएंटल ग्रुप, बंसल कॉलेज, सेज यूनिवर्सिटी, आईईएस यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

### इंदौर में इकाइयों की स्थापना से बड़ी तादाद में होगा रोजगार सृजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एलटीआई इंडस्ट्री द्वारा 810 करोड़ रुपए की लागत से इंदौर के सुपर कॉरिडोर में 10 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक आईटी टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग केंद्र स्थापित होगा, जिससे 10 हजार रोजगार सृजित होंगे। डीएनआर कॉर्पोरेशन द्वारा 524 करोड़ की लागत से इंदौर के सुपर कॉरिडोर में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट आईटी पार्क विकसित किया जाएगा। इससे 11 हजार रोजगार सृजित होंगे। मेसर्स इन्फिनी सेल्स कॉर्पोरेशन द्वारा भोपाल में 4 करोड़ की लागत से एलईडी विनिर्माण इकाई स्थापित होगी, जिससे 50 रोजगार सृजित होंगे। मेसर्स आरएआर इंजीनियरिंग द्वारा जबलपुर में 8.75 करोड़ की लागत से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए इंटेलिजेंट मोशन और वाइब्रेशन कंट्रोल सिस्टम हेतु विनिर्माण हब स्थापित होगा, जिससे 100 रोजगार मिलेंगे।

### साइबर सुरक्षा सुदृढ़ करने सीआईएसओ पोर्टल लांच

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सीआईएसओ पोर्टल की शुरुआत की। यह सुरक्षित और केंद्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म रीयल-टाइम मॉनिटरिंग, थ्रेट इंटेलिजेंस और अनुपालन प्रबंधन को सक्षम बनाएगा, जिससे सरकारी प्रणालियों में सुरक्षा, पारदर्शिता और दक्षता में अभूतपूर्व सुधार होगा। 'डिजिटल मध्यप्रदेश' की परिकल्पना को सशक्त करते हुए डॉ. यादव ने ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया। यह पहल भूमि प्रबंधन, शहरी नियोजन, वन संरक्षण, सिंचाई और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में ड्रोन-आधारित डेटा के उपयोग को बढ़ावा देगी। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के विजन को साकार करते हुए मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2025 के मसौदे का अनावरण किया। यह नीति राज्य को भारत की स्पेस टेक अर्थव्यवस्था में अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, निवेश और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 6 प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं के लिए सीसीआईपी ऑर्डर जारी किए गए। इन परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। कुल 2999.2 करोड़ के निवेश के साथ लगभग 6150 रोजगार अवसर सृजित होंगे।*

## धन की आस में 20 डकैतों ने परिवार को बंधक बनाकर खोद डाला पूरा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

20 डकैतों के गिरोह ने मंगलवार रात घर में धावा बोला। परिवार के 11 लोगों को रस्सी से बांध दिया और धन को घर में गड़ा कर रखने की बात कहते हुए सब्बल से पूरे घर के फर्श को खोद डाला। तराईडांड गांव में रहने वाले किसान शत्रुध्न दास महंत की कोरबा में रहने वाले सौम्या चौरसिया के परिवार से निकटता थी। उनकी बेटी बबीता सौम्या के घर रह कर पली बढ़ी। वह अधिकारी बनीं तो बबीता को अपने साथ ले गईं और उसका पूरा लालन- पालन किया। भिलाई में बबीता को पढ़ाई कराते हुए एमबीए कराया। करीब तीन साल पहले उसका विवाह हुआ और वर्तमान में वह अपने पति एवं बच्चे के साथ कुसमुंडा के एक गांव में रहती है। उसके पिता शत्रुध्न के घर मंगलवार की रात को डेढ़ से दो बजे के बीच घर की बाउंड्रीवॉल लांघ कर 20 हथियारबंद नकाबपोश घुस गए। डकैत देशी कट्टा, तलवार, चाकू, सब्बल व लाठी से लैस थे। घर में घुसते ही सबसे पहले परिवार के 11 सदस्यों को दो-दो नकाबपोश ने अपने कब्जे में लिया और अपने साथ लाए रस्सी से हाथ- पैर बांद मुंह पर टेप चिपका दिए।

### डकैत बोले- चौरसिया का दिया धन कहां गड़ा है

*पीड़ित शत्रुध्न ने बताया कि डकैतों ने पूछा कि चौरसिया का दिया हुआ धन कहां गड़ा कर रखे हो। यही नहीं डकैत पूरी तैयारी से आए थे और सब्बल से रसोई कक्ष समेत अन्य कमरे के फर्श को खोद डाला। शत्रुध्न का कहना है कि डरा- धमका कर घर की आलमारी की चाबी डकैत ले लिए और उसमें रखे 1.50 लाख नकद व 10 लाख के जेवरात समेट लिए। भागने से पहले डकैत घर के सदस्यों का पांच मोबाइल अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि गांव में काफी दिनों से यह चर्चा थी कि इस परिवार के पास काफी धन है। पुलिस को देर से सूचना मिलने की वजह से तत्काल घेराबंदी कार्रवाई नहीं हो सकी। इसका फायदा डकैतों को मिला।*

## एटीएम उखाड़ ले गए चोर, शोर मचा तो वाहन समेत छोड़कर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नंदिनी

अज्ञात चोरों ने पहले पुलगांव थाना क्षेत्र के गनियारी से एक टाटा 407 मेटाडोर (सीजी 07 एवी 1310) चोरी की। इसके बाद उसी वाहन से वे ननकट्ठी में स्थित हिताची कंपनी के एटीएम बूथ पर पहुंचे और पूरी एटीएम को उखाड़ लिया।

रात करीब 2:30 बजे जब बदमाश एटीएम को मेटाडोर में लोड कर भागने की तैयारी में थे, तभी बूथ के पास रहने वाले कुछ परिवार के सदस्यों की नींद खुल गई। संदिग्ध गतिविधि देखकर लोगों ने शोर मचाया, जिससे आरोपी घबरा गए और एटीएम व मेटाडोर दोनों वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। वारदात में छह से अधिक आरोपियों के होने का संदेह है। इतना ही नहीं आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे भी कर दिया था। घटना बुधवार-गुरुवार की रात की है। मामले में नंदिनी पुलिस जांच कर रही है। रात में ही लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची,



एटीएम और मेटाडोर वाहन को जब्त कर लिया। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से पहले वाहन चुराया और फिर एटीएम चोरी की योजना बनाई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों की पहचान में जुट गई है। एटीएम में कितनी राशि थी यह फिलहाल पुलिस ने स्पष्ट नहीं किया है।

### कैमरे में गैंग की करतूत कैद

## ग्राहकों को मिल रहा कम गैस वाला सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

गैस एजेंसी से सिलेंडर निकालकर कर्मचारी गैस की चोरी कर रहे हैं। इसका पर्दाफाश खुद गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने कैमरे के सामने पकड़े जाने के बाद की है। इसकी शिकायत खाद्य विभाग के अधिकारियों से की गई है। इसके बाद भी विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं की गई है। करबला स्थित गैस एजेंसी के कर्मचारी ऑटो में ग्राहकों के लिए गैस लेकर निकलते हैं।

ऑटो लेकर सीधे सरकंडा क्षेत्र के उर्जा पार्क स्थित एक ठिकाने पर पहुंचते हैं। यहां पर उनके साथी पंप और अन्य सामान के साथ मौजूद रहते हैं। यहीं पर हर सिलेंडर से दो किलो गैस निकालकर खाली सिलेंडर में भर लिया जाता है। इसके बाद कम वजन के सिलेंडर को ग्राहकों के घर पर पहुंचा दिया जाता है। सिलेंडर देने से पहले ही ग्राहक के सामने अपने तौल मशीन में तौल की जाती है। इसे पहले से ही सेट रखा जाता है। इसके कारण ग्राहकों को वजन का पता नहीं चल पाता है। दूसरे मशीन में तौल करने पर ही इसकी जानकारी हो पाती है। यह पूरा मामला कैमरे में कैद है।



### रोज बदल देते हैं ठिकाना

बताया जाता है कि गैस एजेंसी के संचालक, कर्मचारियों और आटो वालों की सांठगांठ से पूरा गिरोह चलाया जा रहा है। यह गिरोह गैस चोरी के लिए रोज ठिकाना बदल देता है। गिरोह सरकंडा के अशोक नगर, राजकिशोर के उर्जा पार्क के पीछे सक्रिय हैं। यहां पर रोज 15 से 17 आटो में भरकर गैस सिलेंडर लाया जाता है। एक ही जगह पर गैस चोरी करने पर पकड़े जाने के डर से गिरोह के लोग रोज ठिकाना बदल देते हैं। इसकी शिकायत कलेक्टोटरेट और खाद्य विभाग में भी की गई है। शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों ने संबंधित गैस कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्रवाई की बात कही है।

### गैस कंपनी के फर्जी सील भी मौजूद

बताया जाता है कि गैस कंपनी के सील को तोड़कर गिरोह के लोग गैस की चोरी करते हैं। इसके बाद फर्जी सील लगाकर सिलिंडर को पैक किया जाता है। साथ ही गैस देते वक्त तौल भी किया जाता है। इससे ग्राहकों को गैस कम होने की कोई आशंका नहीं रहती। पूरा गिरोह रोज 100 से 150 सिलेंडर गैस चोरी कर खुले बाजार में खपा रहा है।

### मुख्यमंत्री आवास में भाजपा संगठन पदाधिकारियों और मंत्रियों की हुई बैठक

## निगम-मंडलों में नियुक्ति हाई कमान करेगा तय, संगठन की तरफ से जल्द भेजी जाएगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम मंडल में नियुक्ति, जनजाति गौरव दिवस को लेकर मुख्यमंत्री आवास में 3 घंटे तक बैठक चली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी बीएल संतोष, अजय जामवाल, हितानंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल डिप्टी सीएम और मंत्री मौजूद रहे।

सबसे पहले निगम मंडल में नियुक्ति पर चर्चा हुई। कई नाम को लेकर मंथन हुआ। यह तय किया गया कि सूची हाईकमान को भेजी जाएगी। हाईकमान के आदेश के बाद ही मध्य प्रदेश में निगम-मंडलों में नियुक्ति होगी।


सीएम हाउस में चर्चा करते मुख्यमंत्री, मंत्री और भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी।

### नियुक्तियों में कार्यकर्ताओं के पुराने रिकॉर्ड और उनकी सक्रियता की भूमिका भी रहेगी अहम

निगम-मंडलों की नियुक्ति को लेकर कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। कार्यकर्ताओं के पुराने रिकॉर्ड और उनकी सक्रियता की भूमिका भी अहम होगी। खास तौर पर जिन विधायकों को मंत्री नहीं बनाया गया है। उन्हें भी निगम मंडल में जगह देकर मुख्य धारा में लेकर आया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से पूछा है कि उनके विभाग के अंतर्गत आने वाले निगम मंडलों में कितना काम हुआ है। अभी मौजूदा समय में अध्यक्ष के न होने पर क्या स्थिति बन रही है। इस संबंध में मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जल्द ही नियुक्ति के संबंध में फैसला किया जाएगा। फिलहाल अभी यह तय नहीं हुआ है कि आखिर हाई कमान के पास सूची कब भेजी जाएगी। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक नेताओं की ताजपोशी निगम मंडलों में हो जाएगी। हालांकि पिछली दौर की बैठक में ही यह हुआ था कि जल्द ही नियुक्ति करना है लेकिन बिहार चुनाव की व्यवस्था की चलते 2 महीने नियुक्ति में देरी हुई है।

### संगठन और नेताओं के करीबियों को जगह मिलने की ज्यादा उम्मीद

पिछले दिनों प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भी गठित की थी। उसमें सिंधिया समर्थक को भी जगह मिली थी। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुछ करीबी नेताओं को भी शामिल किया गया। अध्यक्ष ने भी कुछ अपने नाम सुझाव के तौर पर रखें। जिस पर कार्यकारिणी जारी हुई है। नेताओं के करीबियों को भी जगह मिल सकती है।

### गौरव दिवस पर मंत्री, विधायक स्थानीय जनप्रतिनिधि आयोजनों में शामिल हों

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बैठक के बाद 15 नवंबर को मनाया जाने वाले जनजाति गौरव को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में आयोजन किया जा रहा है। इसमें मंत्रियों की भी भूमिका अहम रखी गई है। विधायकों और साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल होना है। खास तौर पर यह जानकारी आदिवासी वर्ग को लेकर देनी है कि सरकार ने अब तक उनके लिए क्या-क्या काम किए हैं। इस विषय मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सड़क से लेकर सोलर बिजली तक उपलब्ध आदिवासी अंचल तक पहुंचा है। ऐसी तमाम सारी योजनाओं के बारे में जनजाति वर्ग के लोगों को देनी है।

## डॉ. जैन ने इंटरवेंशनल विशेषज्ञ को मेडिकल कमांडो समान काम करने के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई के क्रिटिकल केयर मेडिसिन एक्सपर्ट और विशेषज्ञ डॉ. पीके जैन ने सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीजों की क्रिटिकल केयर पर अहम जानकारी साझा की। डॉ. पीके जैन को क्रिटिकल केयर मेडिसिन में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है और उन्हें एशिया में क्रिटिकल केयर में योगदान के लिए ग्लोबल क्लेरिस इंटरनेशनल क्रिटिकल केयर अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। वह भारत की पहली क्रिटिकल केयर सोसाइटी, इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के संस्थापक भी रहे हैं।

इतने अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टर ने मरीजों की जान बचाने वाली क्रिटिकल केयर मेडिसिन पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिए भोपाल का दौरा किया है। डॉ. पीके जैन का स्वागत सागर ग्रुप के निदेशक सागर सुधीर अग्रवाल,



डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल और सीईओ डॉ. अतुल अडानिया ने किया और उन्हें मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की। आईसीयू और रोगीयों के देखभाल सुविधाओं की सराहना करते हुए, डॉ. जैन ने क्रिटिकल केयर पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और बताया कि क्रिटिकल केयर में परिणामों को कैसे बेहतर बनाया जाए और रोगी की जान कैसे बचाई जाए। सत्र में भोपाल के विभिन्न अस्पतालों के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों सहित 120 से अधिक डॉक्टरों की उपस्थिति रही और समापन डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल ने किया।

गैरीसन मैदान में होगा भव्य आयोजन

## जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगी मप्र सरकार

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती आज

हरिभूमि, जबलपुर।

जनजातीय समूह के नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जनजातीय परिवारों के लिए बड़ी घोषणा करने जा रहे हैं। अमर शहीद बिरसा मुंडा ने सिर्फ जनजातीय समूह के लिए काम नहीं किया बल्कि उन्होंने आजादी की एक अलग ही अलख जगाई थी। यही कारण है कि लोगों ने उन्हें भगवान का दर्जा दिया। जबलपुर की धरती वैसे भी गोंडवाना साम्राज्य के नाम से जानी जाती है, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जबलपुर के सदर स्थित गैरीसन मैदान में मनाई जाएगी। इसकी विशेष तैयारियां की जा रही है, इस आयोजन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वीसी के जरिए संबोधित करेगें।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर की जा रही व्यापक तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह ने कहा कि गैर कांग्रेसी सरकारों ने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया...यहां तक जितने भी शहीद हुए हैं उनको भी भुला दिया था, इतिहासकारों ने गद्दारी की है, जिन्होंने अपनी उंगली भी नहीं कटाई उनका नाम इतिहास में दर्ज करा दिया... भला हो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिन्होंने आदिवासी समूह के शहीदों को इतिहास को बताया।



### फैक्ट फाइल

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती
- सरकार द्वारा जबलपुर में आयोजित किया जा रहा भव्य आयोजन
- लगभग 50 हजार आदिवासी समाज को बैठने की बनाई जा रही व्यवस्था
- मुख्यमंत्री समाज के लिए कर सकते हैं कोई बड़ी घोषणा
- आयोजन स्थल पर लगाई गई भगवान बिरसा मुंडा की प्रदर्शनी

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आदिवासी समाज के इन महापुरुषों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगी। इस विषय पर सैंद्धांतिक मंजूरी भी चुकी है।

### महानायकों की प्रदर्शनी लगेगी

जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय समाज की संस्कृति और पंरपराओं तथा भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह सहित देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जनजातीय महानायकों के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

### जनजातीय उत्पाद और व्यंजन आकर्षण होंगे

स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा लगाई जा रही इस भव्य और विशाल प्रदर्शनी में गोंड, बैगा, भील, कोल, कोरकू, भारिया और सहरिया जनजाति की संस्कृति को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने अलग-अलग गैलरी बनाई जा रही है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्र के उत्पाद एवं व्यंजन भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण होंगे। केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा जनजातीय वर्ग के लिये संचालित योजनाओं के स्टॉल भी प्रदर्शनी में लगाये जा रहे हैं।

### इन हस्तियों का होगा सम्मान

जनजातीय समाज के प्रमुखों तथा पद्मश्री भज्जू श्याम, पद्म श्री अर्जुन सिंह धुर्वे, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज रागिनी मार्को और सृष्टि सिंह सहित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश एवं प्रदेश का मान बढाने वाली जनजातीय समाज की हस्तियों का सम्मान भी इस कार्यक्रम में किया जायेगा।

### सीएम करेंगे रोड शो

देश की आजादी के लिये संघर्ष तथा शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व करने वाले जनजातीय महानायकों का स्मरण करने आयोजित किये जा रहे गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह एवं टंट्या भील के चित्र पर माल्यार्पण कर करेंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पहले मुख्यमंत्री समन्वय चौक से सृजन चौक तक रोड शो में शामिल होंगे। डॉ यादव प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा कार्यक्रम में जनजातीय समाज के लिये संचालित योजनाओं के तहत हितलाभों का वितरण और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा

जनजाति गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। सिकल सेल एनीमिया तथा आदि कर्मयोगी अभियान पर केंद्रित लघु फ़ल्मि का प्रदर्शन भी इस अवसर पर किया जायेगा। शालिनी एप का लोकार्पण भी इस कार्यक्रम में होगा। विदेश अध्ययन छात्रवृति योजना के तहत विदेश में अध्ययनरत जनजातीय समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी कार्यक्रम में किया जाएगा।

## 2 दिन की बालिका बेबी ऑफ कृति को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का मिला लाभ

**जबलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 02 दिन की बालिका माता श्रीमती कृति व पिता पियूष कुमार सेन, निवासी- 256 छाया निवास, फूटाताल, जबलपुर मोबाईल नं. 7987424438 को मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया गया। कृति और पियूष सेन की 02 दिन की बालिका जन्म से हृदय रोग से ग्रसित है। इसकी जानकारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र को प्राप्त होते ही जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से उक्त बच्चे की जांच कराकर, अनुशंसा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन कोठारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा से की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के निर्देशानुसार डॉ. अमजद खान जिला नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम एवं सुभाष शुक्ला डीईआईएम द्वारा कार्यवाही करते हुये बालिका का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति उपरांत बालिका को नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र रैफर किया गया। नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र में 7 नवंबर 2025 को बालिका की सफल सर्जरी निःशुल्क की जाकर नया जीवन प्रदान किया गया। दिनांक 12 नवंबर 2025 को बालिका को डिस्चार्ज कर दिया गया। वर्तमान में बालिका पूण्रतः स्वस्थ है। सफल सर्जरी के बाद बालिका के परिवार ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, जिला कलेक्टर जबलपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जबलपुर, नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम, नारायण हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र की टीम तथा समस्त आर.बी.एस.के टीम का आभार माना।






## धर्मांतरण हमारा या सरकार का मुद्दा नहीं है: मंत्री विजय शाह

पत्रकार वार्ता में हुए सवाल पर बोले प्रदेश सरकार के मंत्री

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर में आयोजित होने जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के एक दिन पूर्व जबलपुर पहुंचे प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया है, उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि धर्मांतरण हमारा या सरकार का मुद्दा नहीं है, आदमी स्वतंत्र है कि उसे किस धर्म में रहना है।

उल्लेखनीय है कि आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पूर्व जबलपुर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने पत्रकारों को संबोधित किया। जब जवाब सवाल का दौर चल रहा था, उसी समय यह पूछा गया कि सरकार आदिवासियों के लिए योजनाएं चला रही हैं, इसके बाद भी धर्मांतरण उन्हीं के बीच बहुत हो रहा है, इस सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि आदमी स्वतंत्र है, उसे किस धर्म में रहना है, क्योंकि यह मुद्दा सरकार का नहीं है। इस दौरान उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा किसी एक समाज का नेतृत्व नहीं करते थे, उन्होंने समूची समाज का नेतृत्व किया, भगवान बिरसा मुंडा को इतिहासकारों ने इतिहास में नाम नहीं दिया, ऐसे अनेक जनजातीय समाज के लोग हैं जिन्हें इतिहास में पढ़ाया ही नहीं गया। उन्होंने कहा कि जबलपुर में आयोजित होने जा रहे जनजातीय गौरव दिवस पर साधुवाद है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री का जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा जैसे तमाम शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि यह दिन भगवान बिरसा मुंडा के नाम है।

## एमएलबी स्कूल मैदान में गांधी शिल्प बाजार का भव्य आयोजन 19 तक

### 70 स्टॉलों में दिख रहीं देशभर के हस्तशिल्पियों के हुनर की झलक

**जबलपुर।** शहर के एम.एल.बी. स्कूल मैदान में 10 नवंबर से 19 नवंबरतक गांधी शिल्प बाजार का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले इस मेले में पूरे भारत से आए हस्तशिल्पियों के उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी और बिक्री आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मेले में कुल 70 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें पारंपरिक और आधुनिक कला का सुंदर सम्मिश्रण देखने को मिल रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य देशभर के शिल्पकारों और बुनकरों को मंच प्रदान करना तथा स्थानीय लोगों को विविध सांस्कृतिक हस्तशिल्पों से रूबरू कराना है।




### मेले में शामिल प्रमुख आकर्षण

बनारस की विश्वप्रसिद्ध कतान सिल्क, मसलिन सिल्क, टीसू सिल्क, अल्फी-टिल्फी सिल्क और सूट–दुपट्टे, भदोही के कारपेट भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट, उज्जैन की बटिक प्रिंट, दिल्ली की ज्वेलरीभोपाल की जरी-जरदोजी एवं जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैचवर्क व स्टोनक्राफ्ट, मधुबनी की प्रसिद्ध पेंटिंग्स, प्रयागराज के ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा का हैंड ब्लॉक प्रिंटचंदेरी साड़ियाँ, महोबा (उ.प्र.) का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्कपश्चिम बंगाल की जामदानी सिल्क, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौनेइनके अलावा कई आकर्षक और हस्तनिर्मित उत्पाद भी मेले में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं।गांधी शिल्प बाजार न केवल वस्त्र, कला और शिल्प प्रेमियों के लिए विशेष अवसर है, बल्कि यह पारंपरिक भारतीय शिल्प को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बन रहा है। शहरवासी प्रतिदिन बड़ी संख्या में मेले का रुख कर रहे हैं और देशभर के हस्तशिल्प की विविधता का आनंद उठा रहे हैं। यह आयोजन आगामी 19 नवंबर तक जारी रहेगा।

## जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आगमन आज

**जबलपुर।** द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आगमन आज जबलपुर दोपहर 2 बजे हो रहा है महाराज श्री का प्रवास 15 नवम्बर से 18 नवम्बर तक प्रदीप चौहान के चौहान फार्म हाउस तिलवाराघाट के आगे चरगवां रोड़ देवजी नेत्रालय के बाजू में रहेगा। महाराज श्री के दर्शन एंव आशीर्वाद का समय प्रातः10 से 12बजे तक रहेगा साथ ही महाराज श्री शहर में विभिन कार्यक्रमों मे आशीर्वाद प्रदान करेगें। सभी गुरुभक्तों से उपस्थिति की अपील प्रदीप चौहान, राजेश खम्परिया, संतोष दुबे, संदीप जैन, आचार्य आशुतोष दीक्षित राजेश दुबे,विक्रम पुरवार आदि ने की है।



## उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आगमन आज

**जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं जिले के प्रभारी मंत्री का आज शनिवार 15 नवम्बर की सुबह 5.35 बजे जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा दोपहर 1.30 बजे सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल होगें तथा रात्रि 11.30 बजे जबलपुर-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।



## मंत्री द्वय ने लिया जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का जायजा

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज यहां गैरीसन ग्राउंड में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। मंत्री द्य ने प्रदर्शनी, मंच, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की भव्यता को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## वकालत व व्यावसायिक योग्यता विषय पर कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** हाईकोर्ट व मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को वकालत व व्यावसायिक योग्यता : अधिवक्ताओं के लिए उत्कृष्टता की खोज शीर्षक कार्यक्रम का सुबह 10 बजे से आयोजन होगा। इसमें हाई कोर्ट व जबलपुर सहित आसपास के जिलों के अधिवक्ता शामिल होंगे। आइआइआइटीडीएम, डुमना रोड के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस आलोक आराधे, जस्टिस राजेंद्र मेनन और हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा सहित अन्य न्यायमूर्ति, अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी शामिल होंगे।



## "एक नेशन, एक ग्रिड" का अनुशासन जरुरी : तिवारी

मप्र इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की हुई बैठक

जबलपुर।

मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड रिव्यू कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शक्ति भवन, जबलपुर में आयोजित हुई। इस 18 वी बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन तथा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने की। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह बैठक मे विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ के रुप मे उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में चेयरमैन सुनील तिवारी ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के कारण ग्रिड कोड को समय–समय पर अद्यतन करना आवश्यक है। "एक नेशन, एक ग्रिड" के अनुशासन को बनाए रखने के लिए ग्रिड कोड में उपयुक्त परिवर्तन करना ग्रिड की स्थिरता तथा विश्वसनीयता के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

चेयरमैन एवं एम डी ने देश में ग्रिड कोड जारी करने वाली संस्था पोसोको के उपस्थित प्रतिनिधि से आग्रह किया कि स्टेट ट्रांसमिशन यूटिलिटी, जो एक रेगुलेटरी वाडी भी है, द्वारा सुझाए गए उपायों को संज्ञान में लिया जाए। उन्होंने कहा कि आज औद्योगिक क्षेत्रों में भी ट्रांसमिशन नेटवर्क की सुरक्षा हेतु अत्याधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं, अतः ग्रिड कोड लागू करते समय इन आधुनिक प्रणालियों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

### ग्रिड अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका : सिंह

जेनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के अनुरूप स्थिर एवं विश्वसनीय विद्युत उत्पादन सुनिश्चित कर ग्रिड अनुशासन बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रस्तुत की। साथ ही, उन्होंने उत्पादन केंद्रों से ट्रांसमिशन नेटवर्क तक निर्बाध विद्युत प्रवाह और ग्रिड अनुशासन को मजबूत करने हेतु समन्वय एवं तकनीकी सुधारों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में 17 वी बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, फंक्शनल कमेटियो की कार्यवाही पर विचार, विद्यमान रेगुलेटरी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा तथा अन्य तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत विमर्श किया गया। चेयरमैन ने ग्रिड संचालन, सुरक्षा तथा विनियमों के प्रभावी पालन हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### सदस्यों ने साझा की जानकारियाँ

बैठक के दौरान ओ.सी.सी. के अध्यक्ष एवं राज्य भार प्रेषण केन्द्र के मुख्य अभियंता प्रदीप सचान, सहित अन्य सदस्यों ने नवीन जानकारियाँ और सुझाव साझा किए। बैठक के समन्वयक, रिव्यू कमेटी के सदस्य सचिव एवं मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड ने बैठक का संचालन किया।

## छोटी लाइन से रामपुर-गौरीघाट तक अतिक्रमण हटाने की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई

# अतिक्रमण हटाओ अभियान से यातायात व्यवस्थाएं हो रही है सुगम: निगमायुक्त

जबलपुर।

नगर निगम द्वारा शहरहित में तथा नागरिकों के सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था प्रदान करने लगातार कार्य योजना के अनुरूप अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार आज नौदरा ब्रिज, ज्योति टॉकीज के सामने, घंटाघर बस स्टॅाप, कलेक्ट्रेट के आस-पास, रामपुर से गौरीघाट तक, छोटी लाइन पर आदि शंकराचार्य चौक से बंदरिया तिराहा तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी तथा बैनर, पोस्टरों को भी हटाया गया। इससे सड़क साफ, सुन्दर और स्वच्छ दिखाई दी। इस संबंध में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़क किनारे दुकान लगाकर यातायात प्रभावित न करने की समझाईश भी दी जा रही है। इस कार्रवाई की सराहना नागरिकों ने की है और यह कार्रवाई लगातार चले इसके लिए भी नागरिकों ने मॉंग की है।




कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक 14 नवम्बर 2025 को नौदरा ब्रिज, ज्योति टॉकीज के सामने, घंटाघर बस स्टॅाप, कलेक्ट्रेट के आस-पास, रामपुर से गौरीघाट तक, छोटी लाइन पर आदि शंकराचार्य चौक से बंदरिया तिराहा तक स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाकर यातायात व्यवस्थाएं सुदृढ कराई गयी तथा बैनर, पोस्टरों को भी हटाया गया। अधिकारी द्वय ने यह भी जानकारी दी कि स्वच्छता को प्रभावित करने वाले वर्षों से सड़क किनारे जमे चाय पान के टपरों को भी जप्त करने की कार्रवाई के साथ-साथ विद्युत पोलों और सड़क किनारे की जालियों में लगे पुराने फटे बैनर पोस्टर को भी निकालने की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान मौके पर दलप्रभारी जोसफ प्रवीण, लक्ष्मण कोरी, दुर्गा राव, अंकित पारस, वीरेन्द्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी, नदीम अहमद खान और सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद खान, शुभम खरे मौके पर मौजूद रहे।

### सरपंच ने बच्चों को दी खेल सामग्री

# बाल दिवस पर पंचायत का सार्थक और परिणाम-केंद्रित अभियान




**पनागर।** पनागर विकासखंड के उमरिया ग्राम पंचायत ने बाल दिवस के अवसर पर एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल की है। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती अमृता नरेंद्र काछी पंडा बिना किसी औपचारिक कार्यक्रम या समारोह के सीधे शासकीय हाई स्कूल उमरिया एवं आंगनबाड़ी केंद्र पहुँचीं, जहाँ उन्होंने बच्चों को बैडमिंटन, बॉल, क्रिकेट सेट सहित विभिन्न खेल सामग्री वितरित की।

**सरपंच अमृता काछी पंडा ने कहा-**

"बच्चों का विकास भाषणों से नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाले मजबूत कार्यों से होता है। उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है और हम इसके लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।"

उनका यह साफ़ और प्रभावी संदेश पंचायत के विकास कार्यों में गंभीरता, परिणामकेंद्रित सोच और जवाबदेही की दिशा को दर्शाता है। इस पहल ने बाल दिवस को सिर्फ उत्सव न बनाकर कर्तव्य, अनुशासन और उद्देश्यपूर्ण कार्य से जोड़ा। विद्यालय में उपस्थित बच्चों के चेहरों पर उत्साह स्पष्ट नजर आया। शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने सरपंच की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा "जब प्रशासन, पंचायत और विद्यालय एक साथ कार्य करते हैं, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। ऐसी सकारात्मक पहल अत्यंत सराहनीय है।" विद्यालय स्टाफ ने भी सरपंच के सहयोग और संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजसेवी नरेंद्र काछी, शीतल पटेल, सजल काछी, करण काछी, शिक्षक चेतना सिंह सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

साथ ही प्राचार्य रितेश झा, अछेन्द्र सिंह, राम विशाल, दाहिया और सभी अतिथि शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## बाल दिवस पर विद्यालय में बांटी गई स्वेटर एवं जैकेट



*सिहोरा। शासकीय लालचंद उच्चतर माध्यमिक विद्याल खितौला बाजार में बाल दिवस के अवसर पर वार्ड नंबर 18 के पार्षद शारदा बर्मन ने विद्यालय के करीब 20 निर्धन छात्रों को ऊनी जैकेट पहना कर ठंड से बचाव किया इसी तरह प्राचार्य श्रीमती निधि दुबे ने भी छात्रों को ऊनी बनियान भेंट की।*

## बच्चों ने लगाए फूड स्टॉल, पेश किए स्वादिष्ट व्यंजन



### बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**पाटन।** नगर में बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासकीय एवं निजी विद्यालयों में भी बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहाँ बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी क्रम में पाटन स्थित एम आर बी मेमोरियल स्कूल में भी बाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विविध प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए और बाल मेला के माध्यम से फूड स्टॉल लगाए। अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखकर लोगों ने बच्चों की खूब प्रशंसा की। बच्चों के उत्साह और प्रतिभा को देखते हुए अभिभावक और शिक्षक भी काफी खुश दिखाई दिए। बच्चों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और बाल दिवस उनके लिए यादगार बन जाता है।

## बैक करते ट्रक ने बाईक को टक्कर मारी, पति-पत्नी घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत कटंगी रोड उपसरपंच रेस्टोरेंट के पास एक ओपन बॉडी ट्रक चालक ने अचानक अपना ट्रक पीछे बैक किया और एक बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें सवार दोनों पति पत्नी बाईक सहित नीचे गिर गए। गिरने से पत्नी के सिर पर मामूली चोटें आई है वहीं उसके पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनमोल नगर गोहलपुर निवासी 33 वर्षीय श्रीमति लक्ष्मी लोधी का पति मेघराज लोधी, शैलेंद्र यादव के खेत व मकान की रखवाली करते है। गत रात लगभग 11.30 बजे लक्ष्मी लोधी अपने पति मेघराज लोधी के साथ बाईक क्रमांक एमपी 20 जेड आर में पीछे बैठकर खेत की रखवाली करने कटंगी बायपास तरफ जा रही थी। कटंगी रोड़ उपसरपंच रेस्टोरेंट के पास रात लगभग 12.05 बजे पहुॅचे तभी एक ओपन बॉडी ट्रक क्रमांक यूपी 81 ए एफ 0366 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए अचानक अपना ट्रक पीछे बैक किया और पति की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे दोनों मोटर सायकल सहित गिर गये, पति को जबड़े एवं सिर में चोटें आई और लक्ष्मी को सिर में मामूली चोटें आई है। पति को उपचार हेतु हेल्थ सिटी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 (ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## चाकूबाजी में एक युवक घायल

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत गली नंबर 2 दुर्गा मंदिर के पास उजारपुरवा में शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने की बात पर तीन बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 2 उजारपुरवा निवासी 24 वर्षीय हर्ष केवट गत रात लगभग 11 बजे गली नंबर 2 दुर्गा मंदिर के पास उजारपुरवा में खड़ा था तभी बुग्गी पटेल उर्फ आकाश पटेल, गन्नू उर्फ गनेश और मल्लू आए और उससे शराब पीने के लिये 500-500 रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर गाली गलौज करते हुए बुग्गी उर्फ आकाश पटेल ने चाकू से उस पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

## भाजपा की भारी जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयाँ



**मझौली।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत की घोषणा होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा पश्चिम मंडल मझौली के कार्यकर्ताओं ने विजय का जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशी व्यक्त की। जश्न कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें दिनेश चौरसिया, विजय नेता, राजेन्द्र चौरसिया, मुकेश सेन, सुनील गामा, सोनकर, सिद्धार्थ उपाध्याय, गंगाराम कोस्टा, महेंद्र कोस्टा, मनोरंजन राय, रमेश झारिया, कपिल झारिया, बबलू चौरसिया, बबलू दाहिया, ललित चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री के नेतृत्व और संगठन की मजबूती का परिणाम बताया। साथ ही आने वाले समय में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी लिया।

## सिहोरा के सावन पहारिया बने रणजी खिलाड़ी



**सिहोरा।** अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के दम पर बस कंडक्टर के बेटे सावन पहारिया ने ओड़िशा रणजी टीम में जगह बना ली है। बचपन से क्रिकेट को अपना सपना बनाने वाले सावन ने सीमित साधनों के बावजूद कभी हार नहीं मानी और अब नागालैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए रणजी टीम में चुने गए हैं। सावन के पिता रोज़ाना बस में चलकर परिवार का खर्च उठाते हैं जबकि बेटा सुबह-सुबह मैदान में पसीना बहाकर अपनी मंज़िल की ओर बढ़ता रहा। सावन के चयन की खबर मिलते ही पूरे सिहोरा में खुशी की लहर है। लोग परिवार को बधाइयां दे रहे हैं और अपने स्थानीय बेटे की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सावन की यह उपलब्धि सिर्फ क्रिकेट की जीत नहीं बल्कि उन सपनों की उड़ान है जो कठिनाइयों में भी थमते नहीं। अब सावन मैदान में बेहतरीन प्रदर्शन कर जबलपुर के सिहोरा और ओडिशा दोनों का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं।

### शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल पीजी महाविद्यालय में एआई पर हुई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

# एआय को केवल तकनीक न मान कर सहयोगी बुद्धिमत्ता के रूप में अपनाएं



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं आय.क्यू.ए.सी.समन्वयक डॉ. सुनु आर.के.मैथ्यू एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर के मार्गदर्शन में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशनस् विभाग द्वारा एक-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें देश-विदेश के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ.प्रज्ञेष कुमार अग्रवाल (निदेशक, आय. ई. एच. ई., भोपाल), विशिष्ट अतिथि डॉ.आर.पी.गुप्ता (विभागाध्यक्ष एवं डीन, अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय, रीवा) एवं राजा मोर (जनभागीदारी समिति अध्यक्ष) द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। विषय विशेषज्ञ संतोष सिंह (इंफोसिस, टेक लीड, न्यू जर्सी, यू.एस.ए.) ने मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और जनरेटिव ए.आय. की नई संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि "ए.आय. आने वाले दशक की सबसे बड़ी परिवर्तनकारी शक्ति है। यह नए रोजगार और नवाचार के अवसर लाएगी लेकिन साथ ही डेटा गोपनीयता,नैतिक जिम्मेदारी और मानव रोजगार के पुनर्परिभाषण जैसी चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करेगी।" उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे ए.आय. को केवल तकनीक न मानें, बल्कि इसे 'सहयोगी बुद्धिमत्ता' या 'असिस्टेंट इंटेलिजेंस' के रूप में अपनाएँ। प्रो. उग्रसेन सुमन (देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर) ने कहा कि ए.आय. शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला सकती है—"हर विद्यार्थी की सीखने की शैली के अनुसार व्यक्तिगत शिक्षा संभव हो सकेगी।"

प्रो. अखिलेश ए.वाओ (ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना), श्रीकांत मिश्रा (वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल डिलीवरी हेड, सी.पी.जेड. टेक, हैदराबाद) ने बताया कि ए.आय.आधारित समाधान ग्रामीण भारत में भी परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं।

संगोष्ठी के दौरान शोधार्थियों,अकादमिकों एवम् विद्यार्थियों द्वारा ए.आय.से जुड़े अनेक पहलुओं पर केंद्रित शोध-पत्रों का वाचन किया गया। चयनित शोध-पत्रों को आईएसएसएन संख्या युक्त शोध पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। आयोजन में डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ.अर्चना नामदेव, अमित साहू, डॉ.अजय सिंह बघेल, डॉ दीपक सिंगरौल, सतीश पटेल, प्रशांत तिवारी का योगदान रहा।

## बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत, सुशासन और विकास की जीत : राकेश सिंह

**जबलपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद भाजपा जबलपुर महानगर ने मालवीय चौक पर विजय उत्सव मनाया। मिष्ठान वितरण और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए उत्साह व्यक्त किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुशासन व जनहितकारी नीतियों पर भरोसा जताते हुए ऐतिहासिक जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि जनता अब जंगलराज और कुशासन नहीं चाहती। सांसद आशीष दुबे ने इसे विकास और विश्वास की जीत बताया, जबकि जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि जनता ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार को नकारते हुए भाजपा को भारी बहुमत दिया है। कार्यक्रम में राजकुमार पटेल, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, रिंकू विज सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विधिक जागरूकता, सांस्कृतिक प्रस्तुति व व्यंजन मेला रहे आकर्षण का केंद्र

## स्कूल में बाल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**पाटन।** तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत बाल दिवस पर भव्य बाल मेला एवं विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती पूजन से हुई और नन्हे विद्यार्थियों की रंग-बिरंगी वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। कलश सज्जा, थाल सज्जा, चित्रकला, रंगोली, विज्ञान प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ छात्रों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जागेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। रामायण प्रबोधन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्रीराम वनवास पर अपने शोधात्मक आलेख प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित सत्र में न्यायाधीश श्रीमती शांभवी सिंह ने छात्रों को रुचि के अनुसार करियर चुनने और साइबर अपराधों से सचेत रहने की सलाह दी। वहीं न्यायाधीश श्रीमती अमृता मिश्र तिवारी ने अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन पर जोर दिया। व्यंजन मेला भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें छात्रों ने पूर्णतः स्वदेशी और पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में आरएसएस जिला प्रचारक श्री मोहन जी, नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जागेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष कृष्णशेखर सिंह, उपाध्यक्ष देव कुमार यादव, तथा कई पार्षदगण उपस्थित रहे।

## कलयुगी पुत्र ने पिता के साथ की मारपीट

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत ग्राम ढकरवाह में खर्चे के पैसे नहीं देने की बात पर एक पुत्र ने अपने पिता के साथ मारपीट कर उठाकर पटक दिया और लाठी से हमला कर घायल कर दिया। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढकरवाह निवासी 68 वर्षीय अशोक कुमार तिवारी गत रात लगभग 8 बजे अपने घर पर था, तभी उसका लड़का पंकज कुमार तिवारी शराब के नशे में घर आया और खर्चा के लिए पैसा नहीं देते हो कहते गालीगलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर और उसे समझाते हुए कहा कि मैं तुम्हारे बच्चों को भी पालता हूं इसी हरकत के कारण तुम्हारी पत्नी मायके चली गई है इसी बात पर पंकज ने अपने पिता अशोक कुमार को उठाकर पटक दिया और लाठी से हमला कर हाथ, पैर, पीठ व सिर में चोटें पहुॅचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पुताई के दौरान करंट लगने से मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत लक्ष्मीनारायण परिसर नशा मुक्ति केंद्र के पास अमखेरा में पुताई के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बादा नगर अमखेरा निवासी 19 वर्षीय हिमांशु बर्मन को उसके पिता राजकुमार बर्मन ने गत दिवस लगभग 11 बजे पुताई के काम से धनीराम रजक के मकान लक्ष्मीनारायण परिसर नशा मुक्ति केंद्र के पास अमखेरा में छोड़कर आया था। उसके पिता राजकुमार ने गत शाम लगभग 4 बजे अपने छोटे भाई राम बर्मन को फोन पर बताया कि हिमांशु अभी तक घर नहीं आया है तो राम बर्मन पड़ोसी धनंजय के साथ हिमांशु का देखने लक्ष्मीनारायण परिसर गया, तो देखा धनीराम रजक के मकान के अंदर हिमांशु जमीन पर पड़ा था वहां बिजली का तार एवं पुताई का सामान भी पड़ा था। पुताई का काम करते समय करंट लगने हिमांशु की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्री राम कुमार दीक्षित-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री राम कुमार दीक्षित (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विजय बहादुर गुप्ता-** बजरंग नगर मड़ई व्हीकल निवासी श्री विजय बहादुर गुप्ता (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल पृथ्यानी-** तृप्ति नगर अधारताल निवासी श्री कन्हैया लाल पृथ्यानी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कुमार सोनी-** करमेता निवासी श्री अनिल कुमार सोनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बिसरती बाई रजक-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री रतिराम रजक की धर्मपत्नी श्रीमती बिसरती बाई रजक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आरती बैनर्जी-** पूर्वी घमापुर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री अरूण कुमार बैनर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती आरती बैनर्जी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री प्रज्ञा जारोलिया-** मानव लोक सोसायटी रतननगर गुप्तेश्वर निवासी श्री डीएस जारोलिया की पुत्री सुश्री प्रज्ञा जारोलिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अर्चना शर्मा-** शोभापुर व्हीकल रोड निवासी श्री प्रमोद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना शर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई प्रजापति-** प्रेमसागर महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री उत्तम चंद प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई प्रजापति (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आकाश पासी-** बिलहरी चेतना मैदान के पास निवासी श्री अशोक पासी के पुत्र श्री आकाश पासी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हीरो सोंधिया-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री सीताराम सोंधिया के पुत्र श्री हीरो सोंधिया (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू चड़ार-** गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री राजू चड़ार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय श्रीवास-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री अजय श्रीवास (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा गुप्ता-** गली नं. 5, सदर निवासी श्री रामजी गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा गुप्ता (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय चौधरी-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पीछे निवासी श्री केशव प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री संजय चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अभिषेक झारिया-** कालीमठ मदनमहल निवासी श्री गौतम प्रसाद झारिया के पुत्र श्री अभिषेक झारिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धन्नू प्रसाद गुप्ता-** दुबे कॉलोनी गढ़ा गौतम मढिय़ा के पास निवासी श्री धन्नू प्रसाद गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| न्यूनतम साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| न्यूनतम साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| न्यूनतम साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

### दाल, सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई गिरावट

# थोक महंगाई में अक्टूबर में 1.21 प्रतिशत की गिरावट, 27 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में अक्टूबर में गिरावट दर्ज की गयी और यह 27 महीने के निचले स्तर शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर में 0.13 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 2.75 प्रतिशत रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, 'अक्टूबर 2025 में मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में नरमी रही।' थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 5.22 प्रतिशत के मुकाबले अक्टूबर में 8.31 घटी।



- ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में आई नरमी
- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, बिजली आदि की कीमतों में आई गिरावट
- थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही



## प्याज और आलू की कीमतों में भी गिरावट दर्ज

प्याज, आलू, सब्जियों और दालों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की महंगाई दर में अक्टूबर में 34.97 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि सितंबर में यह 24.41 प्रतिशत थी। दालों में अक्टूबर में 16.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि आलू और प्याज में यह क्रमशः 39.88 प्रतिशत और 65.43 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति सितंबर के 2.33 प्रतिशत से घटकर 1.54 प्रतिशत हो गई।

### कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुई

कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुईं तथा पिछले वर्ष की अनुकूल मुद्रास्फीति आधार के कारण थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों में कमी आई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निम्न स्तर पर रही जो जीएसटी दरों में कटौती और पिछले साल के उच्च आधार के कारण कम हुई। सितंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी।

### नवंबर में थोक महंगाई एक फीसदी से कम रहेगी

ईंधन और बिजली की कीमतें अक्टूबर में 2.55 प्रतिशत कम हुईं जबकि पिछले महीने इनमें 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 के बाकी समय में अनुकूल तुलनात्मक आधार से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट का दौर जारी रहने की उम्मीद है। ऐसे में इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि नवंबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति में गिरावट एक प्रतिशत से कम रहेगी।''

### रेपो दरों में कटौती करने का बनेगा दबाव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखता है। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। खुदरा और थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में गिरावट से आरबीआई पर तीन से पांच दिसंबर को होने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दरों में कटौती करने का दबाव बनेगा।

### थोक मुद्रास्फीति सीमित दायरे में रहेगी

पीएचडीसीसीआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा कि उद्योग मंडल को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, खाद्यान्नों के पर्याप्त भंडार और खरीफ की अच्छी फसल के कारण थोक मुद्रास्फीति सीमित दायरे में रहेगी।

# घरेलू मांग पूरी करने खाद्य तेल आयात में की गई वृद्धि

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अक्टूबर में समाप्त विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात किया। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विपणन वर्ष 2023-24 (नवंबर-अक्टूबर) में, भारत का खाद्य तेल आयात 1.32 लाख करोड़ रुपये मूल्य का 1.59.6 करोड़ टन रहा था। उच्च वैश्विक कीमतों के कारण मूल्य के संदर्भ में खाद्य तेल आयात में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से आता है।



- खाद्य तेल आयात 22 फीसदी बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपए
- भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है

एसोसिएशन ने कहा, ''आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए, भारत 1990 के दशक से आयात का सहारा ले रहा है। शुरुआती दौर में आयात की मात्रा बहुत कम थी। हालांकि, पिछले 20 वर्षों (2004-05 से 2024-25) में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ गई है, जबकि आयात की लागत लगभग 15 गुना बढ़ी है।'

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-10, दिनांक: 12.11.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-10, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में लार्ज स्पैन जंपर/जी जंपर आदि का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,84,64,132.58, **बयाना राशि:** रु. 2,42,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 11.12.2025 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-239/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473 , 2702442 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in

No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/1970 **ONLINE TENDER** Jabalpur, dtd: 12.11.2025

Online Tenders are invited for following services:-

| S. No. | TS No. (For e-Tendring Discom/EZ/Pur | NAME OF ITEMS | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & times of Opening of Tender online from 11.00 Hrs (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1636 (E-Tender No. 2025_PKVVC_462242_1) | Hiring of 1 No. Innova (Base Model) of equivalent vehicle (white color Model 2024-25) for CGM (HR&A) MPPKVVCL, Jabalpur | 5.55 | 1180 | 02.12.2025 |

For updated/ extended due dates for opening fo tender (EMD in Cover-1 & Techno-Commercial bin in cover -2) Phase refer to the online key dates. For other details visit company website: www.mpez.co.in or https:// mptenders.gov.in

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रु 50,000 तक का इनाम CGM (S&P)

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटोकॉर्प का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,309 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** भारतीय दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 1,309 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में हीरो मोटोकॉर्प ने 1,064 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का लाभ 27.3 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण बनाने वाली अग्रणी कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 27.3 प्रतिशत घटकर 389.43 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

### मुथूट फाइनेंस के लाभ में 87 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** 'गोल्ड लोन' देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 87 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2,345 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 1,251.1 करोड़ रुपये था। मुथूट फाइनेंस ने कहा कि उसकी कुल आय बढ़कर 6,461 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,126 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान, ब्याज आय बढ़कर 6,304 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 4,068 करोड़ रुपये थी।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर के लाभ में कई गुना बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 76,248 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,521 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय 72,349 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 83,656 करोड़ रुपये थी। जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) में हुई साइबर घटना से कंपनी के प्रदर्शन पर गहरा असर पड़ा। टीएमपीवीएल ने बताया कि तिमाही के दौरान घरेलू प्रदर्शन स्थिर रहा, लेकिन जीएसटी दरों में कटौती के बाद इसमें सुधार हुआ।

# शेयर बाजार 450 अंक गिरने के बाद संभला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही।

निवेशकों ने निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली की, जिससे बाजार बढ़त में रहा। इस दौरान एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयर), बैंकिंग और दूरसंचार क्षेत्र के शेयरों में लिवाली हुई। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 449.35 अंक की गिरावट के साथ 84,029.32 पर खुला। निफ्टी 138.35 अंक की गिरावट के साथ 25,740.80 पर खुला।

हालांकि, दोनों प्रमुख सूचकांकों ने बाद में सुधार दर्ज किया और लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।



- सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद
- निवेशकों ने निचले स्तर पर की खरीदारी

बीएसई सेंसेक्स 84.11 अंक बढ़कर 84,562.78 पर निफ्टी 30.90 अंक चढ़कर 25,910.05 पर बंद हुआ।

एसबीआई सिक्योरिटीज के तकनीकी अनुसंधान और वायदा-विकल्प प्रमुख सुदीप शाह ने कहा, ''निवेशकों का ध्यान आगामी आरबीआई एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की एफओएमसी बैठकों पर है। इसलिए उन्होंने फिलहाल इंतजार करना बेहतर समझा।''

### स्पाइसजेट के चंदन सैंड निदेशक बोर्ड में शामिल



**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने एयरलाइन के बोर्ड में चंदन सैंड को कार्यकारी निदेशक के रूप में शामिल करने की घोषणा की। घाटे में चल रही इस एयरलाइन में इस महीने के भीतर यह दूसरी महत्वपूर्ण नियुक्ति है। तीन नवंबर को, कंपनी ने अनुभवी विमानन पेशेवर और इंडिगो के पूर्व मुख्य रणनीति एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार को कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया था। सैंड इससे पहले स्पाइसजेट में कानूनी, विमान अधिग्रहण, पट्टे और वित्तपोषण, खरीद और कंपनी सचिव के कार्यों का नेतृत्व कर रहे थे। एयरलाइन ने कहा कि अब बोर्ड सदस्य के रूप में उनकी भूमिका और भी बेहतर होगी। उनकी नियुक्ति नियामक अनुमोदन के अधीन है। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, हम स्पाइसजेट के बोर्ड में चंदन का स्वागत करते हैं।

**Can Fin Homes Ltd** (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

**केनफिन होम्स लिमिटेड**
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 -4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति हेतु)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत केनफिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **01-09-2025** को उधारकर्ता - **श्रीमती परवीन बानो पत्नि स्व. श्री वेदप्रकाश शिवहरे एवं श्री वेद प्रकाश शिवहरे के सभी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी** को मांग सूचना पत्र जारी किया एवं नोटिस में दर्शाई राशि रु. **₹ 32,24,680.00/- (बत्तीस लाख चौबीस हजार छह सौ अस्सी रुपये मात्र)** एवं उस पर संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **14-11-2025** को ले लिया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार खाते में वर्णित राशि **₹ 32,24,680/- (बत्तीस लाख चौबीस हजार छह सौ अस्सी रुपये मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों के लिए केनफिन होम्स लिमिटेड के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति स्थित खसरा नं. 255/1 का भाग, म्यूटेशन के पश्चात खसरा नं. 255/47, एनबी संख्या 4/6, प.ह.नं. 22/24, मौजा-आमखेड़ा, आरएन.एम. महाराजपुर, ग्राम- पंचायत आमखेड़ा, तहसील आधारताल और जिला जबलपुर (म.प्र.)-482004, प्लाट क्षेत्रफल-840 वर्गफिट (78.06 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएं- पूर्व- साइड रोड, पश्चिमः गणेश पटेल की संपत्ति, उत्तरः खत्री जी की संपत्ति, दक्षिणः अधिवक्ता राजेश तिवारी जी की संपत्ति।**

दिनांक : 14-11-2025
स्थान : जबलपुर

(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाई.टी.एस.के.) हेतु निविदा सूचना**

**अधिसूचना क्रमांकः कॉम/कांट्र/वाय.टी.एस.के./पार्ट-V/बीएसपी/25, दिनांक 12.11.2025.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मण्डल यात्री **टिकट सुविधा केंद्र (वाई.टी.एस.के.)** के चयन और स्थापना के लिए 27 स्टेशनो में आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट विक्रय हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

सभी अधिकृत रेलवे टिकट एजेंटों जैसे रेल यात्रा सेवा एजेंट (आर.टी.एस.ए.), रेल ट्रैवल एजेंट (आर.टी.ए.), रीटेल सर्विस प्रोवाइडर (आर.एस.पी.), जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जे.टी.बी.एस.) और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आई.आर.सी.टी.सी.) द्वारा नियुक्त टिकट एजेंटों सहित सभी अधिकृत रेलवे टिकट एजेंट, पूर्व में या वर्तमान में काम कर रहे हैं, जो कि कम से कम दो (2) साल के अनुभवी हो वही वाई.टी.एस.के. की योजना के तहत पात्र हैं।

**(1) कार्य का नामः** बिलासपुर डिवीजन पर आरक्षित और अनारक्षित रेल टिकट जारी करने के लिए यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाई.टी.एस.के.) के चयन और स्थापना के लिए निविदा अधिसूचना। **(2) स्टेशनः** बिलासपुर, रायगढ़, चाम्पा, अनुपपुर, कोरबा, उसलापुर, शहडोल, अम्बिकापुर, अकलतरा, पेंड्रा रोड, उमरिया, अमलाई, बैकुंठपुर रोड, बाराद्वार, बिजुरी, बिरसिंहपुर, बिश्रामपुर, ब्रजराजनगर, बुढ़ार, चिरिमिरी, जयरामनगर, जांजगीर-नैला, खरसिया, कोतमा, मनेन्द्रगढ़, सक्ती एवं सूरजपुर रोड **(3) अनुबंध की अवधिः** तीन वर्ष **(4) निविदा प्रपत्र का मूल्यः** निरंक **(5) निविदा प्रपत्र प्राप्त होने कि तिथिः 17.11.2025 (6) निविदा प्रपत्रों के जमा करने की तिथि व समयः 09.12.2025** के **11:00** बजे से **09.12.2025** के **15:30** बजे तक। **(7) निविदाएं खोलने के लिए तिथि व समयः 09.12.2025** के **16:00** बजे।

**नोटः** यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि शासकीय अवकाश हो या शासकीय अवकाश घोषित किया जाता हो तो प्राप्त निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी।

निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड विस्तृत जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क करे एवं निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट **www.secr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर सकते है।

*वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/*
*सीपीआर/10/454 द.पू.म.रे./बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

**विज्ञापन पत्र क्रमांक / 3601 / व.ले. लि./का.यं./ लो.स्वा.यां./ खण्ड / 2025** **सिवनी, दिनांक- 12/11/2025**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्र./ दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17/नि.प्र./ 2025-26 दिनांक 12/11/2025 | 2025_PHED_462317_1 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड कार्यालय सिवनी, उपखण्ड कार्यालय सिवनी/छपारा/ लखनादौन/केवलारी के लिए उच्चकुशल (कार्यालयीन कम्प्यूटर टाईपिंग सबंधित कार्य हेतु) एवं अकुशल ( साफ-सफाई कार्य हेतु) के वर्गीकरण के कर्मचारी (मानव संसाधन) उपलब्ध कराने के कार्य ।(द्वितीय आमंत्रण) | 21.22 | 42,440.00 | 5,000.00 | 26/11/2025 | 26/11/2025 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में पंजीकृत ठेकेदार |

G-21459/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, सिवनी (म.प्र.)**

**IDBI BANK**

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
आंचलिक कार्यालय, प्रथम तल, सेंटर प्वाइंट, कमर्शियल काम्पलेक्स, टी टी नगर, न्यू मार्केट, भोपाल 462003. फोन- 0755-4848321
ईमेल- deepak.bundel@idbi.co.in

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

**परिशिष्ट IV-ए [नियम 9(1) का परंतुक देखें]**

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभुतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 9( 1 ) के अन्तर्गत अचल संपत्ति की ब्रिकी हेतु विक्रय सूचना** आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्ति के ऋणियों /जमानतदारों/बंधकक्कर्ताओं को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्ति आईडीबीआई बैंक ( सुरक्षित लेनदार ) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्ति का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को आईडीबीआई बैंक ( सुरक्षित लेनदार ) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर विक्रय किया जा रहा है।

| Sr. No. | उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 1) मांग सूचना दिनांक 2) कब्ज़ा तिथि 3) डिमांड नोटिस के अनुसार दावा राशि | 1) आरक्षित मूल्य 2) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) 3) बोली वृद्धि राशि। | अचल संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और समूह जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है जो की आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को गिरवी रखा गया) |
|---|---|---|---|---|
| Jabalpur Branch – IDBI Bank Ltd, TRILOK Ground Floor, Opposite Surya hotel, Wright town, Jabalpur (MP) – 482002 EMD Submission A/C details : IDBI Bank Ltd, No. 05234915010026/05237000010771 IFS Code : IBKL0000052 DD Should be drawn in favour of IDBI Bank Ltd-A/C No.- 05234915010026 payable at Jabalpur issued by any nationalized bank / Scheduled bank as Emd | | | | |
| 1 | उधारकर्ता श्री नितेश कुमार ( उधारकर्ता एवं बंधककर्ता ) एवं श्रीमती सुमित्रा ( सह-उधारकर्ता ) ज्ञान भार की सूची: निल | 1) 16.06.2022 2) 22.10.2024 3) Rs. 2053975.30 as on 31.03.2022 इसके अलावा लागू ब्याज और लागत एवं अगर कोई जमा हो तो घटायें | 1) Rs.1700000/- 2) Rs.170000/- 3) Rs.10000/- | अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग जो निम्न विवरण में शामिल है, मौजा - झुझुरू, एन बी 302, पी.एच.नं. 15/49 ( निपनिया ), आर.एन.एम. - महाराजपुर, पी/ओ खं. नं. 78, प्लाट नं. 12, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट एवं निर्मित क्षेत्रफल 847 वर्ग फीट तहसील पनागर, जिला - जबलपुर ( म.प्र. ) सीमाबद्ध - पूर्व -प्लाट नं. 14, पश्चिम- मुख्य सड़क, दक्षिण- प्लाट नं. 13, उत्तर- साइड रोड उस पर मौजूद वर्तमान और भविष्य की सभी एवं पृथक-पृथक संरचनायें और निर्माण दोनों साथ साथ इस में शामिल है। |

**महत्वपूर्ण तिथियाँ-**

| | |
|---|---|
| ईएमडी के साथ बोली/निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | **- 29 नवम्बर 2025 शाम 4.00 बजे तक** |
| निरीक्षण की तिथि और समय | **- 26 नवम्बर 2025 2025, समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक।** |
| बोली/निविदा वृद्धि राशि | **- रुपये से. 10,000/-** |
| ई-नीलामी की तिथि और समय | **- 01 दिसम्बर 2025 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।** |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.baanknet.com और आईडीबीआई बैंक की वेबसाइट यानी https://www.idbibank.in पर दिए गए लिंक को देखें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक पक्ष प्राधिकृत अधिकारी, आंचलिक कार्यालय, प्रथम तल, सेंटर पॉइंट, वाणिज्यिक परिसर, टी टी नगर, न्यू मार्केट, भोपाल 462003, फ़ोन: 0755-4848321, ई-मेल: deepak.bundel@idbi.co.in और वसूली अधिकारी जबलपुर (संपर्क संख्या: 8975751255), (ई-मेल: dilip.kulhade@idbi.co.in) से संपर्क कर सकते हैं। ई-नीलामी सहायता के लिए, कृपया (ई-मेल: support.baanknet@psballiance.com) से संपर्क करें। (संपर्क संख्या: 8291220220)

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिन का नोटिस**

उधारकर्ता/जमानतदार /बंधककर्ता को ई-नीलामी की तारीख से पहले ब्याज और शुल्क सहित उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा उल्लिखित संपत्ति की नीलामी की जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो, ब्याज के साथ उनसे वसूल की जाएगी। उधारकर्ता/जमानतदार /बंधककर्ता ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार संभावित खरीदार को ई-नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भी ला सकते हैं।

दिनांक- 15/11/2025 स्थान - जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी - आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

**HINDUJA HOUSING FINANCE**

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट ( इंफोर्समेंट ) नियम, 2002 के नियन 3( 1 ) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13( 2 ) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 ( उक्त एक्ट ) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 2 ) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुनः देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/JBR/CDWR/A000000247 श्री भीमराव घुगल श्रीमती ज्योत्सना गणेश ढोके श्री गणेश नारायण ढोके श्रीमती नेहा घुगल | 07/11/2025 Rs. 14,54,002/- | मौजा-बोरगवां पी.एच.एन. 57/18, बी.एन. 287, तहसील सुआसर एवं जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) में भूमि का पूरा टुकड़ा, जिसका खसरा संख्या 365/1/1 है, क्षेत्रफल - 0.0110 हेक्टेयर, सीमांकित - पूर्वः चैतराम प्रजापति का घर, पश्चिमः क्रेता का घर, उत्तरः तरेन्द्र देशमुख का घर, दक्षिणः 4 फीट चौड़ी सार्वजनिक नाली |
| MP/JBR/BLGT/A000000139 श्री फैजान खान श्रीमती अफसरी खान श्री मोहम्मद नाहिद खान | 07/11/2025 Rs. 10,04,710/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल प्लॉट मौजा - बालाघाट वार्ड नं.03, पी.एच.एन. नं. 13/2, आर.एन.एम बालाघाट - 2, तहसील और जिला बालाघाट खसरा नं. 242/3/2/22, 243/8 खा /22 माप क्षेत्र- 675 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्वः अब्दुल गफ्फार खान का प्लॉट, पश्चिमः हरि सोनी का प्लॉट, उत्तरः विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिणः रोड |
| MP/JBR/JBLP/A000000551 श्री गौरव शर्मा श्रीमती प्रीति शर्मा | 07/11/2025 Rs. 22,45,205/- | मौजा झुरुझुरु पी.एच.एन. 49, क्षेत्रीय कार्यालय महाराजपुर, तहसील पानागर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश में कवर की गई जमीन का पूरा टुकड़ा। आराजी संख्या 114/3 के हिस्से पर ब्लॉक सी प्लॉट नंबर 1 और 2 पर निर्मित मकान, क्षेत्रफल - 1900 वर्ग फीट, सीमा इस प्रकार है - पूर्वः साइड रोड, पश्चिमः ब्लॉक सी2 प्लॉट 1 और 2 अमित और गोविंद का, उत्तरः प्लॉट नंबर 3 ब्लॉक सी अनुराग दहिया का, दक्षिणः साइड रोड |
| MP/JBR/JBLP/A000000417 श्री कैलाश ठाकरे श्री आशाराम ठाकरे श्रीमती लक्ष्मी चौहान | 07/11/2025 Rs. 10,91,188/- | संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल मौजा भूधि प.न. 13/1 बालाघाट -2 तहसील और जिला बालाघाट खसरा नं 102/4 के/1/1/1/1 माप क्षेत्र- 0.005 हेक्टेयर सीमा - पूर्वः सोनाजी जी का प्लॉट, पश्चिमः 20 फिट रोड, उत्तरः गोस्वामी जी का प्लॉट, दक्षिणः विक्रेता का घर |
| MP/JBR/BLGT/A000000259 श्री महा नंद बोपचे श्रीमती संगीता चौधरी श्रीमती भैयालाल बोपचे | 07/11/2025 Rs. 24,17,570/- | संपूर्ण टुकड़ा और पार्सल मौजा - संपत्ति खसरा नंबर 298/1 गुड़मा फोन नंबर 103 आर.एन.एम तहसील और जिला सिवनी में स्थित है। माप क्षेत्र- 0.045 हेक्टेयर सीमा - पूर्वः कच्ची सड़क, पश्चिमः कच्ची सड़क, उत्तरः गोविंद किशोर पुत्र तियालाल पवार, दक्षिणः सब्जी पुत्र शोभाराम पवार |
| MP/CDA/PDHA/A000000057 श्री महेश गिरहरे श्रीमती प्रीति गिरहरे | 07/11/2025 Rs. 17,55,769/- | सभी टुकड़े और पार्सल - नगर पालिका पांढुर्ना का घर, वार्ड नंबर 30 शंकर नगर पांढुर्ना और मौजा- बम्हनी खसरा नंबर 368/2, तहसील - पांढुर्ना, जिला- छिंदवाड़ा म.प्र. माप क्षेत्र- 900 वर्ग. फीट की सीमा - पूर्वः सीमेंट रोड, पश्चिमः चैतराम रबडे का घर, उत्तरः विक्रेता तुकाराम खडसे का घर, दक्षिणः 15 फीट सीमेंट रोड |
| MP/JBR/SEON/A000000077 श्री पंकज चांदोरे श्रीमती सुशीला चांदोरे श्री सुभाष कुमार चंदोरे श्री गंगा चंदोरे | 07/11/2025 Rs. 17,44,295/- | ग्राम पिंडकापार खसरा संख्या 74/22 पी.एच.एन. 17/18 पिंडकापार जिला:- सिवनी तहसील - कुरई के सभी टुकड़े पिंडकापार जिला सिवनी मध्य प्रदेश में स्थित हैं। माप क्षेत्र- 0.02 हेक्टेयर। सीमा इस प्रकार है - पूर्वः गणेश पार्षद की भूमि, पश्चिमः शुक्ला का मकान, उत्तरः सड़क, दक्षिणः घुड़ो बाई का क्षेत्र |
| MP/JBR/CDWR/A000000121 श्री प्रवीण देशमुख श्री प्रमोद देशमुख श्रीमती बेबी बाई देशमुख श्री साहेबराव देशमुख | 07/11/2025 Rs. 10,68,702/- | सभी टुकड़े और पार्सल मौजा राजना बी.एन. 342 और फोन नंबर 68 तहसील पाधुरना जिला छिंदवाड़ा एम.पी. 480337 खसरा नंबर 1238/1 माप क्षेत्र- 2000 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्वः सुरेश देशमुख का प्लॉट, पश्चिमः संजय देशमुख का प्लॉट, उत्तरः विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिणः 12 फीट कच्ची सड़क |
| MP/JBR/BLGT/A000000140 श्री संदीप पाटले श्रीमती अनिता पटले | 07/11/2025 Rs. 5,01,885/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल मौजा चिचगांव पटवारी हल्का 06, तहसील - कटंगी जिला बालाघाट खसरा नंबर 112/33, 113/33 क्षेत्रफल- 1000 वर्ग फीट है, जिसकी सीमा इस प्रकार है - पूर्वः महेश नागवानी का प्लॉट, पश्चिमः रोड, उत्तरः ज्योति करसर्पे का प्लॉट, दक्षिणः गंगा बामचेर का प्लॉट |
| MP/JBR/CDWR/A000000553 श्री सतीश सूर्यवंशी श्री रामदयाल सूर्यवंशी श्रीमती सविता सूर्यवंशी | 07/11/2025 Rs. 17,15,769/- | संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल लुनियाभांड छिंदवाड़ा वार्ड नंबर 35 बीएन - 221 पी.एच.एन. 14 छिंदवाड़ा -2 तहसील - छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा खसरा नंबर 188/2 माप क्षेत्र - 0.049 हेक्टेयर सीमा - पूर्वः कच्चा रास्ता, पश्चिमः रामनाथ, रामगणेश सुरवंशी का प्लॉट, उत्तरः देवेंद्र सूर्यवंशी का घर, दक्षिणः कंचन धुर्वे का प्लॉट |
| MP/JBR/BLGT/A000000379 श्री उग्रसेन पटले श्रीमती सुष्मिता पाटले श्रीमती देवका पाटले श्रीमती दिमाकचंद पटले | 07/11/2025 Rs. 38,63,133/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल प्लॉट है, ग्राम बाघोली फोन नंबर 22 आर.एन.एम. और तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट एम.पी., खसरा नंबर 37/1, माप क्षेत्र- 2180 वर्ग फीट, सीमांकित क्षेत्र - पूर्वः नहर, पश्चिमः राधेबाई का प्लॉट, उत्तरः रतिराम और अन्य की भूमि, दक्षिणः पी.डब्ल्यू.डी रोड |
| MP/JBR/NRSP/A000000229 श्री विवेक कुमार गुमास्ता श्रीमती कल्पना गुमास्ता | 07/11/2025 Rs. 20,26,041/- | ऑल द पीस एंड पार्सल मौजा - छोटा छिंदवाड़ा एन.बी. 175 पी.एच. एन. नं. 45/16 आर.एन.एम. एवं तह. गोटेगांव जिला नरसिंहपुर नया कसरा नं. 121/10/8/2/2 माप क्षेत्र- 1200 वर्ग फीट सीमांत - पूर्वः जितेंद्र जैन का मकान, पश्चिमः बरडिया जी का प्लॉट, उत्तरः नाले सहित 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः बरडिया जी की जमीन |
| MP/JBR/REWA/A000000732 श्री रजनीश पटेल श्रीमती कुसुमकली पटेल श्री ललिता प्रसाद पटेल | 08/11/2025 Rs. 12,30,185/- | खसरा संख्या 201/13/1, वार्ड कॉलोनी- 3, समान बस्ती मार्ग के अंदर बाहर का हिस्सा, वार्ड – 15, शिव प्रसाद कॉलोनी, हुजूर- जिला- रीवा, म.प्र.- 486001 माप क्षेत्र- 1280 वर्ग फीट परिसीमा - पूर्वः रोशन लाल पटेल का मकान, पश्चिमः राम सलोन पटेल का मकान, उत्तरः आरसीसी रोड, दक्षिणः देवेंद्र सिंह का मकान |
| MP/JBR/KTNI/A000000567 श्री रवि कुमार वरयानी श्रीमती प्रिया वरयानी श्री राज कुमार | 08/11/2025 Rs. 11,20,767/- | मौजा पडरवारा, बाबा नारायण शाह वार्ड नंबर 39, कटनी, प.एच नंबर 33, सर्कल मुरवारा, तहसील और जिला कटनी, नगर निगम मकान नंबर 1249 माप क्षेत्र - 1425 वर्ग फीट सीमा - पूर्वः अनिल वरयानी का घर, पश्चिमः घनश्याम वरयानी का घर, उत्तरः आम सड़क, दक्षिणः गोपीचंद वरयानी का घर |
| MP/JBR/KTNI/A000000184 श्री उदयभान यादव श्रीमती संगीता यादव | 08/11/2025 Rs. 2,75,206/- | खसरा संख्या 266/14 के(एस) ग्राम नरसिंहपुर, डिहिया, नरसिंहपुर, तहसील हुजूर जिला रीवा, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 माप क्षेत्र-208.172 sq mt. सीमा - पूर्वः उदयभान का घर, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः 3 फीट सड़क, दक्षिणः धनपत यादव का घर |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13( 4 ) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर ( म.प्र. ) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Gourav Naik - 75877 48188, Divyank Shrivastava - 831 822 5992


दिनांक - 15/11/2025

प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

चिंतन

# बिहार के नए जनादेश के पीछे सुशासन व स्थिरता

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन के लिए खुशी व उत्साह लेकर आए, वहीं राहुल गांधी की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन के लिए सीख हैं। उनके वोट चोरी के आरोपों को मतदाताओं ने गंभीरता से नहीं लिया है। जिस तरह से राजग उम्मीदवारों के पक्ष में भारी मतदात हुआ है, ये केवल और केवल एक राजनीतिक जीत नहीं बल्कि बिहार की जनता के मन में पनपे भरोसे, उम्मीद और बदलते राजनीतिक विवेक का बहुत प्रबल संदेश भी है। जिस तरह से जनता ने अपना फैसला सुनाया, वह दर्शाता है कि मतदाता अब न केवल सजग हैं, बल्कि वे नीति, नीयत और परिणाम आधार पर ही अपना मत निर्धारित कर रहे हैं। यह प्रचंड विजय इस बात का प्रमाण भी है कि बिहार की जनता सुशासन और स्थिरता पसंद कर रही है। बिहार में लंबे समय तक जाति समीकरण चुनाव जीतने के सरल सूत्र माने जाते थे। इस बार ये पुराना ढांचा पूरी तरह अप्रासंगिक साबित हुआ है। मतदाता अब केवल पहचान के आधार पर मतदान नहीं करता, वह विकास के अवसरों, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन को प्राथमिकता देता है। राजग की नीतियों ने आम मतदाता के मन में यह विश्वास जगाया कि देश के अति पिछड़े राज्य बिहार के विकास का पहिया तेज़ गति से घूम सकता है। सड़क, बिजली, गैस, सिंचाई, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में जो विस्तार हुआ, उसने मतदाता के मन में यह धारणा स्थापित हुई कि विकास की निरंतरता उसी राजनीतिक संगठन से संभव है, जिसने इन आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की अगुवाई में विपक्ष की सबसे बड़ी भूल यह रही कि उसने सोशल मीडिया की चमक को वास्तविक जनभावनाओं का प्रतिनिधि मान लिया। डिजिटल अभियानों में ऊर्जा भले ही दिखी, पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर पर उनकी उपस्थिति कमजोर रही। सोशल मीडिया प्रचार में रंग तो जमाता है, लेकिन मतदान का फैसला तभी होता है जब मतदाता को यह भरोसा हो कि उसका जीवन सुरक्षित, स्थिर और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन भरोसे की नींव तैयार करने में असफल रहा। इस चुनाव परिणाम से एक बात साफ हो गई कि जनता विरोध नहीं, विकल्प चाहती है। ऐसा विकल्प जो केवल व्यवस्था की आलोचना न करे, बल्कि बेहतर व्यवस्था का भरोसेमंद रोडमैप प्रस्तुत करे। एनडीए यह विश्वास दिलाने में सफल रहा कि शासन क्षमता, नीति की दृढ़ता और समाज के हर वर्ग से जुड़ने की शक्ति उसके पास है। विपक्ष केवल सरकार विरोध पर ही निर्भर होकर रह गया। तेजस्वी यादव एक के बाद एक ऐसी घोषणाएं कर रहे थे, जिन्हें पूरा करना संभव ही नहीं। सच यह है कि मतदाता अब भावनात्मक राजनीति से कहीं आगे निकल चुका है। अब वो सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देता है। महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, युवाओं की आर्थिक आकांक्षाएं और ग्रामीण मतदाता की व्यावहारिक सोच, ये सभी मिलकर भारतीय राजनीति का नया ढांचा गढ़ रहे हैं। भाजपा इस परिवर्तन को समझने में जितनी सक्षम दिखी, विपक्ष उतना ही भटका नजर आया। बस इसी ने तय कर दिया बिहार का नया जनादेश। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि राज्यभर में एकतरफा माहौल धीरे-धीरे विकसित होता गया।



जनादेश
कांतिलाल मांडोत

# बिहार में सुशासन की निर्णायक जीत

> बिहार की राजनीति लंबे समय से दो विरोधी धुरों के बीच झूलती रही है। एक ओर सुशासन, विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था की राजनीति, और दूसरी ओर अव्यवस्था, कट्टा संस्कृति, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और पुराने 'जंगलराज' की यादें। हालिया चुनावों ने इन दोनों धाराओं के बीच चल रही जंग पर निर्णायक मुहर लगा दी है। जनता ने जिस स्पष्टता और मजबूती से अपना संदेश दिया है, उसने राजनीति के कई भ्रम तोड़ दिए और यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि व्यवहारिक शासन, स्थिर नेतृत्व और विकास की ठोस दिशा को प्राथमिकता देती है। बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि सुशासन ही सबसे बड़ी राजनीति है।

बिहार की राजनीति लंबे समय से दो विरोधी धुरों के बीच झूलती रही है। एक ओर सुशासन, विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था की राजनीति, और दूसरी ओर अव्यवस्था, कट्टा संस्कृति, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और पुराने 'जंगलराज' की यादें। हालिया चुनावों ने इन दोनों धाराओं के बीच चल रही जंग पर निर्णायक मुहर लगा दी है। जनता ने जिस स्पष्टता और मजबूती से अपना संदेश दिया है, उसने राजनीति के कई भ्रम तोड़ दिए और यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि व्यवहारिक शासन, स्थिर नेतृत्व और विकास की ठोस दिशा को प्राथमिकता देती है। महागठबंधन ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे और विवादित आरोप लगाए। वोट चोर, गद्दी चोर, एसआईआर मुद्दे पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप से कांग्रेस की स्थिति बिगड़ी है लेकिन जनता ने इन आरोपों को खारिज करते हुए यह जाहिर कर दिया कि नकारात्मक राजनीति अब असरदार हथियार नहीं रही। मतदाता अब काम कानून व्यवस्था, जनसेवा और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देता है। इस चुनावी नतीजे ने यह स्थापित कर दिया कि बिहार की राजनीति नए युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां भावनाओं के बजाय सुशासन की ठोस जमीन पर नेतृत्व का मूल्यांकन हो रहा है। जनता भावनाओं से आगे बढ़ चुकी है। एक समय था जब बिहार की राजनीति का ढांचा जातिगत समीकरणों, जनभावनाओं और राजनीतिक नाटकीयता पर आधारित माना जाता था, लेकिन इस चुनाव ने इस सोच को झकझोर दिया है। जाहिर है, बिहार की जनता अब सत्ता परिवर्तन सिर्फ नाराजगी या भावनात्मक उभार के आधार पर नहीं करती, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और प्रगति की दिशा को तरजीह देती है। महागठबंधन ने पूरी ताकत से नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश की।

मोदी सरकार पर अपमानजनक टिप्पणियों से माहौल बिगड़ गया। जातिगत ध्रुवीकरण की कोशिशें हुई परन्तु बहुत बड़ा आघात मोदी को उस समय लगा जब मोदी की मां को विपक्ष ने गंदी गालिया दी। कहा गया, एनडीए का विरोध करने वाले नेताओं का कोई ढोर नहीं है। कांग्रेस के खाते में चार सीटें आना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियां पार्टी के खिलाफ है। राहुल ने ऐड़ी चोटी का जोर लगाया लेकिन अंततः करारी हार नसीब हुई है। तेजस्वी ने 19 नवम्बर को शपथ लेने की बात भी कर दी थी लेकिन सारे अरमान धराशायी हुए। अब एनडीए पर आरोपों की धज्जियां उड़ाई जाएगी। लेकिन बिहार के मतदाताओं ने शांत मन से यह मूल्यांकन किया कि कौन-सा नेतृत्व राज्य को स्थिरता, सुरक्षा और विकास की राह पर ले जा सकता है। जनता ने यह भी समझा कि सिर्फ विरोध के नाम पर राजनीति टिकाऊ नहीं हो सकती, जब तक उसके पास दृष्टि और साफ नीयत न हो। बिहार ने तुलना करके निर्णय दिया है। बिहार के राजनीतिक विमर्श में दो शब्द हमेशा प्रमुख रहे हैं जंगलराज और सुशासन। बिहार चुनाव में भी यही दो मॉडल आमने-सामने थे। एक सुशासन का मॉडल और दूसरा कानून-व्यवस्था में सुधार। बिहार में संगठित प्रशासन, भ्रष्टाचार विरोधी कदम, विकास परियोजनाओं का विस्तार और शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में निवेश जैसे मुद्दे चर्चा में रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा




योजनाएं और अपराध नियंत्रण और आधुनिक पुलिसिंग से जनता अभिभूत होती दिखाई दी। अव्यवस्था/कट्टा संस्कृति का मॉडल विपरीत परिणाम दे गया। जिन राज्यों में अतीत में ऊंची अपराध दर, रंगदारी, अपहरण उद्योग, गुंडागर्दी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी प्रमुख धारा में रहे, उसकी यादें कभी मिटती नहीं। बिहार की जनता ने इस चुनाव में इन दोनों मॉडलों की तुलना करते हुए स्पष्ट और निर्णायक फैसला सुनाया है। यह स्पष्ट है कि वह किसी भी रूप में अतीत की अराजकता को वापस नहीं देखना चाहती। कट्टा संस्कृति बनाम क़ानून-व्यवस्था यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं, सामाजिक प्रश्न था। बिहार में कट्टा संस्कृति और अपराध की राजनीति सिर्फ राजनीतिक मुद्दे नहीं थे। वे समाज की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े प्रश्न थे। महागठबंधन इस धारणा को मिटाने में असफल रहा कि उनके कई जनाधार वाले क्षेत्रों में अतीत में अपराध और राजनीतिक संरक्षण का गठजोड़ दिखाई दिया था। वहीं दूसरी ओर, स्थिर नेतृत्व ने लगातार यह संदेश दिया कि कानून-व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं होगा। मतदाता ने फिर साबित कर दिया कि सुरक्षा विकास की पहली शर्त है। एसआईआर विवाद से आरोपों की राजनीति का उल्टा असर देखने को मिला। चुनावों में महागठबंधन ने एसआईआर को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा करने का प्रयास किया और प्रधानमंत्री मोदी पर कई मनगढ़ंत आरोप लगाए। लेकिन जनता ने इस वाद-विवाद के राजनीतिक मकसद को समझ लिया। जब आरोप तथ्यों के बजाय भावनाओं पर आधारित हों, तो वे अक्सर उल्टा असर डालते हैं। मतदाता किसी भी नेतृत्व को निराधार आरोपों में उलझता देखना पसंद नहीं करता है। उसके लिए मायने रखता है। "वोटचोर" और "गद्दी चोर" जैसे शब्दों का परिणाम राजनीतिक गरिमा पर चोट करते है। लिहाजा, महागठबंधन ने चुनाव प्रचार की भाषा को जिस तरह व्यक्तिगत और कटु बना दिया, उससे एक बड़ा वर्ग असहज हुआ। राजनीति में गरिमा, संतुलन और संयम महत्वपूर्ण हैं। जब नेता अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं, तो वह उनके चरित्र का परिचय भी देता है। आम मतदाता के मन में यह सवाल उठा कि क्या ऐसे नेतृत्व पर शासन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है? नतीजा यह हुआ कि नकारात्मक अभियान अपना असर खो बैठा और जनमत सुशासन की ओर झुकता चला गया। विकास का एजेंडा क्यों जीता? क्योंकि विकास अब राजनीति का विकल्प नहीं, बल्कि आधार बन चुका है। बिहार के मतदाताओं ने उन क्षेत्रों में हुए बदलावों को महसूस किया है। सड़कें बेहतर हुई है। बिजली आपूर्ति स्थिर हुई। अस्पतालों का विस्तार, कृषि परियोजनाएं, महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में कदम और रोजगार योजनाएं और कौशल केंद्र युवाओं के लिए छात्रवृत्ति व सहायता कार्यक्रम आदि मुख्य बिंदु थे।

महागठबंधन ने बहुमत का भ्रम फैलाया था लेकिन तेजस्वी को हार का सामना करना पड़ा। वही कांग्रेस के खाते में 5 सीटें मिली है। एनडीए खाते में 200 पार का आंकड़ा है। महागठबंधन इन मोर्चों पर ठोस प्रस्तुति देने में असफल रहा। भाषणों से विकास नहीं होता और मतदाता अब केवल नारों से प्रभावित नहीं होते। छवि की राजनीति में कौन विश्वसनीय है? यह चुनाव छवि के आधार पर भी लड़ा गया था। दो छवियां सामने थीं, जिसमें स्थिर, स्पष्ट, ईमानदार और काम-केंद्रित नेतृत्व था। महागठबंधन की करारी हार यह बताती है कि मनगढ़ंत आरोप, नकारात्मक राजनीति और भ्रम फैलाने से चुनाव नहीं जीते जाते। बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि सुशासन ही सबसे बड़ी राजनीति है। यही कारण है कि इस बार जनता ने कटुता को नहीं, विकास, साफ छवि और कानून-व्यवस्था को चुना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा पुंज के समान है मुंडा का जीवन


आदिवासी जनजातीय समाज के हृदय सम्राट युवा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक छोटे गरीब किसान परिवार में हुआ था। मुंडा एक जनजातीय समूह था जो छोटा नागपुर पठार झारखंड निवासी था। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई। 1890 में बिरसा और उनके परिवार ने भी चाईबासा छोड़ दिया था। 1891 में बिरसा मुंडा आनंद पांडे के संपर्क में आए जो कि रामायण और महाभारत के अच्छे ज्ञाता थे। इन्होंने ब्रिटिश सरकार की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध जनजातीय आदि समाज को संगठित कर दो दल बनाए एक दल धार्मिक प्रचार का और दूसरा राजनीतिक गतिविधियों को संचालित करने का। जनजातीय आदि समाज में बिरसा मुंडा के बढ़ते हुए अनुयायियों को देखते हुए 1895 में इनको पहली बार गिरफ्तार किया गया। वे अपने मुंडा समाज में तब धार्मिक गुरु के रूप में स्थापित हो चुके थे। आगे चलकर धर्म सुधार का यह आंदोलन राजनीतिक आंदोलन में बदल गया। बिरसा मुंडा ने आदिवासी मूल सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए ब्रिटिश सरकार के अन्याय और शोषण के विरुद्ध एक बड़े धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया जिसे उलगुलान कहा जाता है। बिरसा मुंडा पूर्ण रूपेण आदिवासी समाज के उत्थान हेतु कार्यरत रहे। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए बिरसा ने अपने संपूर्ण आदिवासी समाज को बलिदान हेतु प्रेरित किया। बिरसा मुंडा का पूरा आंदोलन 1895 से लेकर 1900 तक चला। आदिवासी समाज पर बिरसा मुंडा की गहन पकड़ थी। उनके प्रेरक उपदेशों में उमड़ने वाली भीड़ को देखकर ब्रिटिश सरकार चिंतित हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने बड़ी चालाकी के साथ रात के समय में बिरसा को पकड़ कर दो वर्ष का कार्यवास दंड दिया। 30 नवंबर 1897 को जेल से इस शर्त पर इनको रिहा किया गया, वह कभी भी आंदोलन नहीं करेंगे। आदिवासी मुंडा समाज की दयनीय स्थिति को देखकर ये अपने आप को नहीं रोक सके। ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध गुप्त रूप से बिरसा ने नए आंदोलन की तैयारी शुरू की। उस समय चल रहा सरदार आंदोलन जो सुस्त हो गया था। उसके आंदोलनकारी भी बिरसा के साथ हो गए। गुप्त बैठकों में नई रणनीति बिरसा के द्वारा तैयार की गई। इसके फल स्वरूप आदिवासी जनजाति क्षेत्र खूंटी, तमाड़, सरवाडा, बंदगांव, बसिया मे उनके नेतृत्व में नई क्रांति का प्रारंभ हुआ। आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत में जहर घोल रहे ईसाई पादरियों पर इन्होंने खुलकर प्रहार किया। पादरियों के द्वारा फैलाए जा रहे अंधविश्वास का बिरसा ने जमकर विरोध किया, जिसके फलस्वरूप आदिवासी समाज में एक नई क्रांति और आत्म गौरव का जागरण हुआ। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश सरकार से टकराने के लिए अपनी अलग सेना तैयार की।

उनकी सेना तीर कमान चलाने में पूरी तरह से कुशल थी। सन 1897 से 1900 तक बिरसा मुंडा के साथियों और अंग्रेजों में अनेक युद्ध हुए। 1898 में हुई भिड़ंत में बिरसा के 300 तीर कमान से युक्त साथियों ने अंग्रेजों को हराकर भगा दिया था। बिरसा मुंडा के आंदोलन से ब्रिटिश सरकार भयभीत हो गई थी। इस युवा क्रांति वीर ने सर्वप्रथम यह घोषणा कर दी थी कि ब्रिटिश सरकार का राज्य यहां समाप्त हो चुका है। बिरसा ने अपने आदिवासी समुदाय के बीच एक बड़ा प्रसिद्ध नारा दिया 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' इसका अर्थ था, अपना देश अपना राज। बिरसा ने जमीदारों और ब्रिटिश पुलिस के बढ़ते अत्याचारों और शोषण का सदैव सशस्त्र क्रांति के माध्यम से विरोध किया। इनका चिंतन था कि आदर्श भूमि व्यवस्था तभी संभव हो सकती है, जब यूरोपियन अफसर और मिशनरी के लोग यहां से पूरी तरह से हट जाएं। 1899 तक इन्होंने संपूर्ण आदिवासी समाज में एक नई क्रांति का आगाज कर दिया था।

बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अधिकारों तथा स्वतंत्रता के लिए सदैव तत्पर रहे। आदिवासी भूमि अधिकार एवं मूल पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के संरक्षक माने जाते हैं। आदिवासी समाज में बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा दिया गया है। इनको धरती आबा अर्थात धरती का पिता कहा जाता है। ये भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। बिरसा एक युवा निडर क्रांतिकारी नेता थे। बिरसा का जीवन संघर्ष से परिपूर्ण है जो आदिवासी समाज को अन्याय शोषण के विरुद्ध खड़ा होने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। बिरसा जीवन पर्यंत आदिवासी मूल सांस्कृतिक विरासत, आत्म सम्मान की रक्षा हेतु समर्पित रहे। संपूर्ण आदिवासी समाज के लिए उनका जीवन एक प्रेरणा पुंज के समान है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

# आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का। यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया। उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में। उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आधुनिक भारत के निर्माता जवाहर लाल नेहरू

भारत में निःसंदेह अंतर्निहित आधारभूत एकता विद्यमान रही है, जो इतनी गहरी है कि भौगोलिक या एकता रस, भाषा, आचार व्यवहार तथा सम्प्रदायों की विविधताओं से ऊपर है। विशाल समुद्र की भांति हजारों नदियां इसमें मिलती रही और अनेक तूफान आए जिससे सतह पर समुद्र ही बना रहा। यह देखकर आश्चर्य होता है कि भारत को आत्मसात करने की क्षमता तथा दूसरों के अनुरूप अपने आपको ढालने की प्रक्रिया किस तरह सतत विद्यमान रही। भारत यह सब केवल इसलिए कर सका क्योंकि स्वतंत्रता के बाद भारत को संवारने का काम नेहरू जी ने अपने हाथों में लिया। भारत के विकास में उनके योगदान के कारण ही वह आधुनिक भारत के निर्माता कहलाते हैं। - **विवेक साहू**, धमतरी

## करंट अफेयर

### बीबीसी ने भ्रामक संपादन को लेकर ट्रंप से माफी मांगी

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के भ्रामक संपादन के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांगी, लेकिन यह भी कहा कि वह इस दलील से पूरी तरह असहमत है कि मानहानि के मुकदमे की ठोस वजह है। बीबीसी ने कहा कि इसके चेयरमैन समीर शाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत रूप से एक पत्र भेजकर कहा है कि वह और बीबीसी ट्रंप के उस भाषण के संपादन पर खेद जताते हैं, जो उन्होंने अपने समर्थकों द्वारा अमेरिकी संसद भवन पर धावा बोलने से पहले दिया था। बीबीसी ने यह भी कहा कि उस वृत्तचित्र को दोबारा प्रसारित करने की कोई योजना नहीं है, जिसमें ट्रंप के भाषण के लगभग एक घंटे के अंतराल के हिस्सों को जोड़कर प्रस्तुत किया गया था। ट्रंप के वकील ने बीबीसी को एक पत्र भेजकर माफी की मांग की थी और एक अरब डॉलर का हर्जाना देने के लिए मुकदमे की धमकी दी थी। बीबीसी के भारतीय मूल के अध्यक्ष समीर शाह ने ट्रंप के भाषण को एक वृत्तचित्र के लिए संपादित करने के तरीके में हुई 'निर्णय की त्रुटि' के लिए सोमवार को भी माफी मांगी थी।




## ऑफ बीट

### कुत्तों और इंसानों का रिश्ता 10 हजार साल से अधिक पुराना

गांव की गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्तों से लेकर घरों में पाले जाने वाले टॉय पूडल और मास्टिफ तक, अलग-अलग रंग-रूप, आकार और व्यावहारिक गुणों वाली कुत्तों की सैकड़ों नस्लें पाई जाती हैं। मौजूदा समय में लगभग 70 करोड़ कुत्तों के इंसानों के साथ या उनके आसपास रहने का अनुमान है। हममें से कई लोगों के लिए कुत्ते एक वफादार साथी और परिवार के प्रिय सदस्य की तरह होते हैं। और इतिहास बताता है कि कुत्तों और इंसानों के बीच रिश्तों की जड़ें सदियों पुरानी हैं। इतनी बड़ी संख्या वाले ये जीव कब अस्तित्व में आए और इंसानों के साथ इनका रिश्ता कैसे कायम हुआ? 'साइंस' पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित दो नये अध्ययन इन सवालों का जवाब देने की कोशिश करते हैं। मॉन्टपेलियर विश्वविद्यालय की एलोवेन एविन के नेतृत्व में किया गया पहला अध्ययन कुत्तों के प्राचीन अवशेषों पर आधारित है। वहीं, कुनमिंग इंस्टीट्यूट ऑफ जूलॉजी के शाओ-जी झांग की अगुवाई में हुए दूसरे अध्ययन में प्राचीन पूर्वी यूरेशियन कुत्तों के डीएनए को केंद्र में रखा गया है। कुल मिलाकर दोनों अध्ययनों से पता चलता है कि कुत्तों और इंसानों के साथ उनके संबंधों की कहानी अनुमान से कहीं अधिक पुरानी और जटिल है।



## ट्रेंड

### बिहार वासियों को नमन

'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है।
- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### कोटि-कोटि नमन

'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सम्मान, समानता और स्वाभिमान के लिए जनजागरण का प्रेरणास्रोत है। स्वाधीनता संग्राम के महानायक मुंडा की जयंती के पूर्व दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं 'जनजातीय गौरव दिवस' की शुभकामनाएं।
- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**




### असम में हिंदू अल्पसंख्यक

दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में डॉक्टर जिहाद से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनकी असम से तुलना नहीं की जा सकती। यहाँ स्थिति और भी गंभीर है। कई ज़िलों और गाँवों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। अस्पताल, मीडिया और ऐसे कई क्षेत्रों पर उनका पूरा नियंत्रण है।
- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### 'आप' पर भरोसा

तरन-तारन उपचुनाव में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने साफ़ कर दिया है कि पंजाब की जनता को काम की राजनीति और भगवंत मान का ईमानदार नेतृत्व ही पसंद है। पंजाब ने एक बार फिर आप पर अपना भरोसा जताया है।
- **अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बिहार चुनाव परिणाम से एनडीए में भारी उत्साह, लेकिन महागठबंधन हो गया 'तबाह'

इस बार इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की

# राजग की आंधी में बुझ गई लालटेन, नीतीश के तीर ने तेजस्वी और राहुल को दे दी बड़ी 'पीर'

जेडीयू और भाजपा के कार्यकर्ता जश्न में डूबे रहे। यह ऐसी जीत है जिसकी कल्पना खुद एनडीए के शीर्ष नेता भी नहीं कर रहे थे। एनडीए के शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर इतनी सीटें जीतने का दावा नहीं किया था। लेकिन यह एक बहुत बड़ी जीत रही


राजद कार्यकर्ता बताते हुए कि लालटेन बुझ गई।

**पटना नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव की तस्वीर अब पूरी तरह सामने आ गई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए शानदार जीत हासिल की है। एनडीए ने पूर्ण बहुमत क्या अब तक की तकरीबन सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दूसरी तरह महागठबंधन का बुरी तरह सफाया हो गया है। वह पूरी तरह से सिमटता दिख रहा है। जेडीयू और भाजपा के कार्यकर्ता जश्न में डूबे रहे। यह ऐसी जीत है जिसकी कल्पना खुद एनडीए के शीर्ष नेता भी नहीं कर रहे थे। एनडीए के शीर्ष नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर 160 तक सीटें जीतने का दावा किया था। ऐसे में इस जीत से कार्यकर्ताओं का उत्साहित होना लाजिमी है।एक जेडीयू कार्यकर्ता ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए एक बड़ा संदेश दे दिया। जेडीयू कार्यकर्ता ने एक हाथ में तीर लेकर लालटेन और कट्टे पर निशाना साधता दिखा। लालटेन राजद का चुनाव चिन्ह है जबकि पूरे चुनाव में एनडीए ने राजद पर कट्टा वाली पार्टी होने का आरोप मढ़ा था। इस तस्वीर में लालटेन का शीशा टूटा रहा। जेडीयू कार्यकर्ता यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि तीन से वार से लालटेन का क्या हाल हो गया है? एनडीए की इस आंधी में राजद अपने इतिहास की दूसरी सबसे बुरी हार की ओर बढ़ रही है। इससे पहले 2010 के चुनाव में राजद केवल 22 सीटों पर सिमट गई थी।

## बिहार के नतीजे ने मुख्यमंत्री को बनाया दमदार

### सुशासन,बेदाग छवि और महिलाएं, नीतीश को बना दिया 'अजेय'

बिहार में एक बार फिर सत्ता का ताज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सिर सजन गया है। एनडीए गठबंधन बिहार में निर्णायक जीत की ओर बढ़ रहा है। अभी तक के चुनाव परिणाम के मुताबिक भाजपा और जदयू गठबंधन ने बहुत बड़ी जीत दर्ज की है। महिला वोटरों की पहली पसंद रहे नीतीश कुमार एक बार फिर अपने परंपरागत मतदाताओं के दम पर सत्ता में दमदार वापसी की है। उनकी बेदाग और सुशासन बाबू की छवि महागठबंधन के मुद्दों पर भारी पड़ती दिख रही है। नीतीश की इस जीत के कई मायने हैं। मनीतीशने इस चुनाव से पहले बिहार में अपने परंपरागत मतदाताओं को साधने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का एलान किया था। इसके तहत सरकार की ओर से 1.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10 हजार रुपयए की सहायता राशि भेजी गई थी। इससे पहले भी नीतीश महिला मतदाताओं के रिझाने के लिए कई योजना का एलान कर चुके हैं।



चुनाव परिणाम के बाद खुशी का इजहार करते एनडीए के कार्यकर्ता

**चुनाव प्रचार में नीतीश की चुप्पी**

चुनाव के ऐलान से पहले नीतीश की सेहत को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं। उनकी सेहत को लेकर कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। विपक्षी दलों के साथ-साथ चुनावी विश्लेषक नीतीश के स्वास्थ्य को एनडीए के लिए घातक मान रहे थे। लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान नीतीश संयमित दिखे, उनकी खराब सेहत के कोई वीडियो सामने नहीं आए। चुनाव में नीतीश अपने काम को गिनाते नजर आए और विपक्ष को लेकर कोई ऐसी बयानबाजी नहीं की, जिससे उन्हें चुनाव में नुकसान पहुंचता।

### नीतीश की शानदार छवि ने भी डाला असर

पूरे चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए लालू यादव के कार्यकाल के 'जंगलराज' के मुद्दे को उठाता दिखा। जिसका असर चुनाव के परिणामों पर भी देखने को मिल रहा है। नीतीश कुमार और भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान लालू यादव के कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था के मुद्दे को लगातार उठाती दिखी। पीएम मोदी, अमित शाह अपनी रैलियों में नीतीश कुमार के सुशासन की जमकर तारीफ करते दिखे थे। नीतीश की शानदार छवि का असर चुनाव परिणामों के तौर पर सामने आया है। 20 साल के शासन के बाद भी नीतीश पर बिहार में मतदाताओं का भरोसा कायम है। इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी नीतीश पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं। वहीं राजनीतिक दलों पर लगने वाले परिवारवाद के आरोपों से भी नीतीश बचे रहे हैं। इसके अलावा शराबबंदी, महिलाओं के लिए रोजगार योजना जैसे कार्यक्रमों ने उनकी छवि को ओर मजबूत बनाया है।

**लंबे अरसे के बाद भी नीतीश पर भरोसा रहा कायम**

### नीतीश ने खेला ऐसा दांव कि टूट गया रिकॉर्ड

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रिजल्ट ने सियासत की तस्वीर साफ हो गई। इस बार बिहार में एनडीए की सुनामी दिखी। नीतीश ने इस बार महिला प्लस युवा फैक्टर को ऐसा बूस्टर डोज दिया है कि महागठबंधन पूरी तरह फंस गया। जिस समीकरण पर लालू-तेजस्वी की राजनीति दशकों से टिकी है, उसी को नीतीश ने कन्वर्ट कर दिया और वो भी इतनी चालाकी से कि महागठबंधन समझ ही नहीं बाया। इस बार नीतीश कुमार ने इसे पूरी तरह बदल दिया और एक नया अर्थ दे दिया- महिला + प्लस युवा। नीतीश की रणनीति बेहद सटीक और जमीन से जुड़ी रही। महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, शराबबंदी, सुरक्षा योजनाएं और लड़कियों की शिक्षा पर फोकस ने महिला वोटों को बड़ी संख्या में एनडीए के पक्ष में कर दिया। वहीं युवाओं को नौकरी, कौशल विकास और 'जंगलराज' की याद दिलाकर एनडीए ने युवा मतदाताओं को भी मजबूती से साधा।

**जीत का जश्न**


पटना: जीत का जश्न मनाते एनडीए के कार्यकर्ता।


पटना: मां को खुशी का लड्डू खिलाते चिराग पासवान।


नई दिल्ली: एनडीए के लोगों ने इस तरह मनाई खुशी


मुंबई। मुंबई में राजग कार्यकर्ताओं ने ढोल-दमाकों के साथ मनाया जश्न


देहादून। उत्तराखंड में जीत की खुशी पर झूमीं महिलाएं।

**बिहार नतीजों का राहुल फैक्टर**

### हाइड्रोजन बम फुस्स, 'वोट चोरी' भी बेअसर बैकफुट पर आए महागठबंधन और 'आका'

बिहार में इस बार राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी रण में अपने सारे धागे खोल कर रख दिए। कसभी राजनीतिक पार्टियों ने जमकर प्रचार-प्रसार और चुनावी वादे किए। इन सब के बीच ऊहापोह इस बात की तेज थी कि बिहार में इस बार महागठबंधन का 'राहुल फैक्टर' चुनावी नतीजे को प्रभावित कर सकता है। कारण है कि बीते कई महीनों से राहुल ने वोट चोरी का मुद्दा खूब उठाया है। पहले प्रेस वार्ता में कई दावे किए, फिर बिहार में खूब रैलियां की और अंत में 'हाइड्रोडन बम' के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। हालांकि महागठबंधन और कांग्रेस के सभी चुनावी समीकरण बेअसर रहे। खासकर राहुल की तरफ से चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोप भी धूमिल होता दिखा।

**राहुल और तेजस्वी का सपना चकनाचूर**
**18 नवंबर को शपथ का देख रहे थे सपना**



चुनाव आयोग के परिणाम से ऐसे में ये भी कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा और जदयू समर्थित एनडीए गठबंधन ने एकतरफा बढ़त हासिल कर बिहार में 'राहुल फैक्टर' पूरी तरह खत्म कर दिया। उनके साथ-साथ तेजस्वी यादव का इस बार मुख्यमंत्री बनने का सपना पर टूट गया है।

**तेजस्वी का वादा और इरादा दोनों विफल**

### नौकरी का दावा और एंटी इनकम्बेंसी ने नहीं दिया साथ, और खा गए बड़ी मात

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित रहे। अभी तक के रुझानों में



एनडीए की डबल सेंचुरी हो चुकी है, जबकि महागठबंधन सिमट गया है। यहां भी राजद और कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब इस बार महागठबंधन ने नौकरियों के इतने बड़े वादे किए, जब नीतीश कुमार के खिलाफ इतनी एंटी-इंकंबेंसी का दावा किया गया, तो आखिर कैसे उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा? ऐसी कौन-सी गलतियां हुई कि तेजस्वी यादव एक बार फिर सत्ता की कुर्सी से दूर रह गए। इस चुनाव में महागठबंधन की हार का सबसे बड़ा कारण उनके दलों के बीच तालमेल का अभाव रहा। शुरुआती समय में खबरें आईं कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करना चाहते। विरोधियों ने भी इस मुद्दे को जमकर उछाला। इसके बाद सीट बंटवारे में कई दिनों की देरी होती रही और आम सहमति नहीं बन सकी। हैरानी की बात यह रही कि नॉमिनेशन की अंतिम तिथि तक कई सीटों पर महागठबंधन के भीतर ही फ्रेंडली फाइट देखी गई।

## परिणामों पर दिग्गजों ने कहाः इंडी ब्लॉक परिणामों को नहीं पचा पा रहा, वो फिर अलाप रहे पुराना राग

**एक और चुनाव, एक और हार**



भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल गांधी! एक और चुनाव, एक और हार! अगर चुनावी हार में निरंतरता के लिए कोई अवॉर्ड होता, तो वे सारे अवॉर्ड जीत जाते। शायद हार भी यह सोच रही होंगी कि वे उन्हें विश्वास से ढूंढ कैसे लेते हैं?

**बुरा जो देखन मैं चला...**



भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज कसने के लिए कबीर दास का एक दोहा पढ़ा और पार्टी से अपील की कि वे नतीजों की पुष्टि के लिए वोटर लिस्ट की जांच कर लें। मैं कांग्रेस को कबीर दास की एक पंक्ति याद दिलाना चाहता हूं कि बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिल्या कोई. जो मन खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोई।

**एनडीए ने भारी मेहनत की**



दिल्ली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि जनता के चेहरों से ही साफ पता चल रहा था कि इस बार एनडीए को भारी जनादेश मिला। नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभी नेताओं ने जबरदस्त मेहनत की है।

**अब बंगाल की होगी अगली बारी**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार की जीत हमारी है। अब अगली बारी बंगाल की है, क्योंकि वहां से भी रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठियों को निकालना जरूरी है। ये परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुक्यमंत्री नीतीश कुमार की मेहनत का परिणाम है।

**नीतीश का करिश्माई नेतृत्व दिखा**



जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने एनडीए के बहुमत के रूझानों पर कहा कि चुनाव से पहले ही मैंने कहा था कि जदयू ने बड़ी जीत दर्ज की। यह नीतीश कुमार की करिश्माई नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। तेजस्वी यादव के ईवीएम और चुनाव आयोग पर आरोपों पर त्यागी ने कहा कि हार के बाद अब वे इसे ईसी और ईवीएम पर थोप रहे हैं।

**जनता को डबल इंजन सरकार पर भरोसा**



केंद्रीय मंत्री और हम (सेक्युलर) के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा कि यह नतीजा अप्रत्याशित नहीं है। हम पहले से कह रहे थे कि एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगा और नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। महागठबंधन का पूरी तरह से सफाया हो गया है। जनता ने पीएम मोदी, नीतीश कुमार और एनडीए पर भरोसा जताया है।

**'ज्ञान' ने आशीर्वाद की रसीद दे दी**



बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि यह जो ऐतिहासिक जीत है। यह प्रधानमंत्री का जो आग्रह था कि ज्ञान का विकास यानी- गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी, इनके विकास के लिए आप (कार्यकर्ता) काम करते रहो और उसका आशीर्वाद जनता आपको देगी। जाति, धर्म न देखते हुए सभी लाभार्थियों को लाभ मिले।

**लोक कल्याणकारी नीतियों पर मुहर**



सीएम योगी ने एक्स पर एनडीए की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। प्रचंड विजय की समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं जनता का अभिनंदन करता हूं। यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री के विकासोन्मुख मार्गदर्शन और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास की मुहर है।

**बिहार की जीत हमारी, बंगाल की बारी**



पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के लीडर और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा दिया कि एक ही नारा है- बिहार की जीत हमारी है, अब बंगाल की बारी है। इस खबर में समझिए कि बिहार में भाजपा के बेहतरीन प्रदर्शन और बंगाल में एसआईआर के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में पिक्चर बदल सकती है।

**सिद्धारमैया ने अलापा 'वोट चोरी' का राग**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव में भी 'वोट चोरी' हुई है। एनडीए आराम से बहुमत के पार निकल गई है। उन्होंने माना कि महागठबंधन (कांग्रेस-आरजेडी) को मिल रहे झटके की वजह उन्हें अभी साफ नहीं पता। सिद्धारमैया ने कहा कि 'जनता के फैसले को हमें स्वीकार करना ही है।

**कांग्रेस हार के कारणों की समीक्षा करेगी**



चुनाव नतीजों पर बात करते हुए कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि उन्हें बिहार चुनाव में प्रचार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अपनी हार के कारणों की जांच करेगी।

**मुकाबला जनता और ईसी के बीच रहा**



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकाबला भारत के चुनाव आयोग और बिहार की जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि मैं राजनीतिक दलों की बात नहीं कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और बिहार की जनता के बीच सीधे मुकाबले की बात कर रहा हूं।

**सर पर मेरा शक था... वही हुआ**



कांग्रेस के कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि मेरा शक था सही निकला। एसआईआर में 62 लाख वोट कटे 20 लाख वोट जुड़े। यही नहीं 5 लाख वोट बिना एसआईआर फॉर्म भरे बढ़ा दिए गए। अधिकांश वोट गरीबों के दलितों के अल्प संख्यक वर्ग के कटे। इसके बावजूद ईवीएम पर शंका बनी हुई है। कांग्रेस को अपने संघटन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**एसआईआर का खेल यूपी में नहीं होगा**



बिहार के चुनाव परिणामों के रुझानों ने विपक्षी दलों के खेमे में हलचल पैदा कर दी है। एक तरफ जहां कांग्रेस दिल्ली कार्यालय के बाहर वोट चोरी के पोस्टरों के साथ प्रदर्शन कर रही है। उत्तर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एसआईआर पर फिर भाजपा पर हमला बोला है। एक्स पोस्ट में लिखा, बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है वो पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, यूपी और बाकी जगह पर अब नहीं हो पाएगा।

**ईसी और भाजपा ने की साठगांठ**



शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि चुनाव नतीजे चौंकाने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर अपना 'राष्ट्रीय एजेंडा' पूरा किया है। राउत ने यह भी कहा कि बिहार के ये नतीजे 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तरह ही हैं, जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना और राकांपा) को बड़ी जीत मिली थी।

**नतीजों से दुखी हूं , कुछ नही कहूंगा**



पूर्णिया के सांसद रह चुके पप्पू यादव भी दुखी नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि ये नतीजे बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं।रुझानों में स्थिति काफी हद तक स्पष्ट होने के बादजन अधिकार पार्टी के प्रमुख ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नतीजा स्वीकार करना पड़ेगा, लेकिन ये बिहार के लिए दुर्भाग्य होगा।उन्होंने कहा कि जनता को मैं कुछ नहीं कह सकता लेकिन बिहार के लिए ये दुर्भाग्य होगा।

**जनादेश को स्वीकार करता हूं**



वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा हम इस जनादेश को स्वीकार करते हैं और जो जीते हैं उनको मैं बधाई देता हूं। माताओं-बहनों का वोट एनडीए के पक्ष में गिरा है, जिसके कारण उनकी इतनी बड़ी जीत हो रही है। मैं जनादेश का सम्मान करते हुए इसे (हार) स्वीकार करता हूं। आने वाले समय में हम और मंथन करेंगे ।

**जंगलराज खत्म, अब विकास की जीत**



भाजपा नेता गौरव भाटिया ने बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी, साथ ही कहा कि भाजपा और एनडीए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए मुकाम पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता की इस संदेश को अहम बताया कि वे जंगल राज से तंग आ चुकी हैं और विकास चाहती है।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बढ़ाया संवेदनशीलता का दायरा

## बाल दिवस के अवसर पर ऑउटसोर्स कर्मचारियों के बच्चों के लिए भी 'पालना घर' के खोले दरवाज़े

**जबलपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 14 नवम्बर को कार्यस्थल पर मानवीय संवेदनशीलता और महिला-हितैषी वातावरण को एक नई ऊँचाई मिली। कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी के मार्गदर्शन में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) सम्पदा सराफ गुर्जर ने कंपनी द्वारा संचालित 'पालना घर' को बाल दिवस के अवसर पर आउटसोर्स कर्मचारियों के बच्चों के लिए भी खोल दिए जाने का आदेश जारी किया।



इस कदम के साथ पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रदेश की पहली ऐसी कंपनी बन गई है, जिसने अपने नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ आउटसोर्स कर्मचारियों के बच्चों को भी समान देखभाल, सुरक्षा और सुविधाएँ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। पालना घर में अब 6 वर्ष से लेकर 12 वर्ष तक के उन बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा जिनके अभिभावक पूर्व क्षेत्र कंपनी में आउटसोर्स के रूप में कार्यरत हैं। इस व्यवस्था से आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य के दौरान मानसिक शांति और अपने बच्चों के सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण में रहने का भरोसा मिलेगा। पालना घर में बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण, मनोरंजन और खेल-खेल में पढ़ाई, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है।

मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सम्पदा सराफ गुर्जर ने बताया कि "कंपनी का उद्देश्य सिर्फ कर्मचारियों को सुविधाएँ देना नहीं, बल्कि कार्यस्थल पर 'निश्चिंतता और सम्मान' की संस्कृति को बढ़ावा देना है। आउटसोर्स कर्मचारियों के बच्चों को पालना घर की सुविधाएँ उपलब्ध कराना इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।" उन्होंने आगे कहा कि यह पहल समस्त कर्मचारियों को अपने कार्य में अधिक आत्मविश्वास और एकाग्रता से काम करने में मदद करेगी, क्योंकि उनके बच्चे कंपनी परिसर में सुरक्षित, शिक्षित और देखभाल के माहौल में रहेंगे।

इस आदेश का सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और परिवारजनों ने स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम कार्यस्थल पर मानवीय दृष्टिकोण को मजबूत करता है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल आउटसोर्स कर्मचारियों के हित में है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को समान गरिमा और सुविधा प्रदान करना ही संस्थागत संवेदनशीलता की वास्तविक पहचान है।

## नक्षत्र नगर में चोर ने लगाई सेंध
### 50 हजार नगद सहित सोने के जेवर चोरी

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अतंर्गत नक्षत्र नगर फेस 2 में फिर चोरी की वारदात सामने आई है। यहां फिर एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। बताया गया है कि यहां रहने वाले नरेंद्र गोस्वामी विदेश यात्रा पर गए है और घर पर लगे पेड़ पौधों में पानी डालने और घर की रखवाली के लिए चाबी दामाद को दे गए थे। इस बीच सूने घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्षत्र नगर फेस 2 निवासी नरेंद्र गोस्वामी देश से बाहर है। नरेंद्र अपने दामाद शारदा मंदिर के पास नई बस्ती निवासी 32 वर्षीय विवेक दुबे को घर की चाबी देकर गए थे। विवेक ससुर के घर में लगे पेड़ पौधों में पानी डालने के लिए रोज जाते थे। गत सुबह लगभग 9 बजे विवेक को फोन पर चोरी की सूचना मिली, सूचना मिलते ही उसने अपने ससुर नरेंद्र गोस्वामी को घटना की जानकारी दी।



## पमरे में लगा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मेगा कैम्प

**जबलपुर।** उमंग रेल सामुदायिक भवन, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में सभी विभागों के पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकनाथ मोहकर प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर तथा विशिष्ट अतिथिगण सुश्री मनजीत कौर प्रमुख वित्त सलाहकार, कमल कुमार तलरेजा मंडल रेल प्रबंधक एवं एस. डी. पाटीदार प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर अजय कुमार दीक्षित मुख्य कार्मिक अधिकारी, सुनील टेलर अपर मंडल रेल प्रबंधक, सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारी और पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी नवीन लिटोरिया एवं के. जी. गोस्वामी तथा बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रवींद्र त्रिपाठी मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक द्वारा किया गया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का कृषि ऋण ऑउटरीच कार्यक्रम और ग्राहक मिलन समारोह आयोजित

**जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर क्षेत्र द्वारा "कृषि क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर भारत" के लक्ष्य को सशक्त बनाने हेतु एक क्षेत्र स्तरीय विशेष शिविर कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम और ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन 14 नवंबर को क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर एवं जबलपुर जिले की समस्त शाखाओं में सफलतापूर्वक किया गया। जिसमें सभी हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कृषि से जुड़े विभिन्न वर्गों विशेषकर किसानों तथा स्वयं सहायता समूह एवं प्राथमिक, द्वितीयक प्रसंस्करण कार्य में लगे व्यापारी और उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं एवं ऋण योजनाओं से जोड़ना था। इस अवसर पर बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे सेंट कोल्ड स्टोरेज, सेंट फूड प्रोसेसिंग योजना, पोल्ट्री फॉर्म, प्रधानमंत्री सूक्ष्म घर योजना (पीएमएफएमई), किसान क्रेडिट कार्ड, किसान साथी, खाद्य प्रसंस्करण, संबद्ध कृषि वित्त तथा कृषि बुनियादी वित्त आदि की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यालय से डीजीएम रोहित कुमार और क्षेत्रीय प्रमुख जबलपुर अविनाश कुमार उपस्थित रहे।

## मिलन महिला बाल प्रभाग ने मनाया बाल दिवस

**जबलपुर।** मिलन मध्य प्रदेश, मिलन महिला बाल प्रभाग द्वारा 14 नवम्बर 2025 को शिवबाल मन्दिर गुप्तेश्वर जबलपुर में बाल दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम में पार्षद राजू पटेल, संजय राणा, विनय श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रिया श्रीवास्तव, मिलन सूत्रधार, मोहन शशि ,के.के. नायकर, बलराम वर्मा, मृगेंद्र नारायण सिंह, जगदीश पटेल, डॉ. शोभा सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. गीता गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय की संस्थापिका कमलेश्वरी श्रीवास्तव को सम्मान पत्र, शाल, श्रीफल, पुष्प माला से स्वागत, अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।

## मप्र पावर जनरेटिंग कम्पनी की ऐतिहासिक उपलब्धि

### श्रम विभाग ने कंपनी के बारह पावर हाउस को दी 5 स्टार श्रम रेटिंग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने श्रम कानूनों के उत्कृष्ट अनुपालन और श्रमिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा कम्पनी के चार ताप विद्युत उत्पादन गृहों व आठ जल विद्युत गृह को 'फाइव स्टार श्रम स्टार रेटिंग' से सम्मानित किया है। यह सम्मान कम्पनी की उच्च कार्यसंस्कृति, पारदर्शिता, शत-प्रतिशत नियामकीय अनुपालन व श्रमिक हितों को सर्वोपरि रखने के दृष्टिकोण का सशक्त प्रमाण है।यह उपलब्धि पॉवर जनरेटिंग कम्पनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, गांधी सागर जल विद्युत गृह, टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर, राजघाट जल विद्युत गृह, बाणसागर जल विद्युत गृह-दो सिलपरा, बाणसागर जल विद्युत गृह-तीन देवलोंद, बाणसागर जल विद्युत गृह-चार झिन्ना, मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह व बिरसिंगपुर जल विद्युत गृह को हासिल हुई है।मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा श्रम कानूनों के अनुपालनों, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रावधानों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करने हेतु "श्रम स्टार रेटिंग" प्रारंभ की गई है। यह सम्मान संस्थान द्वारा श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं के अपनाने तथा श्रम कानूनों के प्रति स्वैच्छिक अनुपालन की प्रतिबद्धता का द्योतक है।कम्पनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी विद्युत उत्पादन गृहों के मुख्य अभियंताओं, अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि का श्रेय व बधाई देते हुए कहा-"यह सम्मान हमारी कार्यसंस्कृति, अनुशासन और श्रमिक कल्याण के प्रति हमारी निष्ठा का परिणाम है।



## मुस्लिम गरीब बच्चे छात्रवृत्ति पाने 30 तक आवेदन करें

**जबलपुर।** जिला वक्फ कमेटी जबलपुर के अध्यक्ष शमसुल हसन ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा शिक्षा नीति (पढ़ो पढ़ाओ एवं राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनो) के संबंध में पारित निर्णय के परिपालन में एवं वाकिफ की मंशा के अनुसार मुस्लिम गरीब छात्र-छात्राओं को जो आगे पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, परंतु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है, ऐसे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जानी है। छात्रवृत्ति कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं को मदद के रूप में जिला स्तरीय मेरिट के आधार पर भौतिक सत्यापन के पश्चात उनकी इंस्टीट्यूट को बैंकिंग के माध्यम से दी जाना है। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी हेतु बनाये आवेदन केन्द्रों से कार्यालयीन समय में 15 नवम्बर से 30 नवम्बर तक प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 है। आवेदक जामा मस्जिद सदर बाजार, कार्यालय वक्फ जायदादा मुस्लिम कब्रिस्तान गलगला, मोमिन ईदगाह ो हलपुर, अंजुमन इस्लामिया स्कूल मढ़ाताल, मस्जिद पठानी मोहल्ला कटंगी में आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं।

## नारायण नाम मात्र से दूर होता है यमदूतों का भय : जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य

जबलपुर।

श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर परम पूज्य श्रीमद् जगदगुरू नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने कहा- "इदं भागवतं नाम पुराणं ब्रह्म सम्मितम" यह कथा ब्रह्म सम्मित है अर्थात वेदों का तात्पर्य इसमें वर्णित है। इसके श्रवण मात्र से हृदय में दृढ़ भक्ति का उदय हो जाता है और भक्ति के प्रभाव से जीवन के सारे क्लेश समाप्त हो जाते हैं। "उपजी राम भगति दृढ़ बीते सकल कलेश" कथा श्रवणमात्र से परमात्मा के चरणों में रति, प्रीति और भक्ति का सहज ही उदय हो जाता है। अजामिल पातकी होता हुआ भी अपने पुत्र को "नारायण" कहकर पुकारा परन्तु भगवान की करुणा से आकर यमदूतों को मार भगाया तथा अजामिल का उद्धार किया। स्वामी जी ने पावन प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा वह ईश्वर कितना दयालु है जिसने दुष्ट हिरण्यकशिपु की यातना से रक्षा करने के लिए भयंकर नृसिंहावतार धारणा कर भक्त की रक्षा तथा असुर का उद्धार किया। भगवान के विविध अवतारों का वर्णन करते हुए श्रीरामावतार व फिर श्री कृष्णावतार का स्वामी जी ने वर्णन किया। अन्त में सभी भक्तों द्वारा बड़े धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सम्पन्न हुआ।



व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान हेमलता उमेश तिवारी, राजेश नीलम तिवारी, दीपक तिवारी, वासुदेव तिवारी, महेश तिवारी, रितेश मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, दीक्षा, साक्षी, अपरोक्षा, आराध्या ने किया। इस अवसर पर स्वामी पगलानंद महाराज, लालमणि त्रिपाठी, अखिलेश तिवारी, संजीव द्विवेदी की उपस्थिति रही।

## रैली व नुक्कड़ नाटक से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**जबलपुर।** नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर के ईएलसी क्लब द्वारा 14 नवम्बर को मध्यान्ह 12 बजे से मतदाता सूची, विशेष गहन पुनरीक्षण जागरूकता गतिविधि के अंतर्गत जागरूकता रैली व नुक्कड1 नाटक का आयोजन किया गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने एसआईआर तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लगाये। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने एसआईआर से संबंधित जानकारी दी। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी के निर्देशन व ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ. पुरोधा यादव, मेंटर शिक्षक डॉ. चाँदनी चौरसिया, जाहिर खान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नुक्कड़ नाटक में मंजुषा, जसवंत, आशुतोष और नेहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## विधायक ने लिट्टी चोखा बनाकर खिलाया, मनाया बिहार जीत का जश्न

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी एवं संपूर्ण एन डी ए गठबंधन को बिहार विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय पर उत्तर मध्य विधानसभा अंतर्गत श्री नाथ की तलैया में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिट्टी चोखा बनाकर जनता को खिलाया एवं बिहार चुनाव में मिले जनता के ऐतिहासिक बहुमत पर प्रसन्नता एवं आभार व्यक्ति किया।इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है आज बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आ रहे हैं जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एन डी ए गठबंधन की लहर चल पड़ी है,ये चुनाव परिणाम बताता है कि ये विजय जनता जनार्दन के द्वारा एन डी ए गठबंधन के विकास, सुशासन और विश्वास के प्रति है।'सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार।

# यशोत्सव पर उमड़ा युवाओं का हुजूम

## जगह-जगह पुष्प वर्षा, मिष्ठान्न वितरण से किया स्वागत

जबलपुर।

शुक्रवार को संस्कारधानी ने युवा राजनीति के नए सितारे यश घनघोरिया का अभूतपूर्व स्वागत देखा। युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पहली बार जबलपुर आगमन पर निकला विशाल 'यशोत्सव स्वागत जुलूस' शहर भर में चर्चा का विषय बना रहा। जगह-जगह स्वागत मंच, ढोल-नगाड़े, पुष्प वर्षा और युवाओं के उत्साह ने माहौल को उत्सव जैसा बना दिया।

दोपहर 1 बजे जैसे ही यश घनघोरिया डुमना एयरपोर्ट पहुंचे, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट के बाहर सैकड़ों की संख्या में जुटे समर्थकों ने जयघोष के बीच यश का अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद यश का काफिला रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय पहुंचा जहां वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. जिसके बाद काफिला कांचघर चौक पहुंचा, जहां से दोपहर 1:30 बजे यशोत्सव स्वागत जुलूस का औपचारिक शुभारंभ हुआ। जुलूस के आगे-आगे ढोल पार्टी, डीजे, युवा नर्तक दल और कार्यकर्ताओं की लंबी कतार ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। जुलूस का रूट लगभग पूरे शहर को जोड़ता हुआ निकला। कांचघर चौक से शीतलामाई, घमापुर, भानतलैया , सिंधी कैम्प , बहेड़ाबाग , रद्दी चौकी , गोहलपुर चौराहा पहुंचा. यहां से मिलौनीगंज , सिटी कोतवाली , बड़ा फुहारा , लार्डगंज , सुपर मार्केट , मालवीय चौक , करमचंद चौक , बड़ी ओमती , छोटी ओमती , बेलबाग तिराहा , लकड़गंज , फूटाताल मैदान में जुलूस का समापन हुआ. कांचघर से घमापुर, गोहलपुर से लेकर फूटाताल तक पूरे रूट पर कांग्रेस नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत मंच बनाए थे, जहां से यश घनघोरिया पर पुष्पवर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



### पूरे शहर में लगा पोस्टरों का जाल

यश के स्वागत को लेकर पिछले तीन दिनों से ही शहर भर में पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स और डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए थे। युवाओं की जीत का उत्सव, जबलपुर का बेटा बना प्रदेश अध्यक्ष", यश, तुम पर शहर को नाज है" जैसे स्लोगन पोस्टरों पर छाए रहे।

### डिजिटल चुनाव में रिकॉर्ड जीत

गौरतलब है की इस बार युवक कांग्रेस का चुनाव पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया में हुआ था। यश घनघोरिया को 3 लाख 13 हजार से अधिक वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी अभिषेक सिंह को 2 लाख 38 हजार वोट हासिल हुये. इस रिकॉर्ड बढ़त ने यश को प्रदेश की युवा राजनीति में सबसे मजबूत चेहरों में शामिल कर दिया है।

### फूटाताल मैदान में समापन

देर शाम होते जुलूस फूटाताल मैदान पहुंचा, जहां हजारों युवाओं ने यश का स्वागत किया। समारोह में युवाओं ने अपने नेता के भविष्य से बड़ी उम्मीदें जताई। वातावरण गुलाबी ठंड में भी उत्साह से गर्म रहा। दोपहर 1 बजे से शुरु हुआ जुलूस देर रात तक चलता रहा।

## तलवार रखकर बेच रहे थे अवैध शराब
### 350 पाव देशी शराब सहित 2 आरोपी भी गिरफ्तार

जबलपुर। गोरखपुर थाना अतंर्गत मांडवा बस्ती में एक खंडहरनुमा मकान से पुलिस ने अवैध शराब के जखीरे के साथ साथ दो तलवार भी जब्त की हैं। इस मामलें में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि देर रात मुखबिर की सूचना पर रामपुर मांडवा बस्ती टेंडर 2 स्थित एल 12 खंडहरनुमा मकान में दबिश दी गई, यहां मांडवा टेंडर 2 गोरखपुर निवासी 24 वर्षीय तनु उर्फ अनुज रैकवार और 24 वर्षीय आयुष उर्फ लपरा बिनोदिया को गिरफ्तार कर उनके पास से 350 पाव देशी शराब एवं 2 तलवार जब्त किए है। बताया गया है कि पकड़े गये दोनों आरोपी आपराधिक प्रवृति के हैं आरोपी तनु उर्फ अनुज रैकवार के विरूद्ध पूर्व से हत्या का प्रयास, मारपीट, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट सहित 8 अपराध तथा आरोपी आयुष उर्फ लपरा बिनोदिया के हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट सहितपूर्व से 11 अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट तथा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।



## शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला करिया पाथर में मनाया गया बाल दिवस

**जबलपुर।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर 14 नवम्बर 2025 को बालदिवस के उपलक्ष्य में हम फाउंडेशन के पदाधिकारियों के द्वारा शाला में "हमारी संस्कृति हमारे संस्कार" के तहत एक कार्यक्रम शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हम फ़ाउंडेशन के प्राताध्यक्ष जयस राठौर महाकोशल प्रांत, विशिष्ट अतिथि इन्द्रपुरी गोस्वामी अतिमहासचिव, संतोष दुबे प्रांतीय वित्त महामंत्री की उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती पूजन के पश्चात राष्ट्रीय गान और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 8वीं के बच्चों का बालदिवस पर एक जर्नल नॉलेज टेस्ट लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, वहीं बाकी सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। तत्पश्चात शाला के सभी बच्चों को टॉफी वितरित की गई। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, हरिश्चंद्र वर्मा, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरेशी, रिक्ता जेकब, सीमा तिवारी, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता, फरज़ाना बानो, अमिता कनोजिया आदि सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## ईमामी ने की रणनीतिक रीब्रांडिंग की घोषणा, केश किंग गोल्ड पेश

# केश किंग अब बना केश किंग गोल्ड, लोगो भी बदला

**कोलकाता। केश किंग, भारत का एक प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड है। इस ब्रांड ने अपने आपको एक नया रूप देने के लिए रीब्रांडिंग की पहल करते हुए पेश किया है केश किंग गोल्ड । इससे ब्रांड की पहचान, प्रस्तुति और पैकिजंग को एक नया और आकर्षक दर्जा मिला है। इस रीब्रांडिंग के ज़रिये ईमामी ने अपने ब्रांड केश किंग के लिए एक अलग रणनीति को अपनाया है। अब यह केवल अपने पारंपरिक आयुर्वेदिक बुनियाद तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने एक दमदार नई सोच को अपनाया हैः आयुर्वेद + विज्ञान**

उत्पाद के इस नए अवतार से ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता, प्रभावशीलता और उपयोगिता का लाभ मिलेगा और वो भी बिल्कुल नए रूप में। ब्रांड के आयुर्वेद की परंपरा को पूरी तरह से बरकरार रखते हुए इस नए उत्पाद को ग्राहकों की मांगों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मौजूदा समय में ग्राहक विशुद्ध, प्रभावशाली और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित उत्पाद ही पसंद करते हैं। केश किंग गोल्ड ग्राहकों की इन सभी मांगों को पूरा करता है क्योंकि इसमें है ग्रो बायोटिन और प्लांट ओमेगा 3-6-9 जैसे प्रमुख वैज्ञानिक उपादानों के साथ 21 भरोसेमंद आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों के तत्व। बालों की वृद्धि और बालों के झड़ने को कम करने में इन उपादानों की उपयोगिता क्लिनिकली प्रमाणित है।इस रणनीतिक बदलाव के हिस्से के रूप में केश किंग बालों से संबंधित बढ़ती समस्याओं के लिए कुछ नई कैटेगरीज में भी अपना विस्तार करने जा रहा है। इस विस्तार के जरिए समस्याओं के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान किए जाएँगे। बालों की वृद्धि जैसी प्रमुख ज़रूरत को पूरा न किए जाने की बात को पहचानते हुए यह ब्रांड केश किंग गोल्ड रेंज के अधीन लेकर आया है एक नया आधुनिक उत्पाद, एडवांस्ड हेयर ग्रोथ सेरम। इस सेरम पैक में सर्वाधिक मात्रा में ग्रोथ एक्टिव्स हैं - आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों और रेडेन्सिल, एनागेन,




कोपेक्सिल एक्वा और प्रोकैपिल जैसे शक्तिशाली मॉलीक्यूल्स का अनोखा मिश्रण। इससे प्रत्यक्ष बालों की वृद्धि नज़र आती है। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए सुश्री प्रीति ए. सुरेका, एग्जीक्यूटिव डाइरेक्टर, ईमामी लिमिटेड ने कहा "केश किंग की यह रीब्रांडिंग सिर्फ दिखावे के लिए किया गया कोई बदलाव नहीं है इसमें रणनीतिक रूप से उल्लेखनीय परिवर्तन किए गए हैं। यह ब्रांड बालों की संपूर्ण देखभाल में केश किंग को गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में स्थापित करना चाहता है, जो कि इसकी भविष्य की योजनाओं का एक हिस्सा है। केश किंग गोल्ड में आयुर्वेद के ज्ञान और आधुनिक शोध के सटीक नतीजों को एक साथ मिलाया गया है। इस नई पहचान को विशेष रूप से उस पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है जो कि भरोसेमंद उपादान, महत्वाकांक्षी एवं प्रगतिशील मूल्यों की उम्मीद रखते हैं और प्रत्यक्ष नतीजा देखना चाहते हैं।"

पहले की तरह ब्रांड ऐम्बेसडर शिल्पा शेट्टी ही केश किंग को एंडोर्स करेंगी और वेलनेस आयकन के रूप में उनकी पहचान से ब्रांड के दर्शन को विश्वसनीयता और भरोसा हासिल होगा। प्रचार की नई रणनीति में ग्राहकों की सच्ची कहानियों पर अधिक बल दिया जाएगा। प्रभावशीलता के वास्तविक दावों के साथ ब्रांड की नई पहचान को सबके सामने पेश किया जाएगा। लॉन्च को अधिक सफल बनाने के लिए केश किंग द्वारा टेलीविजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रिंट मीडिया और इन-स्टोर चैनल्स में एक ज़बरदस्त 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैम्पेन चलाया जाएगा।


दोबारा लॉन्च किए जाने के जरिये उत्पाद के और भी बेहतरीन होने की बात को ग्राहकों तक पहुँचाने एवं प्रमुख बाजारों में शीर्ष स्थान को सुदृढ़ बनाने को ज़्यादा महत्व दिया जाएगा। इससे भरोसेमंद, उपयोगी हयेरकेयर सॉल्यूशन की चाह रखने वाले पुराने भरोसेमंद ग्राहक और नए ग्राहकों दोनों को आकर्षित किया जाएगा।

# अदाणी समूह आंध्र प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपए करेगा निवेश

- निवेश बंदरगाहों, सीमेंट, डेटा केंद्रों व ऊर्जा में किया जाएगा
- यह पहले से निवेश किए गए 40,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त

एजेंसी ⏭ विशाखापत्तनम

अदाणी समूह अगले दशक में आंध्र प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। करण अदाणी ने आंध्र प्रदेश निवेशक शिखर सम्मेलन में शुक्रवार को कहा कि यह निवेश बंदरगाहों, सीमेंट, डेटा केंद्रों, ऊर्जा व उन्नत विनिर्माण क्षेत्र में किया जाएगा। यह पहले से निवेश किए गए 40,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है। उद्योगपति गौतम अदाणी के सबसे बड़े बेटे करण अदाणी ने समूह के 15 अरब अमेरिकी डॉलर के 'विजाग टेक पार्क' दृष्टिकोण का भी अनावरण किया। इसमें अमेरिकी कंपनी गूगल के साथ साझेदारी में दुनिया के सबसे बड़े हरित-संचालित 'हाइपरस्केल डेटा-सेंटर इकोसिस्टम' में से एक का निर्माण शामिल है। राज्य में एक बड़ा एआई डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी करने के कुछ सप्ताह बाद यह घोषणा की गई। करण अदाणी कहा, '' आंध्र प्रदेश में अदाणी समूह का विश्वास नई बात नहीं है। हम निवेश के बारे में केवल बातें नहीं करते, बल्कि उसे करके भी दिखाते हैं। अब तक हमने




बंदरगाहों, लॉजिस्टिक्स, सीमेंट, बुनियादी ढांचे और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। हम यहीं नहीं रुकेंगे।'' करण ने कहा, '' अगले 10 वर्ष में हमारी बंदरगाहों, सीमेंट, डेटा सेंटर, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण में अतिरिक्त 1,00,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है।'' करण ने कहा कि समूह आंध्र प्रदेश को निवेश के लिए एक गंतव्य के रूप में नहीं बल्कि भारत के अगले दशक के परिवर्तन के लिए एक 'लॉन्चपैड' के रूप में देखता है। करण कहा कि 'विजाग टेक पार्क' में अदाणी, गूगल के साथ साझेदारी में हरित ऊर्जा से संचालित दुनिया के सबसे बड़े 'हाइपरस्केल डेटा-सेंटर इकोसिस्टम' में से एक का निर्माण करेगा।

***अमेरिका के बाहर एआई में सबसे बड़ा निवेश** : यह परियोजना अमेरिका के बाहर गूगल का कृत्रिम मेधा (एआई) संकुल में सबसे बड़ा निवेश है। इसमें एक विशेष रूप से निर्मित, गीगावाट-स्तरीय डेटा सेंटर परिसर शामिल होगा। उन्होंने कहा, '' यह 15 अरब अमेरिकी डॉलर का संयुक्त दृष्टिकोण है जो टिकाऊ और उच्च प्रौद्योगिकी विकास के दोहरे लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।''*

# निदेशक मंडल का खुलासा, हितों के टकराव रिपोर्ट पर विचार करेगा: सेबी प्रमुख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल 17 दिसंबर को एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर विचार करेगा, जिसने हितों के टकराव से बचने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करने की सिफारिश की है। चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेबी की समिति ने अपनी रिपोर्ट में पूंजी बाजार नियामक के शीर्ष अधिकारियों के हितों के टकराव को दूर करने के लिए अधिक खुलासा और कोई छूट न देने की संस्कृति के जरिये पारदर्शिता लाने के लिए व्यापक सुधारों का प्रस्ताव दिया है।



- सेबी 17 दिसंबर को एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर करेगी विचार

उच्च-स्तरीय समिति ने 10 नवंबर को चेयरमैन पांडेय को अपनी रिपोर्ट सौंपी। गोपनीय 'व्हिसलब्लोअर' प्रणाली स्थापित करने, महंगे उपहारों पर प्रतिबंध लगाने, सेवानिवृत्ति के बाद काम करने पर दो साल का प्रतिबंध लगाने और मुख्य नैतिकता एवं सीईसीओ का पद सृजित करने की सिफारिश की गई है।समिति ने हितों के टकराव, प्रकटीकरण और संबंधित मामलों पर कहा कि सेबी चेयरमैन, पूर्णकालिक सदस्यों और मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को अपनी संपत्तियों और देनदारियों का सार्वजनिक खुलासा करना चाहिए।

समिति ने कहा कि चेयरमैन और सदस्यों के पद के लिए सीधे भर्ती के समय आवेदकों को नियुक्ति प्राधिकारी के समक्ष वित्तीय और गैर-वित्तीय हितों के टकराव के बारे में बताना होगा। पांडेय ने यहां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में सेबी मंडप का उद्घाटन करने के बाद कहा, ''बोर्ड रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लेगा।'' सेबी बोर्ड की बैठक 17 दिसंबर को होने वाली है।

## फैलाई जा रही अफवाह कि जनवरी 2026 में बढ़ेंगे दाम

# जीएसटी कटौती से 10 फीसदी गिरे दाम को सरफ्लस करने की फिराक में कंपनियां

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जीएसटी कांउसिल परिषद द्वारा सीमेंट में लागू 28 फीसदी की जीएसटी दर में 10 फीसदी की कटौती करते हुए सीमेंट को 18 फीसदी जीएसटी के दर में लाया गया। जिसके चलते बाजार सीमेंट के दाम 10 फीसदी नीचे आने चाहिए थे। स्थानीय लोहा-सीमेंट कारोबारियों के अनुसार बाजार में सीमेंट जो पहले 330 रुपए 340 रुपए प्रति बोरी थी वह 10 फीसदी जीएसटी कटौती के बाद 297 रुपए और 306 रुपए प्रति बोरी होने चाहिए थी। ज्ञात को सरकार ने भी सीमेंट कंपनियों को जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं देने की हिदायत दी थी।

इसके बावजूद सीमेंट कंपनियों उपभोक्ताओं को जीएसटी कटौती को पूरा लाभ नहीं दी है। स्थानीय राजधानी के बाजारों में सीमेंट 315 से 320 रुपए प्रति बोरी के दाम पर बिक रही है। खबर है कि सीमेंट कंपनियों सिंडीकेट बनाकर सरकार द्वारा जीएसटी कटौती के बाद घटे दाम को सरफ्लस करने के लिए यह अफवाह फैला रही है कि सीमेंट की मांग बढ़ी है और कंपनियां जनवरी 2026 में सीमेंट के दाम में मूल्य वृद्धि संभव है।

***केंद्र सरकार दे चुकी है सीमेंट कंपनियों को जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं देने की हिदायत***



विभिन्न कंपनियों के सीमेंट

### जीएसटी कटौती का पूरा लाभ नहीं मिला रहा उपभोक्ताओं को

*भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ अध्यक्ष वलदेव खेमानी सहित अन्य सीमेंट कारोबारियों से इस पूरे मामले में चर्चा की तो उन्होंने कहाकि केंद्र सरकार द्वारा सीमेंट के दाम में 10 फीसदी की कटौती जीएसटी दर में की गई थी, उस कटौती का पूरा-पूरा लाभ भी उपभोक्ताओं ने नहीं मिला रहा है। कंपनियों के जो रेट पहले थी वह अभी भी है। स्थानीय बाजार में सीमेंट के दाम 315 रुपए प्रति बोरी बोली जा रही है। विक्रेताओं के कहना है कि रही बात मांग की तो अभी कोई ज्यादा फर्क बाजार में दिखाई नहीं दे रहा है। बाजार जानकारों का कहना है कि सीमेंट कंपनियों सिंडीकेट बनाकर मुनाफाखोरी करने सीमेंट के दाम बढ़ने की अफवाहें फैला रहे है ताकि उपभोक्ताओं में घबराहट उत्पन्न हो और वे सीमेंट खरीदी कर स्टॉक जमा करें। बाजार जानकारों कहना है कि सीमेंट कंपनियां अब इस फिराक में जुटने लग गई है कि जीएसटी कटौती से घटे दाम को किस प्रकार से सरफ्लस किया जाए।*

## सोना 1,500 रुपए टूटा, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1,29,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों के बाद कमजोर वैश्विक रुख के साथ सोने के भाव में नरमी आई।अधिकारियों ने संकेत दिया कि ताजा आर्थिक आंकड़ों के अभाव में ब्याज दरों में और कटौती में देरी हो सकती है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये घटकर 1,28,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से



## एमआरएफ के लाभ में 11.7 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** टायर विनिर्माता कंपनी एमआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध परिचालन लाभ 11.7 प्रतिशत बढ़कर 525.64 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई सितंबर तिमाही में कंपनी ने 470.7 करोड़ रुपये का शुद्ध परिचालन लाभ कमाया था। कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 7,378.72 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,881.09 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका कुल व्यय 6,788.16 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,363.12 करोड़ रुपये था।



## केंद्रीय मंत्री उइके ने जनजातीय व्यवसाय सम्मेलन 2025 प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जनजातीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने द्वार का स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित "जनजातीय व्यवसाय सम्मेलन 2025" में थीम पेविलियन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीपीआईआईटी, जनजातीय कार्य मंत्रालय तथा संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में 250 से अधिक जनजातीय उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि जनजातीय क्षेत्रों में उद्यम-आधारित विकास को गति देने के लिए एक दिवसीय संवाद स्थापित किया जा सके। प्रदर्शनी में स्वदेशी कला, शिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

## पहले निवेशकों को बड़े आईपीओ आकर्षित नहीं कर पाते थे

# बदली निवेशकों की पसंद, अब बड़े आईपीओ में खूब सब्सक्रिप्शन

एजेंसी ⏭ मुंबई

इन दिनों आईपीओ मार्केट की हवा खराब है। कल ही बड़ी मुश्किल से फिजिक्सवाला का आईपीओ भरा है। लेकिन कुछ आईपीओ में ट्रेंड बदला है। पहले जहां बड़े आईपीओ निवेशकों को खास आकर्षित नहीं कर पाते थे, वहीं इस साल के कुछ आईपीओ ने यह ट्रेंड बदल दिया है। इस साल बड़े आईपीओ को भी निवेशकों से ज़बरदस्त मांग मिल रही है। 5,000 करोड़ रुपए से बड़े आईपीओ में इस साल औसतन 17.7 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। यह 2021 के बाद सबसे ज़्यादा है और पिछले सालों के 8-10 गुना के औसत से काफी बेहतर है। इस साल अब तक लांच हुए छह बड़े आईपीओ में से चार तो 'ब्लॉकबस्टर' साबित हुए हैं। इन्हें डबल डिजिट में सब्सक्रिप्शन मिला है। इनमें एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (38.17 गुना), लेंसकार्ट सॉल्यूशंस (28.35 गुना), एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज और ग्रो (दोनों 17.6 गुना) शामिल हैं। वहीं, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज और टाटा कैपिटल के आईपीओ में क्रमशः 2.27 गुना और 1.96 गुना सब्सक्रिप्शन के साथ थोड़ी कम प्रतिक्रिया मिली। आईपीओ बाजार के जानकारों का कहना है कि इसकी वजह यह है कि संस्थागत निवेशकों के पास इस समय खूब पैसा है।

केजरी रिसर्च के फाउंडर अरुण केजरीवाल बताते हैं सब्सक्रिप्शन का बड़ा हिस्सा, यानी 75-80 फीसदी हिस्सा संस्थागत निवेशकों से आता है। इसके बाद कॉर्पोरेट ट्रेजरी और बैंक ट्रेजरी आईपीओ में निवेश करते हैं। हालांकि, वे लिस्टिंग के पहले ही दिन बाहर निकल जाते हैं। साल 2021 में आईपीओ की बूम की एक बड़ी वजह नायका था, जिसके आईपीओ को 81 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

- 5,000 करोड़ रुपए से बड़े आईपीओ में इस साल औसतन 17 .7 गुना सब्सक्रिप्शन मिला

### 2025 में छह बड़े आईपीओ ने 62,000 करोड़ रुपए जुटाए

केजरीवाल का कहना है इससे एक रेफरेंस प्राइस बन जाता है, और जब यह आईपीओ प्राइस से अलग होता है, तो निवेशकों के लिए शॉर्ट-टर्म आर्बिट्रेज के मौके खुल जाते हैं और वे आईपीओ के लिए बोली लगाने को प्रोत्साहित होते हैं। कुल मिलाकर, 2025 में इन छह बड़े आईपीओ ने करीब 62,000 करोड़ रुपए जुटाए। ईटीआईजी के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में अब तक 84 आईपीओ ने कुल 1.29 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं।




### बड़े इश्यूज में कम सब्सक्रिप्शन

*आमतौर पर बड़े इश्यू में छोटे इश्यू की तुलना में सब्सक्रिप्शन कम मिलता है। इसकी मुख्य वजह यह है कि बड़े इश्यू अक्सर लिस्टिंग पर अच्छा रिटर्न देने में संघर्ष करते हैं। एक थ्योरी यह है कि बड़े इश्यू में जितने ज़्यादा शेयर होते हैं, खासकर अगर उनकी कीमत ज़्यादा रखी गई हो, तो लिस्टिंग पर अच्छा उछाल मिलने की संभावना उतनी ही कम हो जाती है। इस बार बड़े आईपीओ की मांग ज़्यादा होने का एक और कारण यह है कि टाटा कैपिटल और एचडीबी जैसे कई आईपीओ इश्यू से पहले ही अनलिस्टेड मार्केट में ट्रेड हो रहे थे।*

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववािदों से बचने का प्रयास

**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## खराब पुर्जे बदलने हॉर्नेट बाइक वापस मंगाई गई

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी सीबी1000 हॉर्नेट एसपी मोटरसाइकिल की कुछ इकाई को खराब पुर्जे को बदलने के लिए वापस मंगा रही है। कंपनी ने बताया कि यह कदम वैश्विक स्तर पर उठाए गए समान कदमों के अनुरूप है और वर्ष 2025 में विनिर्मित कुछ इकाई इससे प्रभावित हैं। हालांकि, कंपनी ने प्रभावित मोटरसाइकिलों की सटीक संख्या नहीं बताई। होंडा के अनुसार, 'एक्जॉस्ट'' प्रणाली से निकलने वाली अत्यधिक गर्मी के कारण सीट की पेंटेड सतह नरम पड़ सकती है।

## शब्द पहेली - 6048



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6047 का हल



## सूडोकु नवताल - 6058

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6057 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



# अक्षय ने बजाई बांसुरी डांस करती दिखीं दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म के सेट से अक्षय कुमार और को-स्टार्स का एक वीडियो वायरल है, जिसमें सभी डांस रिहर्सल कर रहे हैं। इस मौके पर अक्षय कुमार काफी मस्ती के मूड में दिखे। वह बांसुरी हाथ में लिए नजर आए। बांसुरी बजाने की रिहर्सल भी करते दिखे। अक्षय के अलावा वीडियो में परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और दिशा पाटनी जैसे सेलेब्स नजर आ रहे हैं। सभी मस्ती भरे अंदाज में डांस की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं। अक्षय ने जहां बांसुरी बजाई। वहीं, अरशद वासरी ड्रम बजाते दिखे। साथ ही दिशा पाटनी डांस करती नजर आईं। परेश रावल, सुनील शेट्टी, जॉनी लीवर भी इस प्रैक्टिस में शामिल होकर काफी एंज्वॉय कर रहे हैं। फिल्म सेट पर ही अक्षय मस्ती-मजाक नहीं करते हैं।

## लाइफ Style



# स्वरा
# कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता

स्वरा भास्कर ने दो साल पहले फहाद अहमद से शादी की। वह अपनी शादीशुदा लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं। इस बीच उन्होंने रियलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगा' में बतौर फहाद संग पार्टिसिपेट किया। अब उन्होंने रिश्तों के बारे में बात की और कहा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता।

एजेंसी ⏭ मुंबई


स्वरा भास्कर ने पॉलिटिशियन फहाद अहमद से साल 2023 में शादी की। पति के साथ टीवी रियलिटी शो 'पति, पत्नी और पंगा' में पार्टिसिपेट किया। इस शो का फिनाले 16 नवंबर को है। स्वरा ने कहा कि टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में कई बार हम सिर्फ मनोरंजन के लिए कुछ देखते हैं, लेकिन कभी-कभी वही एक्सपीरिएंस हमारे जीवन को गहराई से बदल देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता है। रिश्ते बनाने के लिए पैशेंस चाहिए होता है। स्वरा भास्कर ने बातचीत में बताया कि यह शो उनके दिल के बहुत करीब हो गया है। उन्होंने कहा, 'जब मैंने शो के लिए हां कहा था, तो मुझे लगा कि यह सिर्फ मनोरंजन होगा। लेकिन, शो के दौरान एहसास हुआ कि यह अनुभव असली और भावनाओं से भरा हुआ है। इस शो ने मेरा रिश्ते को देखने का नजरिया बदल दिया और मुझे पति के साथ अपने संबंधों को गहराई से समझने का मौका मिला।' स्वरा भास्कर ने बताया, मैंने शो से समझा कि कोई भी रिश्ता परफेक्ट नहीं होता। रिश्ते को बनाए रखने के लिए प्यार और धैर्य जरूरी होते हैं। यह शो प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं था, बल्कि एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत करने के बारे में था।' स्वरा भास्कर ने सेट के माहौल के बारे में बताया कि वहां की एनर्जी बहुत उत्साह और भावनाओं से भरी हुई थी। सभी कपल्स बहुत ईमानदार और असली थे।

## हॉलीवुड मसाला



# कार्डी बी ने दिया बेटे को जन्म

**लॉस एंजिल्स।** कार्डी बी ने अपने जीवन का नया अध्याय शुरू किया है, जिसमें संगीत, प्यार और अब परिवार में एक नन्हा मेहमान भी शामिल हो गया है। 33 साल की रैपर कार्डी बी चार बच्चों की मां बन गई हैं। उन्होंने अपने चौथे बच्चे, एक बेटे, को जन्म दिया है, जिसकी पुष्टि उनके प्रतिनिधि ने की। प्रतिनिधि ने बताया कि कार्डी स्वस्थ और खुश हैं। यह बच्चा उनके प्रेमी, एनएफएल स्टार स्टीफन डिग्स के साथ उनका पहला बच्चा है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस खुशखबरी की घोषणा की, जिसमें वह अपने नए एल्बम 'एम आई द ड्रामा?' के गाने 'हैलो' पर लिप-सिंक कर रही थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि यह नया दौर उनके लिए चुनौतीपूर्ण, लेकिन बहुत खास रहा।



# करोड़ों रुपए खर्च किए, फिर डिलीट कर दिया सीन

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी उन फिल्मी सीन के बारे में सोचा है जो एडिटिंग टेबल से आगे नहीं बढ़ पाते? हालांकि कई सीन को स्पीड या क्रिएटिव फैसलों के चलते काट दिया जाता है, लेकिन कुछ सीन को हटाने की कुछ ज्यादा ही कीमत चुकानी पड़ती है। लेकिन, क्या हो अगर उन हटाए गए सीन में से किसी एक को बनाने में बहुत ज्यादा खर्च आए? 2006 की सुपरहीरो फिल्म सुपरमैन रिटर्न्स के साथ भी ठीक यही हुआ था। छह मिनट के एक सीन को जिसे फाइनल कट से हटा दिया गया। बताया जाता है कि इस सीन को बनाने में 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 90 करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट लगा था। यह हॉलीवुड के इतिहास का सबसे महंगा डिलीटेड सीन बन गया। ब्रायन सिंगर की सुपरमैन रिटर्न्स 28 जून, 2006 को भारी प्रमोशन और हाई होप्स के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। डीसी सुपरहीरो के तौर पर ब्रैंडन राउथ, लोइस लेन के रूप में केट बोसवर्थ और विलेन लेक्स लूथर के रूप में केविन स्पेसी के लीड रोल वाली इस फिल्म का बजट 270 मिलियन डॉलर था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया और 390 मिलियन डॉलर की कमाई की।



# 'दिल्ली क्राइम सीजन 3' में दमदार रोल में दिखीं

**मुंबई।** वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' सीजन 3 रिलीज हो गई है। दर्शकों ने इसके दो सीजन काफी पसंद किए। अब इसका तीसरा सीजन आया है। इस सीरीज की कहानी बाकी दो सीरीज से अलग होगी। सीरीज में लीड रोल शेफाली शाह ने निभाया है। 'दिल्ली क्राइम' सीजन 3 में शेफाली शाह ने डीआईजी वर्तिका चतुर्वेदी का दमदार किरदार निभाया है। वह सीरीज में केस की जांच पड़ताल करती हुई नजर आती हैं। सीरीज में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस किया है। सीरीज में हुमा कुरैशी ने बड़ी दीदी का किरदार निभाया है। यह एक नेगेटिव किरदार है। उनके किरदार ने 'दिल्ली क्राइम 3' की अहमियत बढ़ा दी है। रसिका दुग्गल ने शुरु से ही 'दिल्ली क्राइम' में अहम किरदार निभाया है। उन्होंने सीरीज में एसीपी नीति सिंह का किरदार निभाया है।



# दबंग टूर पर सलमान, कतर में शानदार स्वागत

**नई दिल्ली।** सलमान खान की फैन फॉलोइंग देश ही नहीं, विदेशों में भी अच्छी-खासी है। वह जहां जाते हैं, फैंस की भीड़ उन्हें देखने के लिए जमा हो जाती है। हाल ही में सलमान खान कतर पहुंचे। वह अपने दबंग टूर के लिए कतर गए हैं। कतर पहुंचने पर फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। साथ ही भाईजान ने भी अपने फैंस को निराश नहीं किया, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके अलग अंदाज ने सबका दिल जीत लिया। वायरल वीडियो में सलमान खान जब फैंस के बीच पहुंचे तो उनका शानदार स्वागत हुआ। कई फैंस के साथ हाथ में भारत का झड़ा था। साथ ही कई लोगों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी दिया। सलमान खान भी इस स्वागत से काफी खुश नजर आए। इस पूरे इवेंट में उनकी सुरक्षा में कोई चूक नहीं दिखी।

## टीवी मसाला



# कौन बनेगा करोड़पति में इन 4 कॉमेडियंस की मस्ती ने खूब हंसाया

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के फेमस शो 'कौन बनेगा करोड़पति'में कॉमेडी का तड़का लगाते हुए कमीडियन रवि गुप्ता, अनुभव सिंह बस्सी, अभिषेक उपमन्यु और हर्ष गुजराल को देखा गया। चारों की कॉमेडी से अमिताभ बच्चन खूब हंसने को मजबूर हो गए, लेकिन सबसे ज्यादा मजेदार उन्हें रवि गुप्ता के कॅरियर की संघर्ष भरी और कॉमेडी से भरपूर कहानी लगी, जिसे सुनते वक्त एक्टर हर वाक्य पर हंसते दिखे हैं। रवि गुप्ता कहते हैं, 'जब मैंने कॉमेडी कॅरियर की शुरुआत की थी, तो मेरे माता और पिता ने इसका विरोध किया था। पापा ने कहा कि लड़का नालायक है और मां कहती थी, 'सही कह रहे हो, रवि के पापा.' बहुत गालियां पड़ती थीं, तब मैंने माता-पिता को पैसे देने शुरू कर दिए, जिसके बाद उन्हें सबकुछ ठीक लगने लगा।' रवि बताते हैं कि उन्होंने माता-पिता से कहा कि अब कॉमेडी करना रिस्की हो गया है। माता-पिता ने कहा कि कोई नहीं, हेलमेट पहनकर करो, करो जरूर. ये सुनकर अमिताभ बच्चन खिलखिलाकर हंस पड़ते हैं। एक्टर को रवि की हर एक लाइन पर हंसते हुए देखा गया। इसके अलावा, खुद अमिताभ बच्चन ने चारों को टक्कर दी और सेट पर कॉमेडी करते हुए चूहे का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि हमारे सेट के कमरे में एक बार चूहा आ गया और हमने उससे कहा कि बिना ऑडिशन के कैसे आ गए, तब चूहे ने जवाब दिया, 'सर, ऑडियंस पोल।'

## गौरव पहली बार बने कैप्टन, रो पड़े शहबाज

**मुंबई।** बिग बॉस ने घरवालों के लिए राशन के साथ-साथ कैप्टेंसी का टास्क रखा। इस टास्क में गौरव खन्ना घर के कैप्टन बन गए। वहीं, मौका नहीं मिलने की वजह से शहबाज बदेशा भावुक हो गए और रो पड़े। उन्होंने बिग बॉस अनफेयर गेम का आरोप लगाया।



'बिग बॉस 19' लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत अजनबी के गाने 'महबूबा महबूबा'से होती है। अमाल, तान्या की जर्नी पर तंज कसते हैं। वह कहते हैं कि तान्या ने दोस्त की पीठ पर खंजर घोंप दिया। अब क्या बचा है। कुनिका दोनों को एक-दूसरे से ऑब्सेस्ड बताती हैं। फिर अमाल और कुनिका, गौरव या शहबाज में कैप्टन बनाने की बात करते हैं। अमाल, शहबाज को सपोर्ट करने के बात कहते हैं। वहीं, फरहाना और गौरव की हल्की नोंक-झोंक होती है। अमाल ने भी सोशल मीडिया फॉलोवर्स चुना। फरहाना ने भी फॉलोवर्स चुना। तान्या ने भी फॉलोवर्स चुना। तान्या और फरहाना दोनों बहुत खुश होते हैं। इसके बाद गौरव ऐप रूम में जाते हैं। उन्हें अलग ऑप्शन मिलते हैं। बिग बॉस स्क्रीन पर उनकी और शहबाज की तस्वीर में किसी एक को चुनने को बोलते हैं। अगर गौरव अपनी तस्वीर चुनते हैं, तो घर का कमाया हुआ 30 पर्सेंट कट हो जाएगा।


# 24 फिल्मों में सुनाई दी एक जैसी सुरीली ट्यून

**नई दिल्ली।** फिल्मों का बैकग्राउंड स्कोर रोमांच को बढ़ा देता है। कई फिल्में अपने दमदार बैकग्राउंड स्कोर के लिए जानी जाती हैं। 50 साल पहले एक ऐसी ब्लॉकबस्टर फिल्म आई थी, जिसके टाइटल ट्रैक म्यूजिक ने धूम मचा दी थी। इस फिल्म के टाइटल ट्रैक का म्यूजिक आगे चलकर 23 फिल्मों में सुनाई दिया। कई फिल्मों में तो इसे ज्यों का त्यों ले लिया गया। 22 साल के दौरान संगीतकार बदले, लेकिन म्यूजिक नहीं बदला।

दीवार फिल्म की सफलता ने इसके म्यूजिक को पॉप्युलर बनाया। आगे चलकर उजाला ही उजाला, अतिथि, दीवार, कानून का शिकार, अनपढ़, चोर के घर चोर, भूख, मेहरबानी, हमारा संसार, कशिश, राख और चिंगारी, गंगा मेरी मां, नाम ओ निशां, बहुरानी, हीरालाल पन्नालाल, शायद, याराना, वक्त की दीवार, जान-ए-बहार, झूठी शान, दानवीर, लोरी, गोपाला इत्यादि फिल्म में दीवार फिल्म का टाइटल म्यूजिक जस का तस इस्तेमाल हुआ है।

### गंगा मेरी मां

1983 में आई शत्रुघ्न सिन्हा-नीतू सिंह की फिल्म 'गंगा मेरी मां' में भी यही म्यूजिक सुनाई देता है। गंगा मेरी मां ने आरडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। गंगा मेरी मां में स्क्रीन पर जैसे ही फिल्म का नाम आता है, दीवार फिल्म का टाइटल ट्रैक म्यूजिक सुनाई देता है।



### गोपाला


1994 में चंकी पांडे-शिल्पा शिरोडकर की फिल्म 'गोपाला' आई थी। इस फिल्म के डायरेक्टर आकाश जैन थे। इकबाल दुर्रानी फिल्म के राइटर थे। फिल्म का म्यूजिक अनु मलिक ने दिया था। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का टाइटल म्यूजिक दीवार फिल्म से लिया गया था। साफ है कि 1973 से 1994 के बीच 24 फिल्मों में एक जैसा टाइटल म्यूजिक ट्रैक इस्तेमाल किया गया। हिंदी सिनेमा में ऐसा दूसरा उदाहरण शायद ही हो।

### याराना

दीवार फिल्म में जहां से अमिताभ बच्चन-शशि कपूर का नाम स्क्रीन पर आना शुरू होता है, वहां पर बैकग्राउंड में जो म्यूजिक बजता है, वही म्यूजिक 1981 में आई याराना फिल्म में सुनाई देता है। याराना फिल्म का म्यूजिक राजेश रोशन ने दिया था, लेकिन फिल्म का ओपनिंग म्यूजिक उन्होंने दीवार फिल्म से ही उठाया था। याराना फिल्म में स्क्रीन पर जहां से तनूजा, अरुणा ईरानी, जीवन, कादर खान का नाम दिखाई देता है, वहां पर दीवार का म्यूजिक सुनाई देता है।

# किस किसको प्यार करूं का पहला गाना फुर्र रिलीज

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा जल्द ही फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने फिल्म का प्रचार पहले गाने 'फुर्र' की रिलीज के साथ शुरू कर दिया है। फिल्म के पहले गाने 'फुर्र' को यो यो हनी सिंह ने गाया है। कपिल शर्मा 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' के सीक्वल 'किस किस को प्यार करूं 2' के साथ बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं। आज फिल्म का पहला गाना 'फुर्र' रिलीज हो चुका है। जिसमें कपिल के साथ यो यो हनी सिंह का स्वैग नजर आया। कपिल शर्मा ने भी अपनी आगामी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का पहला गाना 'फुर्र' इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



### 12 दिसंबर को हो रही रिलीज

इस वीडियो के साथ कपिल ने कैप्शन में लिखा, 'नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए। किस किसको प्यार करूं 2, 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कपिल की इस पोस्ट पर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने क्लैप इमोजी बनाए हैं। इस फिल्म की एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने लिखा, 'चलो अब हुक स्टेप करो इंडिया।' वहीं, कपिल के फैंस उनके इस वीडियो पर फायर और दिल वाले इमोजी बना रहे हैं। कपिल के अलावा इस फिल्म में हीरा वारिना, त्रिधा चौधरी, पारुल गुलाटी और आयशा खान मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## कान फिल्म अवॉर्ड जीतने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस

# दिलीप कुमार संग अधूरी रह गई कामिनी कौशल की मोहब्बत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर की दिग्गज अभिनेत्री कामिनी कौशल 98 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गईं। कामिनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं। कामिनी कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई थी। बतौर हीरोइन काम करने के बाद, उन्होंने कई फिल्मों में मां के भी यादगार किरदार निभाए थे।

### 3 दशक तक सबसे महंगी एक्ट्रेस रहीं

कामिनी कौशल 1940 के दशक और उसके बाद 60 के दशक तक, बॉलीवुड की सबसे महंगी एक्ट्रेस रही हैं। साल 1956 में उन्हें 'बिराज बहू' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जबकि 2015 में फिल्मफेयर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। साल 2020 में आई शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' के लिए कामिनी कौशल को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का फिल्मफेयर नॉमिनेशन भी मिला था।

### शाहरुख और आमिर के साथ किया काम

हालांककि नब्बे के दशक और उसके बाद वह बहुत ज्यादा एक्टिव नहीं रहीं। फिर भी हाल के कुछ वर्षों में वह लागा चुनरी में दाग, चेन्नई एक्सप्रेस, कबीर सिंह और लाल सिंह चड्ढा में नजर आई थीं।



### राजेश संग 3, संजीव संग 2, मनोज संग 8 फिल्में

*उन्होंने राजेश खन्ना की तीन फिल्मों, दो रास्ते (1969), प्रेम नगर (1974), महा चोर (1976) में काम किया। जबकि संजीव कुमार के साथ अनहोनी (1973) और मनोज कुमार के साथ आठ फिल्मों शहीद, उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970), शोर (1972), रोटी कपड़ा और मकान (1974), संन्यासी (1975), दस नंबरी (1976) और संतोष (1989) में दिखाई दीं।*

### दिलीप कुमार संग रिश्ता

शहीद, नदिया के पार, शबनम और अर्जू जैसी फिल्मों में कामिनी और दिलीप साहब की जोड़ी को दर्शकों ने हमेशा पसंद किया। शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार उनसे बेहद प्रभावित हुए और दोनों एक-दूसरे के करीब आए। लेकिन, किस्मत ने उन्हें साथ नहीं आने दिया। कामिनी पहले ही अपनी दिवंगत बहन के पति से शादी कर चुकी थीं ताकि अपनी बहन के बच्चे की परवरिश हो सके। ऐसे में अपने घर-परिवार को छोड़ना उनके लिए संभव नहीं था। रिश्ते के खिलाफ उनके भाई का सख्त रुख भी बड़ा कारण बना। कहा जाता है कि कामिनी के भाई ने दिलीप साहब से साफ कह दिया था कि यह रिश्ता आगे नहीं बढ़ सकता। यह मोहब्बत अधूरी ही रह गई, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान कभी कम नहीं हुआ।

### 'नीचा नगर' से बॉलीवुड में कदम रखा

*कामिनी कौशल का जन्म 24 फरवरी, 1927 को ब्रिटिश भारत के लाहौर में हुआ था। वह दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थीं। उनके पिता लाहौर स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में बॉटनी के प्रोफेसर थे। वह प्रोफेसर शिव राम कश्यप की पुत्री थीं, जिनहें भारतीय वनस्पति विज्ञान का जनक माना जाता है। कामिनी कौशल ने साल 1946 में फिल्म 'नीचा नगर' से बॉलीवुड में कदम रखा था। यह पहली भारतीय फिल्म बनी, जिसने कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता और पाल्मे डी'ओर पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म बनी रही।*

### उनकी चर्चित फिल्में

*कामिनी कौशल की सबसे चर्चित फिल्मों की बात करें तो दो भाई (1947), शहीद (1948), नदिया के पार (1948), जिद्दी (1948), शबनम (1949), पारस (1949), नमूना (1949), आरजू (1950), झांझर (1953), आबरू (1956), बड़े सरकार (1957), जेलर (1958), नाइट क्लब (1958) और गोदान (1963) उनके कॅरियर की सबसे बेहतरीन फिल्में मानी जाती हैं। साल 1965 में आई शहीद में उनके किरदार की खूब तारीफ हुई।*

## खबर संक्षेप



### रथिका ने जीता बोंडी ओपन स्क्वाश का खिताब

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन ने सिडनी में बॉन्डी ओपन के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मेडन ली कोए को 3-0 से हराकर अपने कॅरियर का दूसरा पीएसए खिताब जीता। रथिका ने न्यूजीलैंड की मेडन ली के खिलाफ एक भी गेम नहीं गंवाया और 11-7, 11-6, 11-7 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी का यह साल का तीसरा चैलेंजर फाइनल था। एनएसडब्ल्यू ओपन में उपविजेता रहने के बाद यह उनका इस हफ्ते का दूसरा टूर्नामेंट था।

### बांग्लादेश ने आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराया



**सिलहट।** सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय (171 रन) और कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (100 रन) के शतकों की बदौलत बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हरा दिया। जॉय के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और शांटो के सैकड़े की बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 587 रन के स्कोर पर पहली पारी घोषित की। आयरलैंड पहली पारी में 286 रन पर ढेर हो गया। बांग्लादेश को दूसरी बार बल्लेबाजी के लिए उतारने के लिए के लिए आयरलैंड को 301 रन बनाने थे। लेकिन आयरलैंड की टीम चौथे दिन दूसरे सत्र में दूसरी पारी में 254 रन पर आउट हो गई, जिसमें उसके लिए एंडी मैकब्राइन ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आयरलैंड ने पहली पारी में कप्तान एंडी बालबर्नी के शून्य पर आउट होने के बाद पॉल स्टर्लिंग और कैड कारमाइकल के अर्धशतकों से पहली पारी में 286 रन बनाए। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट अगले बुधवार से ढाका में शुरू होगा।

### पीसीबी ने ठुकराया बांग्लादेश बोर्ड का निमंत्रण

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दिसंबर में श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेने के बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीबी अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करना चाहता था, लेकिन खिलाड़ियों के कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए पीसीबी को इस प्रस्ताव को ठुकराना पड़ा। अधिकारी ने कहा, 'हमने पहले ही बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी हारिस रऊफ, शादाब खान को दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में भाग लेने के लिए एनओसी की अनुमति दे दी है।

### जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए रोहित बने कप्तान

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान के हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है। कोच श्रीजेश ने कहा, 'हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है।'

# आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो को रेड कार्ड, विश्व कप खेलने पर मंडराया प्रतिबंध का खतरा



एजेंसी ▶▶| डबलिन

पुर्तगाल के लंबे समय के करिश्माई खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओशे को कोहनी मारने के लिए रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद मैदान से बाहर जाने को कहा गया।

इसके परिणामस्वरूप, अगर पुर्तगाल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर भी लेता है, तो 40 वर्षीय रोनाल्डो पर विश्व कप के पहले मैच के लिए प्रतिबंध लगने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

#### फ्रांस ने किया फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई



#### हिंसक आचरण के लिए लग सकता है तीन मैचों का बैन

पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, इसके जज से समूह को 'गंभीर बेईमानी' के लिए कम से कम दो मैचों का प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'हिंसक आचरण' के लिए कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध शामिल है। कोहनी मारने को अगर हिंसक माना गया तो

#### रेफरी ने दिखाया था पहले पीला कार्ड

फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता। अवीवा स्टेडियम में लगभग एक घंटे के खेल के बाद जब आयरलैंड 2-0 की आश्चर्यजनक बढ़त बनाए हुए था तब रोनाल्डो ने अपनी दाहिनी कोहनी ओशे की पीठ पर मार दी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे रेड कार्ड में बदल दिया। आयरलैंड के प्रशंसकों के हूटिंग किए जाने के बाद रोनाल्डो ने मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर देखा। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में ताली बजाई और व्यंग्यात्मक अंदाज में दोनों हाथों के अंगूठे दिखा। रोनाल्डो फरवरी में 41 साल के हो जाएंगे और उनका लक्ष्य रिकॉर्ड छठे विश्व कप टूर्नामेंट में खेलने का है।

## कोलकाता टेस्ट पहला दिन : भारत ने की अपनी स्थिति मजबूत

# बुमराह की धारदार गेंदबाजी, द.अफ्रीका को पहली पारी में 159 रन पर समेटा

### 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने 16वीं बार झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बनाकर साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अपना 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने पारी में 16वीं बार पांच विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के सर्वोच्च स्कोरर एडेन मारक्रम (31) और रियान रिकेलटन (23) को चलता कर शुरुआती झटके देने के बाद शानदार लय में चल रहे टोनी डि जोर्जी (24) को पगबाधा किया। बुमराह ने चाय के विश्राम के बाद साइमन हार्मर (पांच) और केशव महाराज को पवेलियन की राह दिखाकर अपने पांच विकेट पूरे किए। बुमराह को कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) को अच्छा साथ मिला जबकि अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक सफलता हासिल की।



#### घरेलू सरजमीं पर जसप्रीत ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट

2016 में बुमराह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से भारत में तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवधि में बुमराह सबसे आगे हैं, जिन्होंने घरेलू मैदान पर 151 अंतरराष्ट्रीय विकेट झटके हैं। मोहम्मद शमी 132 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी उमेश यादव ने 96 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज ने 79 विकेट चटकाए हैं।

#### पहले दिन बुमराह ने किया कमाल

दक्षिण अफ्रीका का खिलाफ बुमराह ने अपने स्पेल में 27 रन दिए और आधी टीम को अकेले आउट कर दिया। इस तरह वो पिछले 17 सालों में किसी टेस्ट मैच के पहले दिन 5 बैटर्स को आउट करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने हैं। आखिरी बार किसी टेस्ट मैच के पहले दिन किसी गेंदबाज ने 5 विकेट लिए थे, तो वो डेल स्टेन थे। स्टेन ने 8 ओवरों में 23 रन दिए थे और साल 2008 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए थे।

#### इन गेंदबाजों ने बुमराह से पहले लिए थे 5 विकेट

बता दें कि 22 नवंबर साल 2019 में इशांत शर्मा ने 12 ओवरों में 22 रन देकर 5 विकेट लिए थे। ये टेस्ट कोलकाता में पिंक बॉल से खेला गया था। वहीं अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने बेंगलुरु टेस्ट में भारत के 5 बैट्रस को आउट किया था। वहीं बुमराह के 5 विकेट उनके टेस्ट करियर का 16वां 5 विकेट हॉल है। अब तक सिर्फ 4 गेंदबाजों ने बुमराह से ज्यादा टेस्ट में 5 विकेट हॉल लिए हैं। भारत- साउथ अफ्रीका टेस्ट में जिन सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाजों में फिलहाल डेल स्टेन सबसे आगे हैं।

#### मारक्रम ने 23 गेंद खेलने के बाद खोला खाता

*दक्षिण अफ्रीका ने इससे टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और मारक्रम ने रिकेलटन के साथ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मारक्रम को खाता खोलने में 23 गेंद लग गए लेकिन उन्होंने शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पटेल के खिलाफ बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से शानदार लेट कट खेला। उन्होंने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ कलाई का इस्तेमाल करते हुए मिड-विकेट पर शानदार छक्का जड़ा। दूसरी तरफ रियान रिकेलटन ने 22 गेंदों पर चार चौकों और 23 रन की आक्रामक पारी के साथ भारत परेशान करना शुरू कर दिया था।*

## एशियाई चैंपियनशिप

# भारत का बोलबाला, अंकिता और धीरज ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया।

अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा।

#### अंकिता ने सेमीफाइनल में दीपिका कुमारी को हराया

अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था, जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं। अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं। लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज़ ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

■ अंकिता ने उलटफेर करते हुए सुहयोन को हराया

#### धीरज ने चैहवान को हराया

पुरुषों के वर्ग में धीरज ने 33 वर्षीय अनुभवी जंग चैहवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में धीरज ने पहला सेट एक अंक से गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। उन्होंने तीसरा सेट 29-27 से जीतकर स्कोर 4-2 कर दिया। फिर 10 अंक की एक और हैट्रिक लगाकर स्वर्ण पदक पक्का किया।

## एटीपी फाइनल्स

# अल्काराज का दबदबा कायम मुसेट्टी को 6-4, 6-1 से हराया



एजेंसी ▶▶| तूरिन

कार्लोस अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स के ग्रुप मुकाबले में इटली के लोरोंजो मुसेट्टी को हराकर साल का अंत शीर्ष रैंकिंग के साथ करने को पक्का कर लिया। स्पेन के अल्काराज ने सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के अपने मुकाबले को एकतरफा अंदाज में 6-4, 6-1 जीतकर दबदबा कायम किया। अल्काराज को शीर्ष आठ खिलाड़ियों के टूर्नामेंट एटीपी फाइनल्स के ग्रुप चरण के इस मैच से पहले यानिस सिनर को शीर्ष रैंकिंग से हटाने के लिए जीत की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करने के लिए 90 मिनट से भी कम का समय लिया। बाईस बरस का यह खिलाड़ी 2022 में 19 साल की उम्र में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बना था। अल्काराज के सामने अब सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर-एलियासेम के बीच होने वाले मैच के विजेता की चुनौती होगी। अल्काराज की इस जीत से 'जिम्मी कॉर्नर' ग्रुप से एलेक्स डि मिनौर का सेमीफाइनल में पहुंचना भी तय हो गया। डी मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में सिनर के साथ मुकाबला तय किया।

### नागल को मिला चीन का वीजा खेलेंगे ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को 24 नवंबर से चेंगदू में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ के लिए आखिरकार चीन जाने का वीजा मिल गया है। नागल ने गुरुवार को साई (भारतीय खेल प्राधिकरण), विदेश मंत्रालय, चीन के राजदूत और भारत में चीन दूतावास की प्रवक्ता को टैग करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ' समय पर वीजा दिलाने में त्वरित मदद के लिए लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।' हरियाणा के झज्जर के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को बिना किसी स्पष्टीकरण के अपना वीजा आवेदन खारिज होने के बाद चीन दूतावास से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बाद में कहा कि चीन भारत सहित सभी देशों के खिलाड़ियों को कानूनों और नियमों के अनुसार वीजा जारी करता है। प्लेऑफ प्रतियोगिता क्षेत्रीय खिलाड़ियों को 2026 ऑस्ट्रेलिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने का रास्ता प्रदान करती है।

### केकेआर के गेंदबाजी कोच बने साउथी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर टिम साउथी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। साउथी ने 107 टेस्ट मैचों, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और 776 विकेट लिए हैं। साउथी अपने खेल करियर के दौरान आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (2021, 2022, 2023) का हिस्सा रहे हैं। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने कहा, 'केकेआर मुझे हमेशा घर जैसा लगा है और इस नई भूमिका में वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस फ्रैंचाइजी की संस्कृति अद्भुत है, प्रशंसक जुनूनी हैं और खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है।



# शतरंज विश्व कप में एरिगैसी अरोनियन की हाई-वोल्टेज भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| पणजी

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का सामना फिडे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार फॉर्म में चल रहे आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन से होगा, जबकि पी हरिकृष्णा कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले मैक्सिको जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा से भिड़ेंगे। टाई-ब्रेक के पहले मुकाबले में हंगरी के पीटर लेको को 2-0 से हराने वाले एरिगैसी की अच्छी रेटिंग के बावजूद आरोनियन के खिलाफ उनका मुकाबला बराबरी को होगा क्योंकि आर्मेनिया का यह खिलाड़ी शानदार लय में चल रहा है। हरिकृष्णा के सामने जोस मार्टिनेज की कड़ी चुनौती होगी। मार्टिनेज ने टूर्नामेंट में अपने से उच्च रैंकिंग वाले कई खिलाड़ियों को मात दी है।

■ हरिकृष्णा के सामने मार्टिनेज की कड़ी चुनौती



#### हरिकृष्णा ने मार्टिनेज के खिलाफ नहीं खेला क्लासिकल प्रारुप

हरिकृष्णा ने बताया कि उन्होंने मैक्सिको के इस खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल प्रारुप में कभी नहीं खेला है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद कुछ ब्लिट्ज मुकाबलों में मैंने उनका सामना किया है लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले कभी उसके साथ खेला (क्लासिकल प्रारुप में) है। चौथे चरण के टाईब्रेकर में डेनियल दुबई के हाथों आर प्रज्ञानानंदा के भी बाहर हो जाने के बाद अब हरिकृष्णा और एरिगैसी पर भारतीय चुनौती बनाए रखने का दारोमदार है। इस टूर्नामेंट से अगले कैंडिडेट्स के लिए शीर्ष तीन स्थान आरक्षित हैं और प्रज्ञानानंदा के अलावा कोई अन्य भारतीय अभी तक अगले कैंडिडेट्स में जगह नहीं बना पाया है।

### विवाह बंधन में बंधी पहलवान पूजा ढांडा

**हिसार।** अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान पूजा ढांडा ने एक निजी रिसॉर्ट में विवाह के बंधन में बंध गईं। हिसार के सुंदर नगर निवासी पूजा ने जिले के घिराय गांव के व्यवसायी अभिषेक बूरा से शादी की। बुडापेस्ट में 2018 विश्व चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता, पूजा ने 2010 युवा ओलंपिक और 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा 2014 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। वह वर्तमान में हिसार के महावीर स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग में वरिष्ठ कुश्ती कोच के रूप में कार्यरत हैं।



VEHICLE AVAILABLE for SALE
Vehicle - SML ISUZU SARTAJ MP20-GB-2289 Model 2018
Vehicle:- Maruti Celerio VXI MP20-ZR-9467 Model 2024
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

## जापान मास्टर्स में सिंगापुर के कीन को 21-13, 21-17 से हराया

# लक्ष्य ने किया उलटफेर, सेमीफाइनल में मारी एंट्री

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 10 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया।

#### सेन का 4 लाख 75 हजार डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



#### सिंगापुर खिलाड़ी पर बनाया दबदबा

लोह ने दूसरे गेम में अच्छी वापसी की और शुरुआत में सेन के साथ 9-9 की बराबरी पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा कायम करते हुए स्कोर को 15-9 कर ली। सिंगापुर के खिलाड़ी ने अंतर को 17-18 कर दिया लेकिन लक्ष्य ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए गेम के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

#### अब निशिमोतो से मुकाबला

इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के अलावा डेनमार्क और हाइलो ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे लक्ष्य ने इस दौरान अपने खेल में शानदार नियंत्रण दिखाकर दबदबा कायम किया। शुरुआती गेम में दोनों 4-4 से बराबरी पर थे, लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-8 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद उन्होंने लगातार छह अंक हासिल किए और 18-9 की बढ़त बनाने के बाद आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय- साउथ एवेन्यू मॉल के सामने ग्वारीघाट रोड, पोली पाथर, जबलपुर म. प्र.
लीज पर परिसर हेतु निविदा का आमंत्रण
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को कटनी जिला केअंतर्गत शाखा मुरवारी एवं मंडला जिला के अंतर्गत शाखा चाबी के लिये, पर्याप्त पार्किंग युक्त-मेन रोड पर स्थित ,विशेषत: भूतल पर स्थित ऐसे व्यावसायिक परिसर की आवश्यकता है जो कब्जे हेतु तैयार हो । दलालों अथवा मध्यस्थों से प्राप्त प्रस्ताव विचारणीय नहीं होंगें। सरकारी/ अर्धसरकारी निकायों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से प्राप्त प्रस्तावों को वरीयता दी जाएगी। इस संबंध में फार्मेट/नियमों एवं शर्तों को हमारी वैबसाइट (www.centralbankofindia.bank.in) से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की क्षेत्रीय कार्यालय परिसर तृतीय तल,साउथ एवेन्यू मॉल के सामने, पोलिपथार-ग्वारीघाट रोड, जबलपुर 482001 से कार्यालय समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 08/12/2025 की सांय 5.00 बजे तक है। नये शाखा हेतु प्रस्तावित स्थान एवं विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | स्थान/Location | वर्गीकरण | जिला पिनकोड | EMD DD (Rs.) | Carpet Area |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुरवारी | ग्रामीण | कटनी | 10,000/- | 800 to 1000 sqft.) |
| 1. | चाबी | ग्रामीण | मंडला | 10,000/- | 800 to 1000 sqft.) |

Date - 15/11/2025
क्षेत्रीय प्रमुख - कृते सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर




## हाईकोर्ट ने आरोपियों को उम्रकैद की सजा से किया बरी

# बिना सबूत मृत्यु-पूर्व घोषणा है गैरकानूनी

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि मृत्यु-पूर्व मौखिक घोषणा कानून की नजर में वैध नहीं है। मृत्युकालिक कथन का कोई पुष्टिकारक साक्ष्य नहीं है। इसलिए कानून की दृष्टि में दोषसिद्धि को बरकरार नहीं रखा जा सकता। जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस एके सिंह की खंडपीठ ने पाया कि परिस्थितिजनक साक्ष्यों की कड़ी पूरी नहीं है।चक्षुदर्शी साक्ष्य भी नहीं हैं। इसलिए कोर्ट ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा से दंडित पति-पत्नी तथा देवर को बरी कर दिया।



ग्राम ताखुली जिला अनूपपुर निवासी पिंकी यादव, उसके पति रमाकांत यादव और देवर मिंटू उर्फ़ घनश्याम ने हत्या के मामले में अनूपपुर न्यायालय द्वारा सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को हाईकोर्ट में अपील की जरिए चुनौती दी थी। उनकी ओर से एडवोकेट ब्रह्मेंद्र पाठक ने कोर्ट में तर्क दिए कि देवेन्द्र जायसवाल ने अपने मृत्यु पूर्व बयान में बताया था कि लूट के उद्देश्य से उस पर पांच व्यक्तियों ने हमला किया था। घटना 30 मई 2019 की रात को हुई थी और घायल देवेन्द्र को उपचार के लिए जबलपुर में भर्ती करवाया गया था। घटना के पांच दिन बाद 4 जून को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उपचार के दौरान 14 जून को देवेन्द्र की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के भांजे ने पुलिस को बताया कि देवेन्द्र ने उसे बताया था कि अपीलकर्ताओं सहित दो अन्य व्यक्तियों ने उस पर हमला किया था। इसके आधार पर जिला न्यायालय ने आरोपियों को सजा से दंडित किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्य श्रृंखला पूरी नहीं है। अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों में महत्वपूर्ण विरोधाभास और चूक है। एफआईआर या सीआरपीसी की धारा 161 के तहत प्रारंभिक बयानों में आरोपियों के नाम नहीं थे। तथाकथित मौखिक मृत्यु-पूर्व घोषणा भी कानून की नज़र में स्वीकार्य नहीं है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जिला न्यायालय के आदेश को निरस्त कर दिया।

### *सिविल कोर्ट में विवाद के अंतिम निराकरण तक कब्रिस्तान और मस्जिद की जमीन के स्थानांतरण पर रोक बरकरार- हाईकोर्ट का निर्देश*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कहा है कि सिविल कोर्ट में लंबित विवाद के अंतिम निराकरण तक कब्रिस्तान और मस्जिद की जमीन के स्थानांतरण पर रोक बरकरार रहेगी। इस निर्देश के साथ जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने एक याचिका का पटाक्षेप कर दिया। मामला घंटाघर रोड स्थित मासूम का बाड़ा का है। जबलपुर निवासी सैयद शाहरुख जाफरी की ओर से अधिवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि घंटाघर रोड स्थित मासूम का बाड़ा स्थित कुछ जमीन याचिकाकर्ता के पूर्वजों की है। उसी से लगी 1.670 वर्ग फुट एक मस्जिद और 1.270 वर्ग फुट जमीन कब्रिस्तान की है। दलील दी गई कि कुछ लोग कब्रिस्तान और मस्जिद की जमीन बेच रहे हैं और अतिक्रमण कर रहे हैं। इस जमीन का मामला सिविल कोर्ट जबलपुर में लंबित है। हाईकोर्ट ने वर्ष 2003 में इस मामले में दोनों पक्षों को स्थगन दिया है। याचिका में मांग की गई कि रजिस्ट्रार व सब रजिस्ट्रार को जमीन के हस्तांतरण से रोका जाए। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि विवाद के अंतिम निराकरण तक जमीन के हस्तांतरण पर रोक बरकरार रहेगी।

## बेसहारा मवेशियों के मामले में आंकड़े पेश करने सरकार को मोहलत

### हाईकोर्ट ने कहा : अगली सुनवाई से पहले पेश करें रिपोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बेसहारा मवेशियों के मामले में आंकड़े पेश करने सरकार को मोहलत दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने अगली सुनवाई से पूर्व रिपोर्ट पेश करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के मामले में सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन किस तरह हो रहा है, इसे लेकर सरकार की ओर से जवाब के लिए मोहलत चाही गई। कोर्ट के समक्ष शासन की ओर से कहा गया कि गोशालाओं और नगरपालिका अधिकारियों से आकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। जिन्हें पेश करने उन्हें कुछ मोहलत दी जाए। कोर्ट ने मांग स्वीकार कर मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को निर्धारित करते हुए उससे पूर्व विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दे दिए। जबलपुर गोकलपुर निवासी बृजेन्द्र लक्ष्मी यादव सहित अन्य की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है न्यायालय ने पूर्व में जानना चाहा था कि प्रदेश के भोपाल, इन्दौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन सहित अन्य जिला मुख्यालयों की सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा मवेशियों को लेकर क्या नीति है। यदि मवेशियों को जानबूझकर खुला छोड़ा जाता है तो क्या उसके मालिक पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसी संबंध में सरकार की ओर से समय मांगा गया।

### हाई कोर्ट का आदेश

# मुख्यमंत्री कोविड योद्धा योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जाए

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने विशेष सशस्त्र बल में आरक्षक के परिजनों को मुख्यमंत्री कोविड योद्धा योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान करने का आदेश पारित किया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके तहत याचिकाकर्ता के आवेदन पर 90 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए ह। याचिकाकर्ता राजा बेटी की ओर से अधिवक्ता संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता का पति जहां सिंह 13 वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल, ग्वालियर में कांस्टेबल था, जिसे आर्थिक अपराध शाखा के कार्यालय में हथियार और गोला-बारूद की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। 26 नवंबर 2020 को कोविड के कारण मृत्यु हो गई थी। लिहाजा, मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना अंतर्गत पात्रता की तिथि से वास्तवित भुगतान तक नौ प्रतिशब वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान होना चाहिए। लेकिन आवेदन बेवजह लंबित रखा गया है। जबकि मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना की नियमावली के अनुसार इस तरह विलंब नहीं किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के हक में आदेश पारित कर दिया।

### पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी और सतना स्टेशनों से गुजरेगी ट्रेन

# एरणाकुलम से बरौनी के लिए वन-वे स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर।** अतिरिक्त यात्री भीड़ और यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा समय-समय पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इसी क्रम में दक्षिण रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 06195 एरणाकुलम जंक्शन – बरौनी जंक्शन के बीच एक तरफा (वन-वे) स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन 15 नवम्बर 2025 को एक विशेष ट्रिप के रूप में चलाई जाएगी, जो पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 06195 एरणाकुलम–बरौनी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन प्रस्थान : एरणाकुलम जंक्शन, 15 नवम्बर 2025, सायं 16:00 बजे। आगमन : बरौनी जंक्शन, 18 नवम्बर 2025, सुबह 07:00 बजे। यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में निम्न स्टेशनों पर रुकेगी—



आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जंक्शन, पोत्तनूर जंक्शन, तिरुप्पूर, इरोड, सेलम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, रेणुगुंटा, गुडुर, नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्लारशाह, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा सहित अन्य स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।



## मीमांषा दुबे पहले ही प्रयास में बनीं युवा सिविल जज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा में इस वर्ष एक प्रेरणादायक उपलब्धि दर्ज हुई है। शहर की प्रतिभाशाली छात्रा मीमांषा दुबे ने अपने पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए मध्यप्रदेश की सबसे युवा सिविल जज बनने का गौरव प्राप्त किया है। मीमांषा दुबे, आशा दुबे एवं शिवकुमार दुबे (एडवोकेट, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय) की सुपुत्री हैं। उनके दादा-दादी कुसुमकली दुबे एवं मानेश्वर प्रसाद दुबे (सेवानिवृत्त प्राचार्य) हैं, जिन्होंने सदैव शिक्षा के मूल्य और अनुशासन की प्रेरणा दी। शैक्षणिक उपलब्धियों की बात करें तो मीमांषा ने वर्ष 2023 में स्नातक तथा वर्ष 2025 में स्नातकोत्तर (एल.एल.एम.) की उपाधि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से प्राप्त की है, जहाँ वे विश्वविद्यालय टॉपर भी रहीं। सबसे खास बात यह है कि मीमांषा दुबे ने बिना किसी कोचिंग के यह कठिन परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने यह सफलता केवल भगवान के आशीर्वाद, निरंतर परिश्रम, धैर्य और अपने परिवार के सहयोग से प्राप्त की है। उनकी सफलता से न केवल परिवार, बल्कि सम्पूर्ण शहर गौरवान्वित हुआ है। युवा वर्ग के लिए मीमांषा दुबे एक प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। मीमांषा की इस उपलब्धि पर शहर के सामाजिक, शैक्षणिक और विधिक समुदाय द्वारा हार्दिक शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240